खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 55 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

# मुंबई हमले का जवाब देना चाहती थी सेना, कांग्रेस ने विदेशी दबाव में रोका

**मुंबई, वार्ता**



- कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे: प्रधानमंत्री
- पीएम ने केंद्र की मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया

**प्रधानमंत्री मोदी** ने बुधवार को कहा कि 2008 में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे।

उन्होंने कहा कि हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थी, लेकिन सरकार ने विदेशी दबाव में ऐसा नहीं करने दिया। उन्होंने यह बात नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज के उद्घाटन के दौरान कही। पीएम ने मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया। 30 सितम्बर को चिदंबरम ने कहा था कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। पीएम ने 22 मिनट की स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी रिफॉर्म और विकसित भारत का जिक्र किया। पीएम बुधवार को दो दिन के दौरे पर मुंबई पहुंचे। गुरुवार को वे ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से मिलेंगे। साथियों मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के साथ सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है। 2008 में आतंकियों ने भी मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। तब की कांग्रेस सरकार ने कमजोरी का मैसेज दिया। आतंकियों के सामने घुटने टेके। हाल ही में कांग्रेस के बड़े नेता और जो देश के गृह मंत्री तक रह चुके हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन उस नेता की माने तो किसी दूसरे देश के दबाव के कारण कांग्रेस सरकार ने भारत की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोका। गरीब हो मिडिल क्लास हो इनका सशक्तीकरण आज देश की प्राथमिकता है। इन परिवारों को सुविधा-सम्मान देना, उनका सामर्थ्य बढ़ाता है। जीएसटी रिफॉर्म से जो चीजे सस्ती हुईं उससे भी देश का सामर्थ्य बढ़ा है। नवरात्रि में बिक्री के कई साल के रिकॉर्ड टूटे, मेरा आग्रह है कि गर्व से कहो हम स्वदेशी हैं, स्वदेशी को अपनाएं। स्वदेशी को अपनाएं। हर घर-बाजार का यही मंत्र होना चाहिए।

# आजम खां के दर पहुंचे अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** सपा मुखिया अखिलेश यादव बुधवार को आजम खां से मिलने उनके घर पहुंचे। अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर बुधवार को लगभग 1.00 बजे जौहर यूनिवर्सिटी उतरा।

आजम खां ने अखिलेश यादव का स्वागत किया, इसके बाद आजम खां अखिलेश यादव एक गाड़ी में बैठकर आजम खान के घर पहुंचे, जहां लगभग 2 घंटे तक आजम और अखिलेश की मुलाकात चली, इसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पुराने लोग, पुराने समाजवादी जो नेताजी के साथ के हैं और जो नेता जी के साथ हैं, उनकी बात ही अलग होती है। उन्होंने कहा 2027 में सरकार बनने जा रही है और पीडीए की आवाज बुलंद होगी। अखिलेश ने कहा कि आज मैं आजम खां साहब का हाल जानने आया था, क्योंकि मैं जेल में मिलने नहीं पहुंच पाया था और अब हम लगातार मिलते भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो सुप्रीम कोर्ट में हुआ है यह समाज में कहीं ना कहीं एक संदेश जा रहा है, यह पीडीए के लोग कहीं बैठे हों, जीवन में कहीं न कहीं अपमानित होते है, यह मैं पहली बार नहीं कह रहा हूं, एक बार विधानसभा में मैंने यह बात उठाई थी, जो पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक मुसलमान भाई, आदिवासी जो पीडीए परिवार है जो एक सूत्र में बना हुआ है, अपनी पीड़ा से वह अपमान महसूस करता है और इस सरकार में अपमानित हो रहा है। अखिलेश से नाराजगी को लेकर आजम खां ने मीडिया से कहा कि यह सूचना मिली कहां से, आपको कि मैं अखिलेश से नाराज हूं, अखिलेश ने कहा कि आजम खां समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं, इनकी गहरी जड़ें हैं। अखिलेश ने कहा कि आजम खां पर जितनी भी झूठे मुकदमे लगे हैं, वह सब सपा सरकार में वापस लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आजम खां यूनिवर्सिटी में अच्छा काम कर रहे हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### धार्मिक पुस्तक के अपमान के आरोप में एक गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने सांबा जिले में एक धार्मिक पुस्तक के अपमान के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को यहां बताया कि सांबा जिले के राम कौलपुर निवासी मंजीत सिंह उर्फ बिल्ला नामक व्यक्ति को एक धार्मिक पुस्तक को जलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### आजम से मुलाकात अखिलेश की सियासी मजबूरी : राजभर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कबीना मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि जेल से जमानत पर छूटे आजम खान से मुलाकात करना सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की राजनीतिक मजबूरी है। जेल में रहने के दौरान 23 महीने तक अखिलेश ने आजम से एक बार भी मिलने नहीं गए, लेकिन जेल से बाहर आने के बाद उन्हें याद आ गए।

### एसआईए की कश्मीर में छापेमारी जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) आतंकवाद से जुड़े एक मामले में कश्मीर के कई जिलों में छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की सहायता से एसआईए की टीमों ने आज सुबह कई जगहों पर एक साथ तलाशी शुरू की। ये छापेमारी आतंकवाद से जुड़े एक मामले की चल रही जांच का हिस्सा हैं। अभी तक किसी को हिरासत में लिए जाने की सूचना नहीं है।

## वैष्णो देवी यात्रा तीन दिन के बाद बहाल

**जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण तीन दिनों तक स्थगित रहने के बाद श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा आज फिर से बहाल हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के बाद रोकी गई यात्रा बुधवार सुबह फिर से शुरू हो गई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने भी एक्स पर पोस्ट किया कि जैसा कि पहले ही सूचित किया जा चुका है, सभी यात्रा पंजीकरण काउंटर 08 अक्टूबर 25 को सुबह 6 बजे से चालू रहेंगे। पोस्ट में आगे लिखा गया कि श्रद्धालुओं को सलाह दी जाती है कि वे आगे की जानकारी के लिए आधिकारिक संचार माध्यमों के माध्यम से अपडेट रहें। मौसम विभाग द्वारा पांच से सात अक्टूबर तक जारी खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा तीन दिनों के लिए स्थगित रही। इस बीच मौसम में सुधार होने पर हेलीकॉप्टर सेवा भी सुचारू रूप से जारी है।

श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा भारी बारिष्ठ के कारण 26 अगस्त को स्थगित कर दी गई थी। 26 अगस्त को अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर तीर्थयात्री थे और कई घायल हो गए।

## एयर इंडिया का ताइवान की एयरलाइंस से इंटरलाइन करार

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने ताइवान की स्टारलक्स एयरलाइंस से इंटरलाइन भागीदारी का करार किया है।

एयर इंडिया ने बुधवार को बताया कि इस समझौते से उसके यात्रियों के लिए एक ही टिकट पर एयर इंडिया और स्टारलक्स की उड़ानों से ताइपेई की यात्रा संभव हो सकेगी। यात्रियों के पास एयर इंडिया की उड़ान से हांगकांग, बैंकॉक, सिंगापुर या क्वालालम्पुर जाकर वहां से स्टारलक्स की उड़ान से ताइपेई जाने का विकल्प होगा। उन्हें एक ही टिकट लेनी होगी। इन्हीं केंद्रों के माध्यम से स्टारलक्स के ग्राहक एयर इंडिया की उड़ानों से एक ही टिकट पर भारत आ सकेंगे।

# यूपी में अपनी खोई जमीन तलाशेंगी मायावती

## आज लखनऊ मे होगा कांशीराम की पुण्यतिथि पर शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ इस महापर्व में बसपा के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को शक्ति प्रदर्शन के जरिये 2027 विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के खोए जनाधार को वापस पाने की संभावनाएं तलाशेंगी।

कांशीराम की पुण्यतिथि में भाग लेने के लिए बसपा कार्यकर्ता मंगलवार से ही लखनऊ पहुंचने लगे हैं। सभी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि पार्टी प्रमुख मायावती कांशीराम स्मारक परिसर से 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए किस रणनीति और जीत के फॉर्मूले का अनावरण करेंगी। इस महापर्व में बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद की मौजूदगी ने पार्टी समर्थकों के उत्साह को और बढ़ा दिया है। दरअसल 2012, 2017 और 2022 के लगातार विधानसभा चुनावों के साथ-साथ 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में हार के बाद बसपा प्रमुख एक जीत के फॉर्मूले की तलाश में हैं, ताकि राज्य की राजनीति में अपना वर्चस्व स्थापित कर सकें। 2012 में राज्य की सत्ता गंवाने के बाद, मायावती विधानसभा और लोकसभा चुनावों में विभिन्न जातिगत समीकरणों पर काम कर रही हैं, लेकिन इससे बसपा के लिए सत्ता का रास्ता साफ नहीं हो पाया है। बल्कि, लगातार चुनावों में बसपा का समर्थन आधार और वोट शेयर घटता ही जा रहा है।

### सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को जिंदा करेगी बसपा

**लखनऊ।** लंबे अंतराल के बाद बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती एक बार फिर गुरुवार को पार्टी के समर्थकों से रूबरू होंगी। इस दौरान मायावती शक्ति प्रदर्शनन के जरिये बसपा को बी टीम बताने वाले विपक्ष को न केवल अपनी ताकत का अहसास कराएंगी, बल्कि मिशन 2027 का आगाज भी करेंगी। सर्वजन सुखाय- सर्वजन हिताय को लेकर मान्यवर कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती एक बार फिर से रैली के जरिये सोष्ठाल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर चलते हुए मतदाताओं के बीच पहुचने की कोशिश करेंगी।

## रायबरेली में दलित की हत्या पर राहुल गांधी और खड़गे का हमला

# मॉब लिंचिंग व बुलडोजर आज की पहचान

**नई दिल्ली, वार्ता**





रायबरेली में एक दलित की हत्या को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने कहा है कि 2014 के बाद से मॉब लिंचिंग, बुलडोजर अन्याय और भीड़तंत्र आज की पहचान बन चुकी हैं। कांग्रेस के दोनो नेताओं ने दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की हत्या को इंसानियत और संविधान की हत्या बताया है।

राहुल गांधी ने लिखा कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं, इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। वह लिखते हैं कि देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने। मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश संविधान से चलेगा, भीड़ की सनक से नहीं। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम और क्रूर हत्या की कांग्रेस पार्टी कड़ी से कड़ी निंदा करती है। हमारे देश में एक संविधान है, जो हर इंसान को समानता के भाव से पहचानता है, एक कानून है, जो हर नागरिक की सुरक्षा, उसके अधिकार और उसकी अभिव्यक्ति को समान दर्जा देता है। जो रायबरेली में हुआ, वह इस देश के संविधान के प्रति घोर अपराध है, दलित समुदाय के प्रति अपराध है और इस देश व समाज पर कलंक है। चाहे हाथरस और उन्नाव में महिलाओं के खिलाफ अपराध हों, रायबरेली में हरिओम की हत्या कुछ समय पहले रोहित वेमुला की संस्थागत हत्या। मध्य प्रदेश में एक नेता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की अमानवीय घटना, ओडिशा और मध्य प्रदेश में दलितों की निर्मम पिटाई या फिर हरियाणा के पहलू खान और यूपी के अखलाक की हत्याप्रशासन और सत्ताधारी शक्तियों की बढ़ती संवेदनहीनता का दर्पण है। कांग्रेस पार्टी समाज के वंचित और कमजोर तबकों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। हम नागरिकों से आह्वान करते हैं कि वे इस अन्याय के विरुद्ध एकजुट हों। यह लड़ाई तब तक जारी रहनी चाहिए, जब तक हर भारतीय के अधिकारों और जीवन की गरिमा को पूर्ण सुरक्षा नहीं मिल जाती।

### मुख्य न्यायाधीश पर हमले के विरोध में पूरे यूपी में 'आप' करेगी प्रदर्शन

**लखनऊ।** भारत के मुख्य न्यायाधीष्ठा पर जूता फेंकने की घटना की भर्त्सना करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने 10 अक्टूबर को पूरे उत्तर प्रदेश में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। इस दौरान कार्यकर्ता राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर एक दलित के बेटे का बैठना भारतीय जनता पार्टी और उसके न्करती तंत्र को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। यही कारण है कि इस जघन्य कृत्य और उसके बाद सोशल मीडिया पर सीजेआई के खिलाफ फैलाए जा रहे घृणित अपमान को लेकर सरकार खामोश है। भारत के सीजेआई का अपमान हुआ है, क्योंकि आरएसएस और बीजेपी दलितों पिछड़ों आदिवासियों मुसलमानों से नफरत करती है।

## योगी ने राममंदिर पहुंच की ट्रस्ट के साथ मंत्रणा

**अयोध्या, वार्ता**



■ रामलला के दर्शन कर की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या में रामलला का दर्शन पूजन अर्चन करने के बाद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के अंदर बने आदित्य भवन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासर्.चव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र एवं राममंदिर प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव एवं प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व पर्यटन संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की मौजूदगी में मंत्रणा की। उन्होंने श्रीराम मंदिर ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अयोध्या आगमन पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर निर्धारित समय पर रामकथा पार्क हेलीपैड पर उतरा जहां उनका स्वागत वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी पर माथा टेककर हनुमंत लला का दर्शन पूजन किया। हनुमानगढ़ी से मुख्यमंत्री का काफिला सुरक्षा घेरे में क्रॉसिंग 3 से राम मंदिर पहुंचा जहां उन्होंने विधि विधान से रामलला का दर्शन पूजन अर्चन किया और उपस्थित दर्शनार्थियों को अभिवादन कर श्रमिकों का हाथ उठाकर अभिनन्दन किया।

---

**सेंसेक्स** 81790.12
**निफ्टी** 25077.65

**सोना रु.** 121799
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

**चांदी रु.** 150783
प्रति किलो



## शेयर बाजार में थमी तेजी, सूचकांक लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



ऑटो, बैंकिंग तथा अन्य सेक्टरों में बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में पिछले चार दिन की तेजी पर बुधवार को ब्रेक लग गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 153.09 अंक की गिरावट के साथ 81,773.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 25,046.15 अंक पर आ गया। दिन भर के कारोबार में सेंसेक्स में 600 अंकों का उतार-चढ़ाव रहा। यह ऊपर 82,257.74 अंक और नीचे 81,646.08 अंक तक गया। आईटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली ज्यादा रही। ऑटो, फार्मा, बैंकिंग, रियलिटी, तेल एवं गैस सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। दिग्गज कंपनियों के मुकाबले दूसरी कंपनियों में अधिक गिरावट देखी गई। निफ्टी-100 में 0.34 प्रतिशत की गिरावट रही। मिडकैप-50 सूचकांक 0.74 फीसदी और स्मॉलकैप 0.52 फीसदी टूट गया। एनएसई में कुल 3,207 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,864 में गिरावट और 1,250 में तेजी रही, जबकि 93 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में 21 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 2.41 प्रतिशत गिर गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.91 प्रतिशत, बीईएल में 1.67 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.55 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.46 प्रतिशत, सनफार्मा का 1.37 प्रतिशत, एनटीपीसी का 1.30, पावर ग्रिड का 1.28, रिलायंस का 1.27, बजाज फिनसर्व का 1.17 और एशियन पेंट्स का 1.05 प्रतिशत टूट गया। भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी, हिंदुस्तान यूनीलिवर और एक्सिस बैंक भी दबाव में रहे। टाइटन में सबसे अधिक 4.38 प्रतिशत की तेजी देखी गयी। इंफोसिस का शेयर 2.67 फीसदी, टीसीएस का 1.78, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.34, टेक महिंद्रा का 1.17 और इटरनल का 1.10 प्रतिशत चढ़ गया।

भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस में भी तेजी रही। एशिया में जापान का निक्केई 0.45 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.48 प्रतिशत टूट गया। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.46 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.56 फीसदी की बढ़त में था।

## सोना और चांदी की कीमत में रिकॉर्ड उछाल

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। रोज नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार बुधवार दोपहर तक 24 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,21,799 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी की कीमत बढ़कर 1,50,783 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एमसीएक्स पर चांदी वायदा में भी जोरदार खरीदारी देखी गई। 2,387 रुपये या 1.63 प्रतिशत बढ़कर 1,48,179 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत उछलकर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि चांदी अपने अपने उच्चतम स्तर से 3,400 रुपये की गिरावट के साथ 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर आ गई। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 122,220, जयपुर में 122,270, कानपुर में 122,350, लखनऊ में 122,350, भोपाल में 122,450 , इंदौर में 122,450, चंडीगढ़ में 122,320 और रायपुर में 122,270 रुपये रहा। पटना में सोना आज सबसे सस्ता मिल रहा है। वहीं सबसे महंगा सोना भोपाल और इंदौर में है। पटना में 10 ग्राम सोने की की कीमत 122,220 रुपये चल रही है। वहीं भोपाल और इंदौर में सोने का दाम 122,450 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

## चावल नरम, गेहूं.चीनी मजबूत खाद्य तेल और दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गये जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही।

खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार.चढ़ाव देखा गया। चीनी में भी बढ़त देखी गई। विदेश में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 76 रिंगिट चढ़कर 4,546 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51.46 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत नौ रुपये घटकर 3,855.21 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव सात रुपये बढ़कर 2,859.58 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 10 रुपये बढ़ी और यह 3,313.25 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 27 रुपये और वनस्पति की 31 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सूरजमुखी तेल 48 रुपये और पाम ऑयल 39 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल 63 रुपये और सोया तेल छह रुपये रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत दो रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 10 रुपये सस्ती हुई। अन्य दालों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। तुअर दाल 15 रुपये और उड़द दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई, जबकि चीनी में दो रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। .दाल.दलहन : दाल चना 7908.25 रुपये, मसूर काली 8153.97 रुपये, मूंग दाल 10115.67 रुपये, उड़द दाल 10421.28 रुपये, अरहर दाल 10536.90 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.58 रुपये और चावल 3855.21 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी. गुड़ : चीनी एस 4319.01 रुपये और गुड़ 5008.08 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## यूपी के हर जिले में आज से स्वदेशी मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ संस्कृति विभाग के सहयोग से दिखेगा ब्रांड यूपी का दम

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने लखनऊ के लोक भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हाल ही में ग्रेटर नोएडा एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के तीसरे संस्करण को अभूतपूर्व सफलता मिली है।

मंत्री ने बताया कि इस सफलता को जनता तक पहुंचाने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 9 से 18 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश के सभी जिलों में 'स्वदेशी मेलों' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने न सिर्फ निवेश और नवाचार के नए अवसर खोले, बल्कि ब्रांड उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी। 2200 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए थे, जिनमें सरकारी विभागों, उद्यमियों, निर्यातकों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों ने अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में 80 से अधिक देशों के 500 से ज्यादा खरीदारों ने हिस्सा लिया, जिससे 11,200 करोड़ रुपये की व्यावसायिक पूछताछ और लगभग 5 लाख लोगों का फुटफाल दर्ज किया गया। अब हर जिले में 'स्वदेशी मेला' लगेगा। इन मेलों में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सीएम युवा, ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जुड़े विभागों के साथ-साथ हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का अवसर मिलेगा। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि संस्कृति विभाग के सहयोग से मेलों में उत्तर प्रदेश की लोक कला, संगीत और परंपरागत संस्कृति का भी शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही युवक मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि प्रत्येक जिले में प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष स्वदेशी मेले का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी सुधारों के रूप में देश को जो दीपावली गिफ्ट मिला है, यह स्वदेशी मेला उसी क्रम का उत्सव है।

## लोग आम खाने के बाद फेंक देते हैं गुठली, बेटियां रहें सावधान: पटेल

**वाराणसी, वार्ता**



■ महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में बोलीं राज्यपाल

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बेटियों को लेकर के बड़ी नसीहत दी। उन्होंने लिव इन रिलेशनशिप को लेकर कहा कि अभी लिव इन रिलेशनशिप का चलन है। मत करिए, अच्छे फैसले करिए। मैंने 50-50 टुकड़े कर बीम में भरने वालों को देखा है। पिछले 10 दिन में ऐसी घटनाओं के बारे में सूचना मिली है, जिन्हें सुनकर बेहद दु:ख होता है। यह ऐसा समाज है जो आम खाता है और गुठलियों फेंक देता है, ऐसे में बेटियों को सावधान रहने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि एक हाई कोर्ट के जज ने मुझसे चिंता व्यक्त की। मेरे सामने पास्को एक्ट के बारे में बताया, जो लोग गलत काम करते हैं, वह भाग जाते हैं। उन्होंने मुझे बताया कि मैडम एक दो लोग हैं, हमें न्याय भी देना है। समय नहीं है तो हम क्या करें, आप मदद कीजिए। मैंने कहा कि जरूर मदद करेंगे, बोलिए क्या करना है। इस पर जज ने कहा कि एक काम आप ऐड कर दीजिए कि पाक्सो एक्ट में जो बच्ची है, जहां भी रहती हैं उनके लिए क्या करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि मैंने सभी यूनिवर्सिटी से जानना चाहा कि इस पर क्या किया जा सकता है, इन बच्चियों तक कैसे पहुंचे। फिर मैंने 40 बेटियों को बंद कमरे में बैठाया, इनमें से चार की बातें सुनी। एक ने कहा कि पिता.जी मुझे प्रताड़ित करते थे। दूसरे ने मामा, तीसरी ने काका और चौथी ने कहा पड़ोसी प्रताड़ित करते थे। बेटियों ने हिम्मत दिखाई वह पुलिस स्टेशन गई और एफआईआर दर्ज की। दोषी लोगों की धर पकड़ हुई और अब वह जेल में है। इसके बाद बाकी बच्चों की बात सुनने की मेरी हिम्मत नहीं हुई। राज्यपाल ने कहा कि बच्चियों से मिलने के बाद मैंने ऐसी 80 लड़कियों से मुलाकात की, जिन्हें उनके पति ने छोड़ दिया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव

## पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पीएम को भेजा, परिजनों में मचा कोहराम







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** युवक का शव नगीना और धामपुर के बीच रेलवे लाइन पर क्षत विक्षत अवस्था में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि युवक ने गृह कलेश के चलते ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है।

नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम जमालपुर बांगर निवासी जुनैद अहमद (25 वर्ष) का शव बुधवार की सुबह 7 बजे करीब पुरैनी रेलवे स्टेशन के पास खंभा नंबर 1468/09/11 अप लाइन पर क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। शव मिलने की खबर से मौके पर आस-पास के लोग एकत्र हो गये। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अवनीत मान पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और भीड़ को तितर-बितर कर शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि युवक ने गृह कलेश के चलते आत्महत्या की है। परिजन मामले में कुछ नहीं बता रहे हैं।

# जनपद में एक बार फिर मूसलाधार बारिश, तबाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में एक बार फिर मूसलाधार बारिश हो रही है। इस बारिश से फायदा पहुंचने की बजाए तबाही मच रही है। किसानों को भारी नुकसान पहुंचने की संभावना है।

दो दिन पूर्व जनपद में आंधी के साथ तेज मूसलाधार बारिश हुई थी। आंधी से जहां-तहां सड़कों एवं विद्युत लाइनों पर पेड़ टूट कर गिर गए थे। जिससे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी और उसे सुचारू होने में तीस घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया था। कई मार्ग यातायात के लिए बंद हो गए थे। धामपुर में तो रोडवेज बस पर पेड़ टूट कर गिर गया था। सौभाग्य से जनहानि नहीं हुई थी। जहां-तहां धान की फसल खेतों में बिछ गई थी। गन्ने की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा था।

### धान की फसल को भारी नुकसान

इस बीच आज शाम को एक बार फिर जनपद के कई हिस्सों में तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। जिससे धान व गन्ने की फसल को भारी नुकसान पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। आंधी आते ही विद्युत आपूर्ति ठप कर दी गई। विद्युत विभाग के अभियंताओं के द्वारा लाइन व खंबों को टूटने से बचाने के लिए आसपास खड़े पेड़ों को नहीं कटवाया गया है। अभियंता ऐसी व्यवस्था नहीं कर रहे है, जिससे आंधी व बारिश के दौरान फाल्ट न हो।

दूसरी तरफ अक्टूबर माह में हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से मौसम का मिजाज बदल गया है। तापमान काफी नीचे गिर गया है और रात में पंखे के नीचे भी नहीं लेटा जा रहा है। गुलाबी ठंड का अहसास हो रहा है। अगर बारिश एक दो दिन लगातार होती रही, तो ठंड पड़ने लगेगी।

इधर बारिश की वजह से नगरों एवं ग्रामों में जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जल निक.ासी की समुचित व्यवस्था न होने तथा नालों में गंदगी भरी होने के कारण गली-मौहल्लों में पानी भर रहा है। जनपद मुख्यालय से लेकर अन्य कस्बों एवं ग्रामों में बुरा हाल है। अधिकारी जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान कराने के प्रति बिल्कुल भी गंभीर दिखाई नहीं दे रहे है। नालों पर अतिक्रमण की वजह से भी जलभराव की समस्या में इजाफा हो रहा है।

## इनर व्हील क्लब का गौ सेवा कार्यक्रम



**धामपुर।** इनर व्हील क्लब के तत्वावधान में कार्तिक मास के पावन अवसर पर शिव शक्ति पीठ पर स्थित पंडित दिनेश भारद्वाज के निवास पर गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं एवं युवा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने गौमाता को हरी घास व दाना खिलाया और गौ सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। क्लब की सदस्यों ने गौ सेवा के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को प्रतिदिन किसी न किसी रूप में पशु-पक्षियों की सेवा अवश्य करनी चाहिए। मंदिर परिसर में सभी ने मिलकर 'ॐ नमः शिवाय' का जाप किया और गौमाता के चरणों में पुष्प अर्पित किए। इसी दौरान उपस्थित सदस्यों ने एक बीमार गाय के उपचार हेतु सहयोग करने का निर्णय भी लिया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्षा ज्योति अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, शालिनी गुप्ता, अर्चना सिंह, प्रीति अग्रवाल, योजना गुप्ता, शोभा रस्तोगी और शिप्रा गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

# स्मार्ट मीटर लगाये जाने का विरोध

### स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता खत्म करने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्मार्ट मीटर को लेकर शहर में जगह-जगह विरोध होना शुरू हो गया है। विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता को लेकर किये जा रहे सर्वे को लेकर शहर में कई जगह विद्युत विभाग को जनता के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि ये मीटर लगाने के नाम पर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कडी के तहत बुधवार को मौहल्ला जुलाहान निकट मुस्लिम फण्ड के सामने स्थित गली में बुधवार को उस समय हंगामा हो गया, जब एक प्राईवेट कम्पनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाये जाने को लेकर बात कही गयी। जो उपभोक्ता मीटर लगाने से इंकार करता है तो उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने की बात व लाईट का कनेक्शन काटने की धमकी दी जाती है। घर पर मौजूद महिलाएं जब मना करती हैं तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है, जिसको लेकर मौहल्ले वासियों में रोष व्याप्त है।

मौहल्लेवासियों में डा. मौ. सद्दीक, जमीरूद्दीन, इकबाल, नफीस, सुल्तान, बाबू, परवेज, अथहर अहमद, अलीशा, कफील, जमाल, मौ. शाहिद, मौ.असगर, मौ. असलम, शाहवेज सहित आदि लोगों ने इस प्रक्रिया का विरोध किया।

## अशोभनीय वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर गोकल उर्फ गढ़वावाला निवासी एक युवक ने अपनी सोशल मीडिया एकाउंट पर एक महापुरुष व एक देवता पर अशोभनीय वीडियो एडिटिंग कर अपने एकाउंट पर वायरल करने पर एक्स एकाउंट पर हुई शिकायत को लेकर बिजनौर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही के आदेश जारी कर दिए। जिस पर पूरे मामले की जांच कर स्थानीय पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की बात कही है। सोचनीय यह कि हम बच्चों को क्या संस्कार दे रहे हैं, जो घर के नौजवान बच्चे समाज में अपनी घटिया सोच प्रदर्शित करते हुए क्षेत्र की शांति भंग करने का प्रयास करते हैं।

## एक नजर

### ताइक्वांडो बेल्ट टेस्ट का आयोजन



**नूरपुर।** आरआर पब्लिक स्कूल में उत्साह और जोश से परिपूर्ण वातावरण में ताइक्वांडो बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। यह परीक्षण ताइक्वांडो संघ बिजनौर के सचिव राजू राजपूत के तत्वावधान एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर खेल के मैदान में बच्चों ने अद्भुत जोश और अनुशासन का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक एवं कोच जीवन सिंह ने बच्चों को ताइक्वांडो के महत्व और आत्मरक्षा की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बेल्ट टेस्ट के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्म विश्वास शारीरिक संतुलन अनुशासन और मानसिक दृढ़ता का विकास होता है। कोच ने यह भी बताया कि सभी विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन से उत्कृष्ट कौशल का परिचय दिया और अपनी-अपनी बेल्ट सफलता पूर्वक अर्जित किया गया। स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ताइक्वांडो जैसे खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि आत्मरक्षा की भावना, साहस और आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। स्कूल परिवार ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों के शारीरिक, मान.सिक और नैतिक विकास को प्रोत्साहित करता रहेगा। इस दौरान आदि शर्मा, हेयांश अरोड़ा आदि मौजूद थे।

### शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा से स्वागत



**नजीबाबाद।** वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सामाजिक समरसता मंच मालिनी नगर द्वारा श्री वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष में निकाली जा रही शोभायात्रा का स्वागत व सम्मान स्टेशन रोड पर किया गया। वाल्मीकि समाज के सम्मानित बंधुओं का स्वागत फूलमाला पहनाकर किया गया तथा शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की गई तथा वाल्मीकि समाज के बंधुओं से आलिंगनबद्ध हो उनको बधाई व शुभकामनाएं अर्पित की गईं। स्वागत कार्यक्रम में सामाजिक समरसता के सह प्रांत आयाम प्रमुख धार्मिक संस्थान जगदीश जोशी, जिला संयोजक द्रवित, जिला महिला आयाम प्रमुख श्रीमती शगुन, नगर संयोजक मनोज, नगर संघ चालक हेमंत, नगर कार्यवाह अंशुल, सुमित नगर प्रचार प्रमुख, यश मोहन सह प्रचार प्रमुख, सुंदर नगर सह शारीरिक प्रमुख, रूपेश, जयप्रकाश, नागेश नगर व्यवस्था प्रमुख हिरेंद्र नगर बौद्धिक प्रमुख, डॉ. के.सी. मठपाल, गौरव प्रताप शाखा गट नायक काशी सहित अन्य स्वयंसेवक बंधु भी उपस्थित रहे।

# जिंदगी बर्बाद कर रही ऑनलाइन गेमिंग

## कर्ज, तनाव और ठगी से जूझ रहे परिवार, युवाओं की जिंदगी तबाह





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ऑफलाइन या ऑनलाइन जुआ की लत के कारण अब तक सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। कई लोग आत्महत्या और घरेलू हिंसा जैसा गंभीर कदम भी उठा लेते हैं। आखिर कौन है इसका जिम्मेदार? क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ऑफलाइन जुआ खिलाया जा रहा है। पुलिस जुआ खिलाने वाले को नहीं पकड़ती है, बल्कि जुआ खेलने वालों को पकड़ कर कार्यवाही करती है।

गौरतलब है कि आज आम आदमी अपनी मेहनत से ज्यादा धन पाने की कोशिश में लगे रहते हैं और चाहते हैं कि कुछ करना भी न पड़े और मोटी रकम भी आ जाए। इसके लिये चाहे ऑनलाइन जुए का सहारा ही क्यों न लेना पड़े। आज 'ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग' यानी धन आधारित ऑनलाइन खेल एक ऐसा ही चलन है, जिसने अब मनोरंजन की सीमा को लांघते हुए धन कमाने के लालच से उपजी लत और आर्थिक नुकसान का जटिल स्वरूप अख्तियार कर लिया है। भारी तादाद में लोग इसके जाल में फंसते जा रहे हैं और अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं। जो कि समाज के लिए चिंता का विषय है । लेकिन सरकार ने इस पर लगाम लगाने या इसे विनियमित करने के बजाय इसके दूरगामी असर की अनदेखी कर रखी है। इसके नतीजे अब खुल कर सबके सामने आ रहे हैं और चिंता की वजह बनते जा रहे हैं। 'ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग' समाज के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है और इस पर लगाम लगाना वक्त की जरूरत है। अनुमान यह लगाया गया है कि धन-आधारित ऑनलाइन खेलों के चक्कर में लोग प्रतिवर्ष लाखों, करोड़ों रुपए गंवा देते हैं। इसकी लत की वजह से अब तक सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। त्रासद पक्ष यह भी है कि इस लत की वजह से ऑनलाइन खेलों के जरिए लोग पैसे कमाने की भूख में लगातार हारते जाते हैं और बाद में कई लोग आत्महत्या और घरेलू हिंसा जैसा गंभीर कदम भी उठा लेते हैं।

ऑनलाइन गेमिंग को एक बड़ी बुराई बताया गया है। इससे बचने की जरूरत है, मगर अफसोस की बात यह है कि जब ऐसे कथित खेल लोगों के बीच अपनी जगह बना रहे हैं, उन्हें समाज से काट रहे और इसके बहुस्तरीय नकारात्मक नतीजे सामने आने लगे हैं, तब इसके प्रति जताई जाने वाली फिक्र की अनदेखी की जा रही है। जबकि यह छिपा नहीं है कि ऑनलाइन गेमों की लत के कारण युवा वर्ग को सबसे अधिक बर्बादी के कगार पर पहुंचाता जा रहा है, जो आर्थिक तंगी के चलते चोरी जैसे छोटे-छोटे अपराधों की ओर भी अग्रसर है तथा मनोवैज्ञानिक दबाव के कारण मानसिक संतुलन भी खोते जा रहे हैं।

साथ ही स्थानीय थाना क्षेत्र के कासमपुर गढ़ी, मानियावाला व नगर में ऑफलाइन जुआ बेखौफ होकर खिलाया जा रहा है जो कि गली, मौहल्लों, बागो, खेत-खलियानों तथा खण्डहरों तथा कम आबादी वाली कॉलोनी और वीरान पड़े भवनों में माफियाओं द्वारा जुआ खिलाया जाता है।

दर्जन भर ऐसे बदनाम माफिया हैं, जिनको आम नागरिकों के अलावा पुलिस भी जानती है। यह जुआ खिलाने वाले माफिया समय-समय पर स्थान बदलते रहते हैं। फल, सब्जी की रेडी लगाने वाले, ठेलों पर फेरी से सामान बेचने वाले तथा रिक्शा पोलर अपने दिन भर की गाढ़ी कमाई लालच में आकर जुआ के अड्डों पर लुटा देते हैं। सबसे अधिक गरीब वर्ग ही प्रभावित हो रहा है।

पुलिस दबाव पड़ने पर जुआ खेलने वालों को पकड़ कर कार्रवाई कर देती है, परंतु जुआ खिलाने वाले माफिया खुलेआम घूमते रहते हैं। नगर में तैनात कुछ चर्चित पुलिस कर्मियों के संरक्षण में तो बाकायदा कुछ जुआ के अड्डे चलाए जा रहे हैं।

## रोडवेज बस सड़क किनारे पलटी

**हल्दौर।** गांव सुमालखेड़ी के पास बुधवार की देर शाम धामपुर से बिजनौर जा रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। अचानक हुए हादसे से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा। बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# विवेक हॉस्पिटल में गंभीर मरीज की जान बचाई

### डॉ. अरविंद शर्मा एवं टीम ने किया सफल उपचार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कल रात लगभग साढ़े दस बजे, एक 30 वर्षीय पुरुष मरीज को गंभीर सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के साथ विवेक हॉस्पिटल, चांदपुर की इमरजेंसी में लाया गया।

मरीज को चांदपुर से परिकार्डियल इयूजन (दिल के चारों ओर पानी भरना) के केस के रूप में रैफर किया गया था। इस स्थिति में दिल पर पानी का दबाव बढ़ जाने से वह ठीक से सिकुड़ नहीं पा रहा था, जिससे मरीज को तेज सांस फूलने लगी। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए, वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. अरविंद शर्मा ने अपनी मेडिकल टीम के साथ तुरंत परिकार्डियल लूड ड्रेनेज की प्रक्रिया शुरू की। मरीज को आईसीयू में शिट कर 2डी ईको की गाइडेंस में लगभग 250 से 300 मिलीलीटर लूड सावधानीपूर्वक निकाला गया। प्रक्रिया पूरी तरह सफल रही और मरीज ने कुछ ही समय में सांस लेने में राहत महसूस की। सुबह तक मरीज की स्थिति स्थिर और संतोषजनक रही।

विवेक हॉस्पिटल के चेयरमैन अमित गोयल ने इस मौके पर कहा कि, हमारा हॉस्पिटल हमेशा से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमारी टीम हर आपात स्थिति में मरीजों को सर्वश्रेष्ठ उपचार देने के लिए तत्पर रहती है। यह सफलता डॉ. अरविंद शर्मा और उनकी समर्पित टीम के त्वरित निर्णय और कुशल प्रयास का परिणाम है।

# मुरादाबाद के अतीक को कत्ल में उम्र कैद, जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे प्रथम ने पत्नी की गला काट कर हत्या करने के आरोपी मुरादाबाद के अतीक को उम्र कैद एवं दस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने 17 दिसंबर 2017 को थाना नूरपुर में तहरीर दी थी कि उसके दामाद अतीक पुत्र शफीक निवासी शमदगढ़, थाना कांठ, जनपद मुरादाबाद ने उसकी पुत्री का गला काट कर कत्ल कर दिया है। वादी जुम्मा ने अपनी पुत्री शबाना उर्फ कल्लो की शादी वारदात से लगभग 12 साल पहले अतीक अहमद के साथ की थी। अतीक अहमद की पत्नी शबाना नूरपुर के मौहल्ला हजरत नगर में किराए के मकान में रह रही थी। 17 दिसंबर, 17 को सायं

### पत्नी का काटा गला

करीब साढ़े पांच बजे मौहल्ले के लोगों ने जुम्मा को सूचना दी थी कि उनकी बेटी का गला काट कर कत्ल कर दिया गया है। उसकी लाश घर में खून से लथपथ पड़ी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त अतीक को गिरफ्तार कर लिया था। उसकी निशानदेही पर कत्ल में इस्तेमाल छूरी भी बरामद कर ली गई थी।

इस मामले में आज न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक राम अवतार यादव ने अभियुक्त अतीक को उम्र कैद एवं दस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अर्थदण्ड की आधी धनराशि वादी जुम्मा शाह को दी जाएगी।

## हादसे में घायल रिया ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ा

**बिजनौर।** सोमवार को बिजनौर-दिल्ली मार्ग पर देवल के पास हुए दर्दनाक हादसे में घायल महिला ने भी मंगलवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के नजीबाबाद रोड स्थित इंद्रलोक कॉलोनी निवासी मयंक कुमार पुत्र शिव कुमार अपनी पत्नी रिया और छोटे भाई व उसकी महिला दोस्त के साथ कार से दिल्ली से बिजनौर लौट रहे थे। इसी दौरान थाना रामराज क्षेत्र में मोंटी मिलियन होटल के सामने उनकी कार की ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखचे उड़ गए थे। हादसे में चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां मयंक के छोटे भाई और उसकी दोस्त प्रियंका की मौत हो गई थी, जबकि मयंक और उसकी पत्नी रिया को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को रिया ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। रिया की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम से मनाई

## महर्षि जी की शिक्षाओं का अनुसरण कर उनके बताए मार्ग पर चलें : शाहनवाज खलील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आदि कवि महर्षि वाल्मीकि का प्रकाशोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित कर मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि व नगर पालिका संघ के जिला अध्यक्ष शाहनवाज खलील ने समाज के लोगों से महर्षि जी की शिक्षाओं का अनुसरण कर उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने का आह्वान किया।

बीती रात 8 बजे वाल्मीकि बस्ती स्थित वाल्मीकि मंदिर के प्रांगण में आयोजित विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने आदि कवि महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वाल्मीकि द्वारा लिखी रामायण सर्व समाज के लोगों को संस्कारों और मर्यादाओं से जोड़े हुए है। उन्होंने समाज के लोगों से आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं को अपनाते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने का आह्वान किया है।

मुख्य अतिथि एवं नगर पालिका चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शाहनवाज खलील ने कहा कि वाल्मीकि समाज के ही नहीं समस्त संसार के आदर्श के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने रामायण लिखकर संसार को संस्कारों के साथ-साथ सामाजिक संबंधों का ढांचा समाज को दिया है। उन्होंने कहा कि आपसी मतभेदों को भुलाकर व आपस में मिलजुल कर साथ रहें और बच्चों को शिक्षित बनाने का कार्य करें। शाहनवाज खलील ने मंच से नगीना के सार्वजनिक स्थान पर वाल्मीकि द्वार बनाने या किसी चौराहे का नाम वाल्मीकि रखने की घोषणा की है, जिस पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया।

एपीओ सुनील कुमार ने वाल्मीकि समाज के नौजवानों से कहा कि वाल्मीकि जी के आदर्शों को सामने रखकर अपने अंदर अहंकार को ना बढ़ने दें। क्योंकि अहंकार और गुस्सा हमेशा नुकसानदायक होता है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे विवादों को सामाजिक स्तर पर सुलझाया जाय, ताकि समाज का समय और बर्बाद न हो सके। पूर्व प्रधानाचार्य मास्टर श्याम सुंदर लाल, मास्टर अनिल कुमार बंधु, पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रभात चंद गुप्ता, मास्टर रणवीर सिंह ने वाल्मीकि जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों से वाल्मीकि जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि आनंद वाल्मीकि व शाहनवाज खलील ने वाल्मीकि प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर संदीप वाल्मीकि, सभासद कपिल पवार, सत्य कुमार, सुरेंद्र कुमार, मेहर सिंह, अनिल पत्रकार, सुरेश भगत, भूपेश चौहान, कुलदीप खेड़ा, सोनू सैनी, शिव मिगलानी, सचिन शर्मा, प्रहलाद सिंह कुशवाहा, राजकुमार सेठी, जयंती के अध्यक्ष सूरज मच्छल, रोहन कुमार, कोषाध्यक्ष महेश उर्फ दारा, अश्वनी कुमार, रवि कुमार, अभिनव एडवोकेट, गोविंद वाल्मीकि, सुधीर कुमार, रोबिन कुमार, चंद्रपाल सिंह, रोहित भगत, पवन कुमार, राजेश कुमार, बृजपाल सिंह, कामेश एडवोकेट, तेजपाल, मेघराज, अतुल भारती, सोहन सैनी, जितेंद्र वाल्मीकि, सुजीत वाल्मीकि, राशिद सभासद, सोनू सभासद, मकसूद सभासद, मौहम्मद अहमद, सभासद मौहम्मद तालिब, सभासद गोपाल शर्मा, रिटायर्ड एचएसओ रामलाल वाल्मीकि, राजकुमार चावला, अनिल वेद आदि ने सभा को संबोधित कर मुख्य अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर सैकड़ों गणमान्य लोग और समाज के लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### विद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप



**स्योहारा।** नगर के ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में कक्षा 3 की छात्रा को परीक्षा देने से रोके जाने का मामला सामने आया है। छात्रा के अभिभावक आमिर पुत्र शमीम अख्तर निवासी मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान ने आरोप लगाया कि विद्यालय प्रशासन ने फीस जमा न होने के कारण उनकी भांजी अनफा जहूर पुत्री जहूर आदिल को परीक्षा में बैठने नहीं दिया। आमिर का कहना है कि जब वे इस मामले में बात. चीत करने विद्यालय पहुंचे तो प्रधानाचार्य एवं कुछ स्टाफ सदस्यों ने उनके साथ अभद्रता की और धमकाते हुए विद्यालय से बाहर निकाल दिया। पीड़ित पक्ष ने इस घटना की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल सहित शिक्षा विभाग से संबंधित ऑनलाइन पोर्टलों पर की है। बताते चलें कि घटना के बाद से नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है कि इस स्कूल में आये दिन बच्चों के साथ इसी तरह का व्यवहार किया जाता है। जब इस संबंध में स्कूल के मालिक डा. जगदीश शर्मा से संपर्क करना चाहा और जानने का प्रयास किया कि इसमें क्या सच्चाई है तो उनका फोन स्विच ऑफ पाया गया। इसलिए उनकी कोई बात नहीं जान पाए।

### एनक्यूएएस प्रमाण पत्र मिलने पर हर्ष



**स्योहारा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कौशलेंद्र सिंह के निर्देशन में सीएचसी के अधीक्षक डा. बी.के. स्नेही के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। कृष्णा रामपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) प्रमाणन प्राप्त हुआ है। 3 अक्टूबर को राष्ट्रीय टीम द्वारा ऑनलाइन मूल्यांकन में इस केंद्र ने 87.13% अंक प्राप्त कर मुरादाबाद मंडल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके लिए केंद्र को रूपए 1.26 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा, जो मरीजों की सुविधाओं में सुधार हेतु खर्च किया जाएगा। डॉ. स्नेही ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि सरकार की मंशा के अनुरूप हर नागरिक को घर के पास गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। इस उपलब्धि में सीएचओ रश्मि सैनी, एएनएम अर्चना त्यागी, बीपीएम शालिनी विश्नोई, बीसीपीएम राजेश कुमार, एआरओ आलोक कुमार, ग्राम प्रधान जाहिद हुसैन और एनक्यूएएस नोडल अधिकारी डा. हितेंद्र वर्मा सहित पूरी टीम का योगदान रहा। अब तक स्योहारा ब्लॉक के 7 आयुष्मान आरोग्य मंदिर जमापुर, मंगलखेड़ा, सदाफल, शाहपुर खेड़ी, किवाड़, हिरणपुरा और कृष्णा रामपुर एनक्यूएएस प्रमाणित हो चुके हैं।

### तिसोतरा में आसपा की बैठक



**नजीबाबाद।** ग्राम तिसोतरा में आजाद समाज पार्टी कांशीराम की बैठक आयोजित हुई। जिसमें आगामी नौ अक्टूबर को बिजनौर इंद्रा बाल भवन में होने वाले कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगीना लोकसभा सांसद व आसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद उपस्थित रहेंगे। बैठक में ग्रामवासियों ने संकल्प लिया कि 2027 विधानसभा चुनाव में आसपा उम्मीदवार को विजयी बनाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी व चेयरमैन साहनपुर खुर्शीद मंसूरी, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रशांत महासागर, विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, रजत भाई, डॉ. मकसूद, दानिश, सलीम अंसारी, नितिन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का संचालन अशोक कुमार ने किया।

### अनियंत्रित कार खाई में पलटी



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम मानियावाला स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनैली नदी के पुल से पूर्व तीव्र मोड़ पर एक ब्रेजा कार जिसका संख्या UK07DV4886 अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। कार में सवार अतीकुर्रहमान (65 वर्ष) पुत्र हबीब अहमद, अनीस अख्तर (70 वर्ष) पुत्र हबीब अहमद, अकरम पुत्र नामालूम निवासी गण नगीना बिजनौर व मुन्ना पुत्र नामालूम निवासी देहरादून जो कि नगीना से हलद्वानी रिश्तेदारी में जा रहे थे। सभी कर सवार मामूली रूप से चोटिल लोग हो गए। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस ने घायलों को कार से बाहर निकाला और डायल 112 व निजी वाहन की मदद से पीएचसी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार देने के बाद घायलों को उनके परिजनों को सौंप दिया। खाई में गिरी कार को ग्रामीणों की मदद से ट्रेक्टर द्वारा बाहर निकाला गया। उक्त मोड़ पर आए दिन हादसे होते हैं, परंतु नेशनल हाईवे अथॉरिटी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

### सिकंदरपुर बसी में रामोद कुमार का भ्रमण



**नजीबाबाद।** आगामी जिला पंचायत चुनाव को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। ब्लॉक नजीबाबाद के वार्ड नंबर पांच से जिला पंचायत सदस्य पद के संभावित प्रत्याशी भाकियू (प्रधान) के मंडल मीडिया प्रभारी व वरिष्ठ पत्रकार रामोद कुमार प्रजापति ने मंगलवार को ग्राम पंचायत सिकंदरपुर बसी का दौरा किया। ग्राम भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठ कर उनकी समस्याएं सुनीं और ग्राम के विकास से जुड़ी अहम बातों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्षों से क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रही है। सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं पर ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगर जनता ने उन्हें जिला पंचायत सदस्य के रूप में अवसर दिया तो वे ग्राम के हर तबके की आवाज को जिला पंचायत तक पहुंचाने का काम करेंगे। रामोद कुमार प्रजापति ने कहा कि उनका उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि सेवा है। वे किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे और क्षेत्र में विकास की नई राह खोलेंगे। इस अवसर पर भाकियू (प्रधान) के स्थानीय कार्यकर्ता, ग्रामीण और वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और नारे लगाते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## बस स्टैंड प्रस्ताव पर नया मोड़

# कॉलेज ने भूमि पर जताया मालिकाना दावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा रोडवेज बस स्टैंड बनाए जाने के प्रस्ताव पर अब नया विवाद खड़ा हो गया है। यह मामला उस समय सुर्खियों में आ गया। जब राजघराने से जुड़े पब्लिक इंटर कॉलेज की प्रबंधक महारानी संजोगिता सिंह ने आगे आकर संबंधित भूमि पर कॉलेज का मालिकाना दावा पेश किया।

संजोगिता सिंह ने बताया कि जिस भूमि पर बस स्टैंड निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया है, वह भूमि कॉलेज की संपत्ति है जिस पर पहले से ही न्यायिक विवाद चल रहा है। इस संबंध में उच्च न्यायालय इलाहाबाद में मामला विचाराधीन है। अदालत ने जनवरी 2024 में उक्त भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था, जिसे मई 2024 में आगामी आदेश तक प्रभावी रखा गया है। संजोगिता सिंह ने स्पष्ट कहा कि जब तक न्यायालय का यह आदेश प्रभावी है, तब तक उस भूमि पर कोई भी निर्माण कार्य या हस्तक्षेप न्यायालय की अवमानना के अंतर्गत आएगा। उन्होंने नगर पालिका स्योहारा एवं संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विवादित भूमि पर निर्माण का प्रयास हुआ तो इसके लिए अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। वहीं इस पूरे मामले पर नगर पालिका स्योहारा के ईओ विजेन्द्र सिंह पाल ने कहा कि जिस भूमि पर उच्च न्यायालय का आदेश लागू है, उस पर पालिका द्वारा कोई निर्माण प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। पालिका ने बस स्टैंड के लिए अन्य वैकल्पिक स्थानों का प्रस्ताव शासन को भेजा है, जिनके भू-खण्ड नंबर पूरी तरह अलग हैं।

नगर में यह प्रकरण चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि विवादित भूमि पर निर्माण की कोशिश की गई तो यह न केवल न्यायिक आदेश का उल्लंघन होगा, बल्कि नगर में तनाव औ।र असमंजस की स्थिति भी पैदा हो सकती है वहीं कुछ लोगों का कहना यह भी है कि यदि नगर में बस स्टैंड बन जाए तो सभी नगर वासियों को इसका लाभ पहुंचेगा।



**प्रेस वार्ता कर बताया कि इस संपत्ति पर न्यायालय से है स्टे आर्डर**

### बारिश में धराशायी मकानों की मरम्मत के लिए धनराशि आवंटित

**नहटौर।** विकास खंड आंकू में बरसात के मौसम कई लोगों के मकान गिरकर धराशायी हो गए थे। उन्होंने मुआवजा दिलाए जाने की मांग की गई थी। आवास आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने पर तहसील प्रशासन ने 30 परिवारों को उनकी मरम्मत हेतु मकान की स्थिति के अनुसार डेढ़ लाख रुपए की धनराशि उनके लाभार्थियों के खाते में भेज दी है। तहसील प्रशासन ने इन परिवारों को आवास की स्थिति देखकर मुख्यमंत्री आवास योजना से का लाभ दिलाने के लिए ब्लॉक प्रशासन को जांच के लिए निर्देशित किया था। बीडीओ प्रताप सिंह ने बताया कि ब्लॉक टीम की ओर जांच कराई गई।, जिसमे 30 लोगों की सूची में से 10 लोगों को पात्र पाया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए गांव सदरूद्दीननगर से गुलशन जहां, मांडू नंगली से मिथलेश देवी, वीरो देवी, खजूराजट से गीता देवी, खिजरपुर से सुक्खी देवी, मिलक मुकीमपुर से बबीता, सुनीता, अकबरपुर देवमल से मनोज देवी, मुजफ्फरपुर नंहेड़ा से नरगिस जहां, रघुनाथपुर से रामकली को पात्र पाए जाने पर शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है।

# शुगर और ब्लड प्रेशर की रोकथाम के लिए सेमिनार

### सीडीओ ने किया जागरूकता स्टीकर का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हेल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैप्ट) के तत्वाधान में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में शुगर और ब्लड प्रेशर की रोकथाम के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने फीता काट के किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकार पूर्ण बोरा ने कहा कि समाज में कुछ व्यक्ति ऐसे होते हैं जो अपने साथ साथ समाज के बारे में भी सोच कर उसकी भलाई के किए कार्य करते हैं। इसी क्रम में इस संगठन द्वारा किए जा रहे कार्य अपने आप में महत्त्वपूर्ण है। जिन व्यक्तियों के पास शुगर और हाई ब्लड प्रेशर की जांच कराने हेतु पैसा नहीं है, इस संगठन द्वारा नि:शुल्क जांच करा कर सब से बड़ी समाज सेवा का कार्य कर रहा है। ऐसे कार्यों में समाज के जिम्मेदार लोगों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस कार्य में पूर्ण सहभागिता करें। मेरे स्तर से जो भी सहयोग होगा, मैं उसके किए हमेशा तैयार रहूँगा।




संगठन के सचिव गिजाल मैहदी ने संगठन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संगठन का उद्देश्य इन स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है, क्यूँकि हम समझते हैं कि बचाव, इलाज से बेहतर है और जान है, तो जहान है। इसलिए स्वस्थ नहटौर अभियान के अंतर्गत एक नई पहल की जा रही है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से विद्यार्थियों और युवाओं में शुगर और हाई ब्लड प्रेशर जैसी 'खामोश कातिल' बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

हैप्ट द्वारा नहटौर में स्थापित' नि:शुल्क शुगर और ब्लड प्रेशर जांच एवं परामर्श केंद्रश 16 अक्टूबर, 2022 से लगातार अपनी सेवायें जनता को प्रदान कर रहा है। पिछले वर्षों में 3,500 से ज़्यादा लोग शुगर, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन स्तर और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतों की जांच और परामर्श सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं। जांच में पाए जाने वाले मरीजों में से लगभग 600 लोगों को जांच रिपोर्ट के साथ रैफर करने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मुफ्त इलाज और पाबन्दी से मुफ्त दवाओं की सुविधा मिल रहीं हैं।

इस अवसर पर डॉ. विकास त्यागी, डॉ. निशांत यादव, डॉ. मौहम्मद राशिद, सुरेन्द्र शर्मा, अमित चौहान, अंकुर जैन, गुलाम साबिर आदि एवं स्कूलों और कॉलेजों के प्रधानाचार्यों, गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने की और संचालन मेजर चरण शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने एक स्टीकर जागरूकता अभियान से संबंधित का भी विमोचन किया।

# मारपीट के घायलों को थाने लेकर पहुंचे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम मोहिउद्दीनपुर में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पीड़ित पक्ष के लोगों ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए थाने के बाहर जाम लगाने का प्रयास किया। पुलिस के आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के आश्वासन पर मामला शांत हुआ और ग्रामीण वापस गांव चले गए।

थाना क्षेत्र के ग्राम मोहिउद्दीनपुर निवासी धर्मेंद्र सिंह के पुत्र अंकित व अरुण की मंगलवार की शाम गांव के ही मौहम्मद नासिर के पुत्र सलमान व शाहरुख के साथ किसी बात को लेकर मारपीट हो गई थी। मारपीट में दोनों पक्ष घायल हो गए थे। सलमान व शाहरुख की हालत गंभीर होने पर उनको बिजनौर के बाद मेरठ के लिए रैफर किया गया था। लेकिन परिजन दूसरे पक्ष के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई कराने के लिए घायल युवकों को उपचार के लिए मेरठ ले जाने की बजाय उनको वापस गांव ले आए।

आज सुबह नासिर के परिजन अन्य ग्रामीणों के साथ दोनों घायल युवकों सलमान व शाहरुख को ट्रैक्टर-ट्राली में उनकी चारपाई रखकर थाने ले आए और घायलों की चारपाई को थाने के बाहर सड़क पर रखकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए जाम लगाने का प्रयास करने लगे। वहां पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने ग्रामीणों से मामले की जानकारी लेते हुए उनको समझाकर जाम लगाने से रोका और इस मामले में जाचोपरांत आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन देकर भीड़ को वहां से खदेड़ा। पुलिस के आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई के आश्वासन पर ग्रामीण वापस अपने गांव चले गए। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जाचोपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



**आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग**

# झांकी व अखाड़ों के साथ निकली शोभा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

नगीना। कवि महर्षि वाल्मीकि का प्रकट उत्सव दिवस उत्साह के साथ मनाया। बुधवार की शाम वाल्मीकि जी की शोभायात्रा दरवाजा बाजार चौक से बैंड बाजे, अखाड़ा, ढोल नगाड़ों व मनोहरी झांकियों के साथ निकली। अखाड़े में हैरतअंगेज करतब दिखाते चल रहे थे। शोभा यात्रा मौहल्ला साहुवान, गंज बाजार, लोहारी सराय, मंडी मौलगंज से होते हुए एमएम इंटर कॉलेज के पास वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा मे पूर्व विधायक सतीश गौतम, अनूप वाल्मीकि, शेख शाहनवाज खलील, मास्टर श्याम सुंदर लाल, मनोज वाल्मीकि, दारा सिंह, गोपाल शर्मा, डा. भूपेश चौहान, अनवर कुरैशी, कपिल पवार, प्रहलाद कुशवाहा, सभासद जुनैद कुरैशी, सचिन शर्मा, जमशेद ठेकेदार, आदि राठौर, शानु मलिक, जोहनी, सुनील कुमार, राजकुमार चावला आदि मौजूद रहे।

सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अंजनी कुमार, थाना प्रभारी अवनीत मान पुलिस बल के साथ शोभायात्रा के साथ मौजूद रहे।



## लड़की बरामदगी की मांग को लेकर किसानों का धरना जारी

**हल्दौर।** क्षेत्र के एक ग्राम की नाबालिग युवती को करीब नौ दिन पूर्व एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। युवती की बरामदगी न होने से नाराज ग्रामीणों व राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को दूसरे दिन भी थाने के बाहर अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। लगभग आठ दिन पूर्व जनपद अमरोहा क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवक थाना क्षेत्र की एक युवती को अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया था। परिजनों की शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। आज धरने के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता और ग्रामीण एकत्र रहे। उनका कहना है कि जब तक युवती की बरामदगी नहीं होती और आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक धरना जारी रहेगा। धरनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र पाल सिंह ने किसानों से वार्ता कर तीन दिन के भीतर जांच पूरी कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## 90 साल से अधिक आयु के दस बुजुर्ग सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नागरिक जन कल्याण सेवा समिति के संरक्षक केके खन्ना के मार्गदर्शन में नगर के 10 ऐसे बुजुर्गों जिनकी आयु 90 वर्ष से अधिक हो गई है। सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं, पुरुषों को श्रीमती बीना जैन एवं सचिव गिरधारी शरण खन्ना ने तिलक लगाकर स्वागत किया।

सम्मानित होने वाले बुजुर्गों में पंडित जानकी शरण अवस्थी, डॉ. रामकुमार अग्रवाल, श्रीमती स्नेह लता शर्मा, हरिशंकर गुप्ता, जगदीश चंद्र वर्मा, श्याम सिंह, हितेश शर्मा एड., फूल्लू सिंह एवं श्रीमती पुष्पा देवी ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया। संस्था द्वारा इन सभी को श्रीमद् भागवत गीता, तुलसी माला देकर तथा शॉल ओढ़ा कर स्वागत किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह ने बुजुर्गों को नमन कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि नगर में बनाए गए पार्कों का विकास एवं सौंदर्य करण करने में बुजुर्गों की सुविधाओं को भी ध्यान में रखा गया है। भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह ने बताया कि हमें बुजुर्गों के अनुभवों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। बुजुर्गों को स्वस्थ रहने के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण की अति आवश्यकता है। उन्हें खानपान, उठने-बैठने, चलने फिरने में छड़ी के सहारे सावधानी बरतनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सबको अपने बुजुर्गों माता-पिता का सम्मान करते हुए उनकी भावनाओं के अनुरूप सेवा करते रहना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष मंगू लाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में करूणा गर्ग, वैद्य अजय गर्ग, सभासद घनश्याम दास गुप्ता, सभासद राजवीर सिंह एडवोकेट, डॉ. सत्येंद्र शर्मा, अंगिरस सत्य प्रकाश रस्तौगी, हेमलता शर्मा, आशा रस्तोगी, गीता खन्ना, महेश चंद्र अग्रवाल, अवनीश निगम, चौधरी विजेन्द्र सिंह, पंडित ए के दुबे आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय-द्वितीय अवर सिविल जज (जू.डि.) नगीना, जिला बिजनौर**

मूलवाद संख्या-311/2006
मिस.वाद संख्या- 45/2014

अब्दुल सलाम पुत्र नत्थू निवासी- मौहल्ला सरायमीर, कस्बा व तहसील-नगीना, जिला बिजनौर।
**-प्रार्थी**

**बनाम**

अब्दुल रशीद पुत्र मोखा निवासी-मौहल्ला सरायमीर, कस्बा व तहसील-नगीना, जिला बिजनौर
**-प्रतिपक्षी**

चूंकी उपरिनामांकित वादी/वादीगण ने इस न्यायालय में आवेदन दिया गया है कि प्रार्थना पत्र रेस्टोरेशन हेतु करने अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उप आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए दि. 16.10.2025 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या समयक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 16.10.2025

**प्रबंधक**
**द्वितीय अपर सिविल जज (जू.डि.) नगीना (बिजनौर)**

## एक नजर

### सड़क किनारे होर्डिंग लगाने की शिकायत



**चांदपुर।** मौहल्ला गोकुल नगर निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट वीरेन्द्र राजपूत ने जिलाधिकारी के नाम लिखे प्रार्थना पत्र में कहा है कि सरगम सिनेमा से आगे सड़क के तीव्र मोड़ पर एक होर्डिंग लगाया जा रहा है, जिसकी नीव कंप्लीट कर दी गई है। यह होर्डिंग सड़क किनारे से मात्र 2 फीट की दूरी पर है, जिसका साइज भी बड़ा होगा। इस होर्डिंग को लगाने की अनुमति पालिका व पीडब्ल्यूडी के द्वारा नहीं दी गई है। पीडब्ल्यूडी के नियम अनुसार सड़क के किनारे से ढाई मीटर की दूरी पर विभाग से अनुमति लेकर कोई भी होर्डिंग लगाया जा सकता है। इस संबंध में ईओ से बात की तो उन्होंने इसे हटाने का आश्वासन दिया है।

### भाकियू कार्यकर्ताओं की बैठक



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ब्लॉक जलीलपुर कार्यकर्ताओं की एक बैठक डबाकरा हाल में हुई। बैठक की अध्यक्षता बाबा रामपाल (मुखिया) ने की तथा ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह व महिपाल सिंह भाटी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में बीडीओ जलीलपुर को मांग पत्र दिया गया, जिसमें गंगा एक्सप्रेस वे बिजनौर से निकालने, गन्ना मूल्य वृद्धि किए जाने, गुलदार के हमलों से बचाने हेतु किसानों की सुरक्षा करने, आवारा पशुओं की समस्या को सुलझाने, बिजली विभाग के कुछ कर्मचारियों के भ्रष्टाचार में लिप्त होने की निष्पक्ष जांच कराये जाने सहित किसानों की अनेक समस्याओं से अवगत कराया गया। बैठक में उपस्थित ब्लॉक उपाध्यक्ष संजय कुमार, विनीत कुमार शर्मा, एडवोकेट मौहम्मद फैज कुरैशी, सतीश शर्मा, आजम खान, मीडिया प्रभारी रोहित कुमार, किसान सेवक यशवीर सिंह, उस्मान अली, इरफान अहमद, अनवर अहमद, गजराज सिंह सुजातपुर खादर, ग्राम अध्यक्ष लाल सिंह भगत आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। यह बैठक युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह के दिशा निर्देश पर हुई, जिसमें जिला अध्यक्ष नितिन शर्मा, चौधरी समरपाल सिंह का सराहनीय नेतृत्व रहा।

### सर्राफा चौक पर बनेगी पुलिस पिकेट



**अफजलगढ़।** नगर सर्राफा कारोबारियों के साथ ढ़ाली बाजार स्थित रस्तौगी ज्वैलर्स पर आयोजित बैठक में व्यापारियों ने पुराने आभूषणों की खरीद प्रक्रिया पर थानाध्यक्ष से आवश्यक दिशा निर्देश देने की मांग की। जिस पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने प्रत्येक सर्राफा व्यापारी से एक रजिस्टर मेंटेन रखने के लिए कहा जिसमें आभूषण खरीदने व बेचने वाले ग्राहकों का नाम पता और आधार नम्बर के साथ ज्वैलरी की डिटेल दर्ज हो। थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि नियम-कायदे से चलने वाले किसी भी व्यापारी को कोई पुलिस परेशान नहीं करेगी। सर्राफा कारोबारियों की मांग पर थानाध्यक्ष ने सर्राफा चौक पर स्थाई पुलिस पिकेट बनाने का आश्वासन दिया। बैठक की अध्यक्षता सर्राफा संघ के अध्यक्ष नीरव रस्तौगी और संचालन कोषाध्यक्ष निर्मल सिंह चिलवाल ने किया। बैठक में सुशील रस्तौगी, आमिर हुसैन, अंकुर अग्रवाल, मौहम्मद इल्यास प्रिन्स, जोगेंद्र पाल मल्होत्रा, मौहम्मद रियाज, पारस अग्रवाल, सरताज आलम, रावेंद्र वर्मा, पोपट खरात, शरीफ अहमद, नरेंद्र वर्मा, शानू वर्मा, रजत जैन, उवैस आलम, महेन्द्र वर्मा आदि अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

### सिविल बार एसोसिएशन की शोकसभा

**चांदपुर।** सिविल बार एसोसिएशन की एक शोकसभा तहसील स्थित बार एसोसिएशन हॉल में आयोजित की गई। शोक सभा में परीक्षित कुमार एडवोकेट के पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। साथ ही शोकाकुल परिवार को इस असीम दुख को सहन करने के लिए भी ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शोक स्वरूप सभी अधिवक्तागण समस्त न्यायालयों में पूर्णत: न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र विशाल सारस्वत व इसकी पत्नी ज्योति शर्मा हमारा कहना नहीं मानते, पूरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इनके द्वारा आए दिन की इन्हीं हरकतों से तंग व परेशान होकर मैंने उनको वह उनके परिवार को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उनसे अपने व अपने परिवार के संबंध समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य व लेनदेन के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**राजेश कुमार शर्मा पुत्र खचेडू दत्त शर्मा निवासी मौहल्ला गोकुल नगर, काजीजादगान कस्बा व थाना चांदपुर, जनपद-बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं अपने पुत्र मुशर्रफ व उसकी पत्नी महताब के कृत्यों से परेशान हो चुकी हूं और इनके कृत्य इतने भयानक हो चुके है कि सात अक्टूबर, 2025 को इन दोनों ने मेरे साथ मारपीट की और मेरी अविवाहित पुत्री के साथ भी मारपीट की। जिस संबंध में थाना मंडावर में प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है। मैं इन दोनों के कृत्यों से इस कदर परेशान हूं कि अब अपने पुत्र व पुत्र वधू को अपने अन्य पुत्र व पुत्रियों के व अपने जीवन काल से व चल व अचल सम्पत्ति से पूर्ण बेदखल करती हूं। आज 08.10.2025 के बाद मेरा इनके किसी भी अच्छे बुरे कृत्य से कोई वास्ता नहीं होगा। अपने कृत्यों के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **रशीदा बेगम पत्नी यासीन निवासी मौहल्ला कस्साबान, कस्बा व थाना मण्डावर, बिजनौर।**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना हल्दौर, जिला बिजनौर पर मौ. एसन पुत्र स्व. जुल्फुकार हैदर निवासी ग्राम नेकोफाल (बिलाई) थाना हल्दौर, तहसील व जिला बिजनौर 26.02.2013 को घर से लापता हो गया था, जो कभी आ जाता और कभी भी चला जाता था, जो कि मन्दबुद्धी है बहुत तलाश किया, नहीं मिल सका। सर्व साधारण से निवेदन है कि अगर किसी को पता चले तो निम्नलिखित पते व नम्बरों पर सूचना देने की कृपा करें। हुलिया :- कद 5 फिट, चेहरा गोल, गला मोटा, रंग गेहुंआ, कपड़े काली पेन्ट, लाल शर्ट पहने है, पैरों में हवाई चप्पल है। उम्र 40 वर्ष वर्तमान है।

**पता- दिलशाद हैदर पुत्र जुल्फुकार हैदर**
**ग्राम नेकोफाल (बिलाई)**
**थाना हल्दौर, जिला बिजनौर**
**मो.नं.-9720407448**

**आज्ञा से**
**थाना प्रभारी हल्दौर**
**9454403129**

**लापता व्यक्ति का पता बताने वाले को उचित ईनाम दिया जाएगा।**

# खेलों से होता है शारीरिक एवं मानसिक विकास: डीएम

## नेहरू स्टेडियम में जनपदीय माध्यमिक विद्यालीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नेहरू स्टेडियम बिजनौर में 69वी उत्तर प्रदेश माध्यमिक विद्यालीय जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन अध्यक्ष एवं जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन यादव, उपाध्यक्ष एवं वित्त एवं लेखा अधिकारी मौ.आमिर खान, संयोजक एवं प्रधानाचार्य आरजेपी कैप्टन बिशनलाल, संयोजिका एवं केपीएस प्रधानाचार्य संगीता गुप्ता की देखरेख में आरंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व शान्ति के प्रतीक खेल ध्वज फहरा कर एवं कबूतर उड़ाकर किया गया।





इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल बेहतर समन्वय एवं नेतृत्व की क्षमता उत्पन्न करता है। साथ ही खेलों से शारीरिक एवं मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास में वृद्धि व ध्यान केंद्रित आदि की प्राप्ति होती है। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अध्यक्ष एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री यादव ने कहा कि खेलों से खिलाड़ियों में समय प्रबंधन, अनुशासन और दृढ़ता जैसे गुणों का विकास होता। सांस्कृतिक कार्यक्रम में केपीएस इंटर कॉलेज द्वारा स्वागत गीत एवं किसान इंटर कॉलेज मंडावली, आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आरजेपी इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा पीटी की गई। एनसीसी एवं स्काउट गाइड द्वारा मार्च पास्ट किया गया। संयोजक बिशन लाल एवं संयोजिका संगीता गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नेहरू स्टेडियम में सुधीर कुमार राजपूत, अरशद अली, डॉ. पवन कुमार, नौशाद अख्तर, डॉ. मंजू देवी आदि ने मनभावन रंगोली बराई।

इस अवसर पर एडीआईओएस जितेंद्र कुमार, निशांत यादव जीआईसी प्रधानाचार्य, धर्मवीर सिंह, सुभाष चंद्र, राकेश कुमार शर्मा, खेल प्रभारी, डॉ. निर्मला शर्मा, केआईसी प्रधानाचार्या, सुनीति त्यागी, प्रधानाचार्य जीजीआईसी बिजनौर मौहम्मद इरफान प्रधानाचार्य बीआईसी बिजनौर, मीरा रानी प्रधानाचार्य आर्य कन्या इंटर कॉलेज, मजहर नामी प्रधानाचार्य मुस्लिम इंटर कॉलेज किरतपुर, मेघराज सिंह प्रधानाचार्य आरएचएस इंटर कॉलेज हल्दौर, भूपेंद्र कुमार प्रधानाचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज नजीबाबाद, सुभाष चंद्र प्रधानाचार्य आ. ग्रा. इंटर कॉलेज चंदक, ऋषि राम प्रधानाचार्य बीएसए इंटर कॉलेज कादराबाद, इंद्रपाल सिंह प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज अस्करीपुर, शबाना परवीन प्रधानाचार्य निजीमुद्दौला नजीबाबाद, उपप्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, नरेंद्र कुमार, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, सीटीओ भूपेंद्र पाल सिंह, अतुल कुमार रस्तोगी, चंचल पांडेय, नागेंद्र कुमार, राहुल कुमार, मौहम्मद यूनुस, अतिफ, राजेंद्र सिंह सोलंकी, निधि, विजेंद्र कुमार, खुशी रानी, अजय कुमार, आलोक कुमार, कमल उपाध्यक्ष, अरुण कुमार, अतुल कुमार, डॉ. सुनील कुमार, नरेश कुमार, जयप्रकाश पटेल आदि का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का संचालन गयूर आसिफ, मनोज कुमार यादव, चंद्रहास सिंह व राजेंद्र सिंह सोलंकी ने संयुक्त रूप से किया।

## विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के लिए नगर पालिका में बैठक



### सुझाव देने के लिए किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर पालिका परिषद किरतपुर में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान के तहत फीडबैक प्राप्त करने हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान एवं अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में उपस्थित वार्ड सभासदगण एवं गणमान्य नागरिकों को विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्म निर्भर भारत, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, शताब्दी संकल्प 2047 के अंतर्गत शासन द्वारा चिन्हित 12 सेक्टरों में अपने सुझाव देने हेतु प्रेरित किया गया।

अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक नागरिक से विकास के लिए मूल्यवान सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से QR कोड व ऑनलाइन लिंक जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से जनता अपने विचार साझा कर सकती है। बैठक में प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा, लेखाकार सुरेंद्र सिंह, ज्ञानेश्वरा नंद, बाबूराम सहित सभी पालिका कर्मचारी एवं वार्ड सभासदगण उपस्थित रहे।

# वाल्मीकि जयंती पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा

### सुंदर झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम मौजपुर जैतरा में भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में रंग दिया।

शोभा यात्रा का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार राणा, नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह और पूर्व प्रधान आदित्य चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों का स्वागत वाल्मीकि समाज की ओर से पगड़ी बांधकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। शोभा यात्रा गांधी आश्रम जैतरा से प्रारंभ हुई और ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। जगह-जगह पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। वहीं कई स्थानों पर हलवे का प्रसाद वितरित किया गया।



शोभा यात्रा में भगवान महर्षि वाल्मीकि, मां शेरावाली, वीर हनुमान, राम दरबार, खाटू श्याम, राधा-कृष्ण और मां सरस्वती की भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। अखाड़ा दलों ने भी अपने अद्भुत प्रदर्शन से लोगों का मन मोह लिया।

यात्रा अपने निर्धारित मार्गों से होते हुए वाल्मीकि मंदिर, गांधी आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई, जहां वाल्मीकि समाज के लोगों ने भगवान महर्षि वाल्मीकि के चरणों में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर राजीव टांक (अध्यक्ष), राकेश सेलवान (महामंत्री), अरविंद सेलवान (कोषाध्यक्ष) विवेक कुमार, बबलू सिंह, राहुल कुमार, दीपक कुमार, सौरभ कार्तिक, सुरेश , मुकेश कुमार, अरविंद सिंह, भूपेंद्र कुमार, दिव्यांशु, रोहित सहित नवयुवक वाल्मीकि समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

## रामायण पाठ का समापन

**किरतपुर।** संत शिरोमणि महर्षि वाल्मीकि के प्रकोत्सव के मौके पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वाल्मीकि आश्रम मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती में चल रहे वाल्मीकि रामायण पाठ का विधिवत समापन हुआ।

सुबह भगवान वाल्मीकि की पूजा-अर्चना और हवन-यज्ञ के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके उपरांत प्रभात फेरी निक. ाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। शाम को वाल्मीकि मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे वाल्मीकि ध्वज, उसके पीछे बैंड दल और भगवान वाल्मीकि की अखंड ज्योति रही। मंगलवार को ही वाल्मीकि मंदिर में अखंड पाठ का आरंभ हुआ था, जिसमें भजन-कीर्तन और संध्या आरती का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम में दयाल सिंह, प्रेम भगत, राजीव प्रसाद, विक्की, महेश चंद्र, प्रकाश, ओमी, कपिल, गुड्डू, सुंदर, विशाल परचा, सूरज, रमेश, अशोक आदि सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# ठाठजट में 11 अक्टूबर को होगा विशाल दीपावली मिलन समारोह

## विधायक राणा ने अपने कार्यकाल में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक कुमार राणा ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता कर 11 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशाल दीपावली मिलन समारोह की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम उनके निवास स्थान ग्राम ठाठजट में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 40 से 50 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है।

विधायक राणा ने बताया कि यह दीपावली मिलन समारोह क्षेत्रीय स्तर पर अब तक का सबसे बड़ा जनसमारोह होगा। इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि तथा जिले के विभिन्न कोनों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दीपावली के इस पावन पर्व पर सामाजिक और राजनीतिक एकता का संदेश दें।



प्रेस वार्ता के दौरान विधायक राणा ने अपने कार्यकाल में चल रहे विकास कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धामपुर विधानसभा में रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण, रोडवेज बस अड्डे का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग (हाईवे) का चौड़ीकरण जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य प्रगति पर हैं। विधायक ने कहा कि इन विकास योजनाओं से धामपुर क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि धामपुर में अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव भी अंतिम चरण में है, जिससे नगर में जाम की समस्या से काफी राहत मिलेगी। इसके साथ ही विधायक ने घोषणा की कि भगत सिंह चौक धामपुर पर घड़ी टावर व लाइट लगाने का कार्य शीघ्र ही उनकी विधायक निधि से कराया जाएगा। वहीं शीला टॉकीज के पास पुलिया निर्माण की फाइल जिला कार्यालय भेजी जा चुकी है, और जल्द ही उसका निर्माण कार्य शुरू होगा।

विधायक राणा ने कहा कि 11 अक्टूबर का यह कार्यक्रम न केवल दीपावली का उत्सव होगा, बल्कि यह जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद का भी अवसर बनेगा। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से धामपुर विधानसभा का विकास तीव्र गति से हो रहा है और आने वाले समय में धामपुर जिले के सबसे अग्रणी क्षेत्रों में शामिल होगा। नीरज प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## अकबर को पांच साल का कठोर कारावास व बीस हजार के अर्थदंड की सजा

**किरतपुर।** 21 जून 2024 को पीड़िता द्वारा थाना किरतपुर पर तहरीर दी गई थी कि अकबर पुत्र मौहम्मद अरशद निवासी मौहल्ला शीशग्रान, किरतपुर ने पीड़िता और उसकी देवरानी की पुत्री को घुमाने के बहाने स्कूटी पर बैठाकर ले गया था। जहां दोनों के साथ गलत हरकत की गई और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मु.अ.सं. 291/24 धारा 363, 354, 506 भादवि व धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मामले में स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। लंबी सुनवाई के बाद आज माननीय विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, बिजनौर ने आरोपी अकबर को धारा 10 पॉक्सो एक्ट व धारा 363, 506 भादवि के तहत 5 वर्ष के कठोर कारावास और बीस हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

# धामपुर शुगर मिल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल द्वारा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत दो वर्षों से लगातार मिल से जुड़े गांवों में नि:शुल्क मोबाइल हेल्थ सेवाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में मिल परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रमिकों, कर्मचारियों, बच्चों और उनके परिवारों सहित लगभग 220 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर दवाइयां प्राप्त कीं।

शिविर का उद्घाटन धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रमिकों व कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की और कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। मिल परिवार का हर सदस्य स्वस्थ रहेगा तो उत्पादन भी सशक्त होगा।



यह स्वास्थ्य शिविर पीएचडी रूरल सर्विसेज, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया गया। संस्था के अनुभवी चिकित्सक डॉ. सुमित यादव व मुख्य फार्मासिस्ट मौहम्मद उस्मान ने प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श दिया। उल्लेखनीय है कि धामपुर शुगर मिल द्वारा जुलाई 2023 से अगस्त 2024 तक कुल 120 स्वास्थ्य शिविर विभिन्न गांवों में आयोजित किए जा चुके हैं। जिनमें लगभग 12,272 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। इनमें से पांच शिविर आंखों की जांच के लिए लगाए गए थे, जिनमें 783 मरीजों का उपचार हुआ तथा 507 पुरुषों और महिलाओं को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। वर्तमान वर्ष में तक अब तक 130 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 15,945 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। इनमें से छह शिविर आंखों के उपचार हेतु लगाए गए, जबकि आगामी दिनों में छह और नेत्र शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक गन्ना ओमवीर सिंह, इंजी. नियरिंग हेड अभय शर्मा, एचआर हेड विवेक सिंह यादव, कारखाना महाप्र. बंधक विजय कुमार गुप्ता, मनोज चौहान, अजय पांडेय, विशेष शर्मा, शरद गहलोत, राजेश कश्यप, सुरजन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, उत्तम सिंह, वीरेंद्र यादव, शिखर चंद आदि मौजूद रहे। शिविर के संचालन में कमल सिंह पंवार, विजय कुमार, कविता रानी व राजेंद्र सिंह का विशेष सहयोग रहा। श्रमिकों और कर्मचारियों ने इस पहल के लिए मिल प्रबंधन का आभार जताया और कहा कि धामपुर शुगर मिल न केवल उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी मिसाल पेश कर रही है।

## एक नजर

### भाकियू का टोल प्लाजा पर धरना



**किरतपुर।** नेशनल हाईवे पर अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर भाकियू (अराजनैतिक) कार्यकर्ताओं ने भनेड़ा टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने करीब एक घंटे तक टोल फ्री रखा और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार और पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश कुमार से किसानों ने वार्ता की। किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर हाईवे से जुड़ी अधूरी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराने की मांग रखी। किसानों ने ज्ञापन में गांव बुढ़पुर नैन सिंह की सर्विस रोड, स्वाहेड़ी मेडिकल कॉलेज की सर्विस रोड, गांव चाड़कतुर्क में किरतपुर बिजलीघर से अंडरपास तक और वहां से पश्चिम दिशा की सर्विस रोड का निर्माण कराने की मांग की। इसके अलावा मोचीपुरा और जलालाबाद में नालों के निर्माण व 132 केवीए लाइन से प्रभावित किसानों की फसलों का उचित मुआवजा दिलाने की भी मांग की गई। धरना स्थल पर कुलवीर सिंह, गजेन्द्र सिंह, ब्लाक अध्यक्ष अरविंद राजपूत, मुकुल राजपूत, मनोज कुमार, बृजेश आदि किसान मौजूद रहे।

### मुंशी प्रेमचंद को अर्पित की पुष्पांजलि

**कोतवाली देहात।** मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। ग्राम शादीपुर स्थित विवेक पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद देवेंद्र कुमार ने कहा कि प्रेमचंद ने अपनी रचनाओं के माध्यम से जन चेतना का कार्य किया। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को अपने कलाम के माध्यम से उठाया। मुंशी प्रेमचंद ने दबे कुचले वर्ग की आवाज को लेखनी के माध्यम से बुलंद किया। इस अवसर पर मुंशी प्रेमचंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को पंकज ठाकुर, मोहित शर्मा, ब्रज बहादुर सिंह, मनजीत सिंह, राजीव शर्मा, आदर्श शर्मा आदि ने संबोधित किया।

### प्रधान की फर्जी फेसबुक आईडी बनाई

**कोतवाली देहात।** ग्राम उमरी के प्रधान अली ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके नाम से किसी ने फेसबुक पर प्रधान उमरी के नाम से फर्जी आईडी बना रखी है। उक्त आईडी से आपत्तिजनक कमेंट किए जा रहे हैं, जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। शहबाज अली ने आईडी के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**कोतवाली देहात।** ग्राम मिर्जापुर महेश उर्फ बांकपुर निवासी सुरेंद्र सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल से 1 अक्टूबर को रामलीला देखने ग्राम पेरूवाला गया था। रात्रि 11:00 बजे जब वह वापस आने के लिए मोटरसाइकिल लेने गया तब मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। काफी ढूंढने के बाद भी मोटरसाइकिल नहीं मिली। सुरेंद्र सिंह ने घटना की तहरीर थाने में दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोटर साइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मधुमक्खियों के हमले में तीन घायल

**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर बस अड्डे के पास मधुमक्खियों के दल ने रास्ते से जा रहे राहगीरों पर हमला कर दिया। हमले में ग्राम शादीपुर निवासी अनमोल वर्मा, सचिन वर्मा, वंश वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने धुआं करके मधुमक्खियों को भगाया। घायलों का निजी चिकित्सक के यहां उपचार चल रहा है।

## एक नजर

### भाजपा मंडल अध्यक्ष का स्वागत



**कोतवाली देहात।** कोतवाली ब्लॉक के वार्ड 4 से भाजपा से संभावित प्रत्याशी सोनू सैनी ने भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर पटका पहनाकर स्वागत किया। सोनू सैनी ने मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा को एक पत्र देकर कहा कि यदि भाजपा कोतवाली ब्लॉक के वार्ड नंबर 4 से मुझे अपना प्रत्याशी बनती है। तो मैं यह सीट भाजपा को कई हजार मतों से जीतकर भाजपा के खाते में दूंगा। क्षेत्र का विकास करूंगा। सोनू सैनी ने सुभाष शर्मा से कहा कि आप मेरा मांग पत्र जिले प्रदेश के उच्च पदाधिकारी को देकर मुझे भाजपा से समर्थित कैंडिडेट बनाने की अपील करें।

### कैंटर में विद्युत तार फंसने से मचा हड़कंप



**नहटौर।** आज दोपहर करीब तीन बजे एक डीसीएम कैंटर ईदगाह की ओर से आ रहा था। धामपुर मार्ग पर ईदगाह मोड़ पर डीसीएम में लटके विद्युत केबिल फंस गए। केबिल खींचने के दौरान पास में ही रखे विद्युत ट्रांसफार्मर के तारों में आग लग गई और ट्रांसफार्मर से तेल निकलकर नीचे गिरने पर हड़कंप मच गया। एक बच्ची भी चपेट में आने से बाल बाल बच गई। सूचना पर विद्युत विभाग की टीम व पुलिस मौके पर पहुंची। डीसीएम कैंटर को रोक लिया गया। जेई चेतराम सिंह का कहना है कि लाईन को सही कराया जा रहा है।

### वायुसेना स्थापना दिवस मनाया



**हल्दौर।** नगर के एक बैंक्वेट हॉल में भारतीय वायुसेना स्थापना दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त वायु सैनिकों द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिकों ने एक-दूसरे को वायुसेना दिवस की शुभकामनाएं दीं और देश की सुरक्षा में वायुसेना के अमूल्य योगदान को याद किया। इस अवसर पर सीताराम सिंह ने कहा कि भारतीय वायुसेना न केवल देश की सीमाओं की रक्षा करती है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं, राहत और बचाव अभियानों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान सूरजमल, सुरेश चंद्रा, ब्रह्मपाल सिंह, यशपाल सिंह, गोपाल शरण, रजनीश चौहान, योगेश कुमार शर्मा, चंद्रशेखर सिंह, ओमकार सिंह, दिनेश कुमार, लाल बहादुर सिंह, देवेंद्र सिंह, राकेश सिंह, राजेश कुमार दिवाकर सहित कई पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

### भाकियू की मासिक बैठक



**हल्दौर।** ब्लॉक कार्यालय परिसर में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख मुद्दा बिलाई चीनी मिल द्वारा किसानों का लंबित गन्ना भुगतान रहा। संगठन के वरिष्ठ नेता हुकुम सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह ने कहा कि मिल की लापरवाही के कारण किसानों के गन्ने का समस्त बकाया भुगतान न होने से आर्थिक तंगी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाएगा। बैठक में बिजनौर तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि गन्ना पेराई सत्र प्रारंभ होने से पूर्व गन्ने का मूल्य 500 प्रति क्विंटल घोषित किया जाए। जिलाध्यक्ष नितिन सिरो. ही ने बिजनौर से होकर गंगा एक्सप्रेसवे निकालने, क्षेत्र में गुलदार व संरक्षित पशुओं से किसानों को राहत दिलाने तथा स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया। किसान संगठन की ओर से मुख्यमंत्री को लगभग एक हजार पोस्टकार्ड भेजे गए। बैठक में शुभम चौधरी, अशोक कुमार, संजीव कुमार, मोहित कुमार, नतेंद्र प्रधान, महाशय घनश्याम सिंह, टीकम सिंह, विपिन कुमार, बोबी, अशोक कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण न होने से परेशानी

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद तहसील मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम अकबरपुर चौगांवा में एक सड़क कई दशकों से नहीं बनी। जिससे सड़क पर चलना ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। चौक बाजार से होती हुई अकबरपुर चौगांवा, मलूकवाली, भोगपुर, बिजौरी, नयागांव होते हुए यह सड़क दर्जनों गांवों को नजीबाबाद शहर से जोड़ती है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पीडब्ल्यूडी विभाग की उदासीनता के चलते यह सड़क कई दशकों से नहीं बनी है। जिससे आएदिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जिससे आएदिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। टूटी सड़क पर बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्राम मलूकवाली, भोगपुर व बिजौरी आदि गांव के ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राएं इसी रोड से होकर निकलते हैं। जिससे उनका इस रोड से गुजरना जोखिम भरा साबित हो रहा है। इन गांवों के छात्र-छात्राएं पांच किलोमीटर लम्बा सफर कर नजीबाबाद विद्यालय में पहुंच रहे है। इस कारण छात्र-छात्राओं का काफी समय बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त सड़क की जल्दी बनवाने की मांग की है।

### शोषित दलित मुस्लिम समाज पार्टी का गठन

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम अलीपुरा निवासी डॉ. कृष्ण दत्त ने क्षेत्र के दबे कुचले, मजलूमों व सभी समाज के गरीब लोगों की आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक स्थिति को देखते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने को शोषित दलित मुस्लिम समाज पार्टी का गठन किया है। उन्होंने कहा कि इस पार्टी के माध्यम से समाज के खासकर दलित व मुस्लिम समाज के लोगों को जोड़कर उनकी समस्याओं का समाधान कराने व उन्हें उनके अधिकार दिलाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी मुस्लिम व दलित समाज के लोगों से आगे आकर उनकी पार्टी से जुड़ने व उनके साथ कंध से कंधा मिलाकर चलते हुए मजबूती प्रदान करने की अपील की है। शोषित दलित मुस्लिम समाज पार्टी का डॉ. कृष्णदत्त राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौ. ताहिर हुसैन को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है।

सदर विधायक ने जिलाधिकारी से मिलकर वास्तवित तथ्यों की दी जानकारी, नोटिस दिए गए नम्बर वाली भूमि पर होती थी खेती, भू स्वामी राम सुनीति देवी ने प्लाटिंग कर दस्तावेज कराये थे पंजीकृत

# पूर्व भाजपा विधायक ने भू स्वामी से मिलकर कराया था कथित तालाब वाली भूमि पर भराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सम्भल।** कथित तालाब पर बने मकानों पर जारी किए नोटिस प्रकरण में सदर विधायक इकबाल महमूद ने स्वामित्व के सम्बंध में प्रेस वार्ता की और सभी वास्तविक तथ्यों रखते हुए पर्दाफाश किया कि भाजपा के पूर्व दिवंगत विधायक सत्य प्रकाश गुप्ता ने इसका भराव कराया था। जबकि भूमि की असली स्वामी ने स्थानीय लोगों को अपनी भूमि बेचकर उनके मकान तामीर कराये हैं जबकि तहसीलदार ने जो नोटिस दिया है वह कानून से परे है बल्कि वास्तविकता से भी कोसो दूर है।

हातिम सराय स्थित कथित तालाब जिसका नम्बर 84 बताकर तहसीलदार की ओर से नोटिस देकर वहां बने मकानों पर लाल निशान लगाकर तोड़ने की चेतावनी दी गई है। जिस पर अपने जीवन की खून पसीने की कमाई से इमारते बनाकर लोग अपने परिवार संग रह रहे लोग सकते में आ गए है। राजस्व प्रशासन की इस मनमानी कार्यवाही को लेकर महिलाओं ओर बच्चों का रोना बिलखना देखा नहीं जा रहा है। जबकि अचानक ही राजस्व प्रशासन की ओर से मकानों वाली भूमि को तालाब बताकर दिए गए नोटिस पर वहां हड़कम्प मचा हुआ है। वास्तविकता से परे नोटिस पर सदर विधायक इकबाल महमूद ने सवाल खड़े किए और कथित तालाब वाली भूमि को लेकर जिलाधिकारी से मिले। डीएम से मिलकर आए सदर विधायक ने सांय अपने आवास पर प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए पत्रकारों को बताया कि तहसीलदार ने जिस 84 नम्बर की भूमि को तालाब बताकर नोटिस दिया है उसमें खेती होती थी।

### सदर विधायक ने डीएम से मिलकर किया पर्दाफाश, तहसील प्रशासन पर खड़े किए बड़े सवाल

जबकि उक्त भूमि के 84, 85 और 86 नम्बर हैं। सभी नम्बर पर राजस्व रिकार्ड में खेती दर्ज है। जबकि सन 1967 के राजस्व रिकार्ड में भी खेती दर्ज है जबकि मामला उनके मौहल्ले का है। उन्होने स्वयं भी इस स्थान पर खेती होती देखी है। उन्होने कहा कि जिस भूमि को नॉन जेड ए की भूमि बताकर मकान स्वामियों को नोटिस दिए गए है। उस भूमि की असली स्वामी राम सुनीति देवी थीं। भाजपा के दिवंगत विधायक सत्य प्रकाश गुप्ता ने स्वयं रामसुनीति देवी के साथ उस भूमि पर भराव कराया था। उसके बाद उस भूमि को प्लाटिंग करके बेचा गया था। जमीन को खरीदने के बाद ही गरीबों ने अपने मकानों का निर्माण कराया था। जबकि वर्ष 2008 में इस भूमि पर बने मकान स्वामी की ओर से दीवानी न्यायालय में मुकदमा दायर किया था। 17 साल से मुकदमा अदालत में विचाराधीन है। उस पर सुनवायी चल रही है लेकिन राजस्व प्रशासन उसमें अपनी कोई गवाही देने नहीं जाता है,क्योंकि उनके पास तालाब होने का कोई रिकार्ड ही नहीं है इसलिए राजस्व प्रशासन मुकदमें में जाने से कतराता है। उन्होने कहा कि यदि राजस्व प्रशासन पर तालाब होने का कोई साक्ष्य होता तो वह अदालत में अपनी बात रखता। उन्होने पत्रकारों को बताया कि जिलाधिकारी से मिलकर सभी तथ्यों डीएम के समक्ष रख दिया है। जिलाधिकारी को वास्तविकता की जानकारी दी गई है। डीएम ने उन्हे अगली किसी कार्रवाई करने से पूर्व उनकी बात को अनसुना नहीं करने और सभी कुछ जानने के बाद ही कोई कदम उठाने का आशवासन दिया गया है।

# गायब पीएम रिपोर्ट पर चिकित्सक पर कार्रवाइ न होने से भाकियू नाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बैमौसम बारिश से हुए फसलों के नुक्सान का आंकलन कर मुआवजा दिलाने व डीएम के आदेशानुसार खाद बिक्री केन्द्रों पर नहीं मिलने से गुस्साय भाकियू असली कार्यकर्ताओं ने डीएम के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने तेज हवा व धान और बाजरा एवं आलू की अगैती को भारी नुक्सान का आंकलन कराकर मुआवजा दिलाये जाने की मांग की जबकि डीएम के आदेश के बाद भी खाद बिक्री केन्द्रों पर खाद नहीं मिलने पर रोष जताया और ओवर रेट में जहां तहां से खरीदकर किसानों को हो रहे नुक्सान की जानकारी दी। जबकि सरकारी केन्द्रों पर अभी तक धान की खरीद नहीं होने ओर तत्काल खरीदारी शुरू कराने की मांग की। इसी के साथ जुनावइ के किसान की हत्या की पीएम रिपोर्ट अभी तक गायब होने और चिकित्सक पर कार्रवाई न होने पर भी रोष ताया।

# जर्जर बन चुके प्राचीन स्कूल का जीर्णोद्धार नहीं तो धरना-प्रर्दशन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** शहर की शान और प्राचीन तथा अलग पहचान रखने वाले नगर पालिका परिषद के स्कूल के जर्जर भवन की अंदेखी और उसका जीर्णोद्धार नहीं कराने से नाराज आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। कई बार शिकायत की अंदेखी करने के विरोध में धरना प्रर्दशन करने का निर्णय लिया गया है। सेना के पदाधिकारी ने इसके लिए नगर मजिस्ट्रेट से धरना-प्रदशन की अनुमति मांगी है।

नगर के बीचो-बीच मुख्य बाज़ार स्थित नगर पालिका परिषद का प्राचीन स्कूल है। अपने समय की सुन्दर इमारत तथा इसमें पढ़ लिखकर जाने वाले शिक्षार्थी देश के उच्चे पदों पर आसीन रहकर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। बरसों पुराने और बहुत पुरानी स्कूल की इमारत की देखभाल नहीं करने से इतारत कमज़ोर होती चली गई। जिसका नतीजा कभी सकूल में स्कूली समय में मुख्य बाज़ार मे नौनिहालों की चहल-पहल और शैक्षिक शोर देने वाला स्कूल जर्जर हो गया और धीरे-धीरे जगह-जगह से गिरने लगा। बिल्डंग के खस्ता होने से उसमें पढ़ने वाले नौनिहालों की संख्या भी घटती चली गई लेकिन शिक्षा विभाग और नगर पालिका परिषद की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया। गिरने के कगार पर खड़ी सुन्दर और प्राचीन स्कूल की इमारत को ठीक कराकर उसमें पहले की तरह नौनिहालों को शिक्षित बनाने के लिए कई संगठनों की आवाज उठी मगर कोई असर शिक्षा विभाग और नगर पालिका पर नहीं हो सका। अब आजाद अधिकार सेना की ओर से स्कूल की मरम्मत कराने की मांग की गई तो बताया गया कि लेकिन इस चार माह बाद भी स्कूल की मरम्मत के लिए पालिका की ओर से बोर्ड की बैठक में कोई बजट पास नहीं किया गया। दायं-बांय के कार्यों को कराने और सकूल की अंदेखी करने पर आजाद अधिकार सेना के पदाधिकारी खिजर गौस ने बीड़ा उठाते हुए मरम्मत कराने को सिटी मजिस्ट्रेट से धरना की अनुमति देने की मांग की तो बताया गया कि चार महापूर्व शासनआदेश संख्या 8- 5197-320(4) 15 वित्त आयोग 2024-25 के अंतर्गत बजट पास हो गया है लेकिन नगर पालिका परिषद सम्भल द्वारा प्राथमिक विद्यालय शेर खां सराय में मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। जबकि ऐसी स्थिति में जर्जर स्कूल भवंन पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं और बड़े हादसे को न्यौता दे रहा है। खिजर गौस ने बताया कि नगर पालिका सम्भल द्वारा लगातार लापरवाही अनियमिताए कार्यों में बरती जा रही है जिस ओर कोई ध्यान नहीं है वही विद्यालय की जर्जर बिल्डिंग किसी भी समय बड़े हादसे हो सकता है। वही जिले के जिम्मेदार अधिकारियों को बच्चों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। 25 अक्टूबर तक प्राथमिक विद्यालय भवन मैं मरम्मत निर्माण कार्य नहीं हुआ तो आजाद अधाकार सेना अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरिके से करने पर मजबूर होगी।

### आजाद अधिकार सेना ने उठाया बीड़ा दी चेतावनी

# गौसे पाक के सालाना उर्स में बांटा गया लंगर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गौसे पाक के सालाना उर्स के मौके पर दोपहर मे लंगर वितरण किया गया तो रात मे महफिले मिलाद पाक का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो की संख्या मे अकीदतमन्दों ने दरगाह पर हाजिरी दी।

नगर के मौहल्ला चमन सराय, शेर खां सराय स्थित दरगाह हजरत मियां मीरन शाह मे पीराने पीर दस्तगीर रौशन जमीर गौसे पाक शेख अब्दुल कादिर जिलानी के झण्डे मुबारक पर पम्परागत तरीके से सालाना उर्स का आयोजन किया गया है। उर्स के पहलें दिन दरगाह मे कुरआन ख्वानी, दोपहर मे लंगर का वितरण किया गया। रात्रि मे महफिले मिलाद पाक हुआ जिसमे अकीदतमन्दों ने हाजिरी देकर महफिले मिलाद पाक को सुना। दोपहर बाद नमाजे जौहर लंगर बांटे जाने के बाद मलगों के द्वारा अली मौला की नारे लगाकर दम मदार बेड़ा पार का नारा बुलन्द किया गया। इस मौके पर डा. लियाकत अली, जब्बार एडवोकेट, गय्यूर अहमद एडवोकेट, सरफराज नवाज एडवोकेट, मौहम्मद नवाज एडवोकेट, रूवैद आलम उर्फ बब्लू, जकी खां साबरी, भूरा पहलवान साबरी, पत्र्कार मुजफ्फर हुसैन, फरजन्द अली वारसी, मौ. अकीब, फहीम मसूदी, अब्दुल्ला, काशिफ, आलिम आदि मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-कल्कि महोत्सव पर प्रमाण पत्र देते डीएम व एसपी।

### कल्कि महोत्सव के तीसरे दिन राजस्व, पुलिस प्रशासन का सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव के तीसरे दिन दूसरा सत्र जिलाधिकारी, व पुलिस अधीक्षक और राजस्व व पुलिस-प्रशासन के सम्मेलन का आयोजन किया गया।

बहजोई के बड़ा मैदान पर चल रहे कल्कि महोत्सव में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई का सम्मान की नयी परम्परा पंचोपचार से स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत कानूनगो एवं कवि सुखपाल सिंह गौर द्वारा कार्यक्रम में अपनी कविताओं द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के अन्तर्गत डिप्टी कलेक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि जिलाधिकारी की प्रेरणा से हम जनपद में परिवर्तन देख रहे हैं एक पुष्प एवं एक पुस्तक अभियान के माध्यम से यहां अतिथियों का स्वागत किया जाता है तथा सम्भल कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव 2025 के अंतर्गत जनपद में एक नई परंपरा पंचोपचार से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम लोग सेवक हैं एवं आम जनमानस हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। किसी भी कार्य को करते समय यह हमेशा ध्यान रखें और उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग, निर्वाचन के कार्य और राजस्व संग्रह तथा आपदा के मामलों से संबंधित कार्य करता है और उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं के विषय में भी जानकारी दी।



सम्भल- मौहम्मदपुर टांडा में पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी की पुण्य तिथि मनाते।

### पुण्य तिथि पर पूर्व सीएम को किया याद

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी को पुण्य तिथि पर याद किया और श्रृद्धांजलि अर्पित की गयी।

ग्राम मौहम्मदपुर टांडा स्थित कांगेस के निर्वतमान जिलाध्यक्ष के कम्प कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विजय शर्मा ने कहा कि कमलापति त्रिपाठी रेल मंत्री रहे। उनका जन्म 3 सितम्बर, 1905 को हुआ था। वह मूल रूप से वह देवरिया जिले में पिंडी के त्रिपाठी परिवार से थे, जिन्हें लोकप्रिय रूप से पिंडी तिवारी कहा जाता था। औरंगजेब के समय के दौरान उनके पूर्वज वाराणसी में बस गए थे। उन्होंने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि एवं डी. लिट. किया था। उन्होंने दैनिक हिंदी अखबार के लिए एक पत्रकार के रूप में अपना करियर शुरू किया। वह दो टैब्लोइड्स के संपादक भी थे। उनका 19 वर्ष की आयु में विवाह हो गया था। उनके 5 बच्चे थे, जिनमें उनके तीन बेटे और दो बेटियां थीं। कमलपति त्रिपाठी स्वतंत्रता सेनानी भी थे। उन्होंने 1921 के दौरान असहयोग आंदोलन में भाग लिया। वह सविनय अवज्ञा आंदोलन में भी सक्रिय भागीदार थे, जिसके लिए वह जेल भी गये। 1942 में वे आंदोलन में भाग लेने के लिए मुंबई गए थे जब उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और तीन साल तक जेल भेज दिया गया था। इस अवसर पर चौधरी मुन्ना सिंह पुलकित चौधरी अर्चित चौधरी विनय कश्यप शिपु कश्यप संजीव कश्यप दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।



बबराला- सरस्वती कन्या उ. मा. विद्यालय में जागरूकता को वाल पैन्टिंग करती।

### जागरूकता को कराया वाल पैन्टिंग

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान,स्वाबलंबन के अभियान शमिशन शक्ति 5.0 हेतु प्रेरित करने और महिलाओं,बालिकाओं और समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज की गतिविधियां आपातकालीन सहायता हेतु नंबरों की वॉल पेंटिंग कराना जिसे शिक्षिका नेहा यादव ने छात्रा नंदिनी की सहायता से विद्यालय में वॉल पेंटिंग कराई। तत्पश्चात् स्मार्ट क्लास में सहायता नंबरों की विस्तृत जानकारी दिखाकर छात्राओं को जागरूक किया गया। प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं की सुरक्षा और समाज में बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए इन सहायता नंबरों को कंठस्थ कर लें और डायरी में नोट भी कर लें। समस्त शिक्षिका मीनाक्षी, कमलेश शर्मा, महक, नम्रता उपाध्याय, पुष्पा, गरिमा, प्रियंका और स्टाफ किरनपाल, हरकिशोर, जयवीर उपस्थित रहे।

# अपंजीकृत अस्पताल पर लगायी सील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अपंजीकृत और नियमों के विपरीत संचालित अस्पतालों पर लगातार कार्रवाई जारी है। नगर मजिस्ट्रेट ने हेल्थ केयर अस्पताल का निरीक्षण किया। वैद्य अभिलेख न मिलने पर अस्पताल को सील कर दिया गया।

ग्राम मल्ली सराय, सम्भल में अवस्थित ए.एस. हेल्थ केयर का नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में क्लीनिक के अन्दर लगभग 6-7 मरीज भर्ती मिले। जबकि क्लीनिक में अत्यंत बदबू एवं गन्दगी पायी गयी। इसके अलावा क्लीनिक अस्पताल के रूप में संचालित पाया गया। इस अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर एवं लेबर रूम अवस्थित पाया गया। क्लीनिक में मौहम्मद यूनुस पुत्र अब्दुल सलाम निवासी मौहम्मदपुर टांडा लोगों का इलाज करते हुए उपस्थित मिले। इनसे इनकी शैक्षिक योग्यता के बारे में पूछा गया तो इनके द्वारा अपने आप को इंटरमीडिएट बताया। इसके पश्चात इनसे पूछा गया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों का इलाज किस चिकित्सक के द्वारा किया जा रहा है, तो उनके द्वारा बताया गया कि अस्तपाल में डा. यामीन बैठते हैं। डा. यामीन को उपस्थित होने हेतु सम्बन्धित स्टाफ से अवगत कराने को कहा।डा. यामीन को उपस्थित होने हेतु सम्बन्धित स्टाफ से अवगत कराने को कहा। काफी समय बाद डा. यामीन उपस्थित आये। इनके द्वारा बताया गया कि यह बीयूएम एस डाक्टर हैं।



सम्भल- गवां मार्ग स्थित कोल्ड स्टोरेज में नक्शे के विपरीत निर्माण को ध्वसत करता बुल्डोजर जस्टिस।

# एनसीसी कैडेटस ने किया श्रमदान

**सम्भल।** बहमन पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स और विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में श्रमदान किया 23 एनसीसी बटालियन के तत्वाधान में एनसीसी कैडेट्स ने बच्चों को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आसपास हो रही गंदगी को किस प्रकार साफ सुथरा किया जा सकता है अपने-अपने अनुरूप श्रमदान किया और लोगों को श्रमदान करने के प्रति जागरूक भी किया। सभी छात्र-छात्राओं के एनसीसी कैडेट प्रेरणा स्रोत बने और उन्होंने श्रमदान में मुख्य भूमिका निभाई इस उपलक्ष में विद्यालय के प्रधानाचार्य शोभित कुमार रस्तोगी, विद्यालय की डायरेक्टर ताहिर उज जमा, विद्यालय के उप प्रधानाचार्य मोहम्मद ऑन नकवी आदि मौजूद रहे।

# 4 साल से बिना छत के आवास के नीचे रह रहा था परिवार



सम्भल- सिस्टम के भृष्ट रवैये के कारण बिन छत के मकान में पन्नी के नीचे रहता परिवार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गरीब परिवार को आवास मुहैया कराना, और अधूरा निर्माण कराकर बिना छत के उसे पूरा दिखाकर पैसा हड़प लेना तथा गरीब परिवार को ऐसे ही खुले आसमान के नीचे छोड़ देने का मामला सामने आया है। इसकी पोल तब खुली है, जब अधूरे पड़े निर्माण के नीचे खुले आसमान के नीचे गुजर कर रहे गरीब परिवार के अधूरे निर्माण आवास की दीवार बारिश के चलते गिर गई।

पवांसा विकासखंड के रझेड़ा सलेमपुर मामला सामने आया है। जहां गांव निवासी मुस्तकीम अपनी पत्नी तथा छोटे-छोटे तीन बच्चों के साथ सरकार द्वारा दिए गए आवास में खुले आसमान के नीचे रह रहा था। आवास को मिले लगभग 4 साल से अधिक समय बीत चुका है। ग्राम प्रधाान और संबंधित अधिकारियों द्वारा आवास तो दिया गया लेकिन आवास की छत नहीं डलवाई गई। बिना छत के अधूरे निर्माण को ऐसे ही छोड़ दिया गया। जहां पीड़ित परिवार ऊपर छत की जगह पन्नी डालकर अपना गुजारा करता आ रहा था। बारिश और ठंड के बीच ऐसे ही गुजारा चल रहा था। जहां लगभग आठ माह पहले पत्नी बीमार हुई और उसकी बीमारी के चलते मौत हो गई। मुस्तकीम पर छोटे-छोटे तीन बच्चे हैं। बिना पत्नी के वह अपने बच्चों का गुजारा कर रहा था। बीते दिनों लगातार हुई बारिश के चलते मंगलवार रात्रि अधूरे पड़े आवास की दीवार भर भरा कर गिर गई। जिसके ऊपर छत के स्थान पर डाली गई पन्नी भी गिर गई। अब मुस्तकीम अपने छोटे-छोटे तीन बच्चों के साथ इस खुले आसमान के नीचे रहने को फिर मजबूर है लेकिन आप उसकी दीवार भी नहीं है और छत पहले से ही नहीं थी। अब बात आती है कि आखिर अधिकारियों ने बिना छत डाले इसका पैसा कैसे निकाल दिया और आखिर छत क्यों नहीं डाली गई।

### बारिश में गिरी दीवार सिस्टम की खुली पोल

# मिशन शक्ति में बालिकाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत थाना कोतवाली सम्भल जनपद सम्भल क्षेत्रांतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मंडी किशन दास सराय में बालिकाओं की मीटिंग आयोजित कर, गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई और उन सभी को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाएं एवं साइबर अपराध से बचने के उपाय आदि से अवगत कराया गया तथा अधिक से अधिक लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया तथा 'मिशन शक्ति अभियान' के अंतर्गत 'महिला हेल्पलाइन 1090 हेल्पलाइन 112 स्वास्थ्य सेवा नंबर 102 एम्बुलेंस नंबर 108 साइबर क्राइम हेल्पलाइन न. 1930' के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई व घरेलू हिंसा के विरुद्व चुप्पी तोड़ने , उनके अधिकार के संबंधा में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम सब-इंस्पेक्टर राखी चौधरी, सब इंस्पेक्टर अनुज आर्य, एचसी राजपाल, आरक्षी प्रतिभा शामिल रहे।

# कोल्ड स्टोरेज में निर्माण पर गरजा बुल्डोजर जस्टिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कार्य पर एक बार फिर बुल्डोजर जस्टिस गरज गया। उपजिलाधिकारी के आदेश पर प्रशासनिक टीम ने बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्तीकरण कराया।

सम्भल आदमपुर गवां मार्ग पर मौहम्मद उवैस का कोल्ड स्टोरेज है। कोल्ड स्टोरेज के निर्माण का नक्शा स्वीकृत कराया गया था। आरोप है कि निर्माण कार्य नक्शे के विपरीत कराया गया। इसकी जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी ने नक्शा के विपरीत कराये गए निर्माण कार्य को ध्वस्तीकरण करने के निर्देश दिए थे। एसडीएम विकास चन्द्र के आदेश पर मल्ली सराय क्षेत्र स्थित कोल्ड स्टोरेज के किए गए निर्माण को धारा 10 के तहत बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्त कराया गया। बताया जा रहा है कि स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण किया गया था । प्रशासनिक रिपोर्ट की माने तो जिस जगह पर निर्माण कराया गया था उसे सड़क से 45 फीट की दूरी पर होना चाहिये था, जबकि मात्र 35 फीट पर निर्माण कराया गया। शिकायत मिलने के बाद तहसील प्रशासन जांच की थी। नियमों के विपरीत निर्माण पाए जाने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी गई। मौके पर पहुंची प्रशासनिक टीम की देखरेख में बाउंड्रीवॉल, गैराज और शेड को अवैध बताया गया था। इस दौरान कानून व शांति व्यवस्था के लिए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भरी मौजूद रहा। उधर उपजिलाधिकारी विकास चंद ने कहा कि अवैध निर्माण और कब्जे किसी भी हाल में छोड़े नहीं जायेंगे। जबकि निर्माण कार्य नियम क अनुसार ही कराये जाये अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाइ की जाती रहेगी।

### स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कार्य करने के आरोप

# तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** डी.ए.वी. फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ह्डी.ए. वी. स्पोर्ट्स 2025(बालिका वर्ग) का भव्य समापन हुआ। पूरे तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में बालिकाओं ने अनुशासन, उत्साह और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने विद्यालयों का गौरव बढ़ाया। अंतिम दिन का वातावरण उल्लास, रोमांच और राष्ट्रीय भावना से परिपूर्ण था।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में डी.ए. वी. खड़िया ने ओवरऑल विजेता का खिताब प्राप्त किया, जबकि उपविजेता रही डी.ए.वी. गेल। अंडर14 वर्ग में विजेता डी.ए.वी. गेल रही और उपविजेता डी.ए.वी. वाराणसी। अंडरख्र17 वर्ग में विजेता डी.ए.वी. गेल तथा उपविजेता डी. ए.वी. खड़िया रही। अंडरख्र19 वर्ग में विजेता डी.ए.वी. खड़िया और उपविजेता डी.ए.वी. कुमारगंज रही।सर्वश्रेष्ठ एथलीट के रूप में अंडर14 वर्ग से सौम्या यादव (डी. ए.वी. बबराला) अंडर17 वर्ग से दिया कुमारी (डी.ए.वी. गेल) तथा अंडर19 वर्ग से नीतू सिंह (डी.ए. वी. खड़िया को सम्मानित किया गया।खिलाड़ियों के उमंग और समर्पण ने दर्शकों को अभिभूत कर दिया।

# घायल लोहे के ठेकेदार ने दिल्ली में दम तोड़ा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** हादसे में घायल लोहे के ठेकेदार की उपचार के दौरान दिल्ली में मौत हो गयी। शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया।

थाना नखासा क्षेत्र के ग्राम पिपली रहमापुर निवासी फरमान अपने बच्चों के कपड़े लेने पांच दिन पूर्व सम्भल जा रहा था। तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार ठेकेदार ओर उनके चचेरे भाई को टक्कर मार दी थी। आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में फरमान व उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल को उपचार के लिए सम्भल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे लेकिन फरमान पुत्र छुट्टन की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर मुरादाबाद रेफर कर दिया गया था लेकिन हायर सेंटर में भी उसकी नाजूक हालत देखते हुए निजी अस्पताल मुरादाबाद में भर्ती कराया। वहां भी उसकी हालत में कोई सुधार नहीं आया और चिंता जनक हालत देख दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया था। वहां उसका इलाज चल रहा था। उपचार के दौरान फरमान की मौत हो गयी। मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में रोना बिलखना शुरू हो गया। फरमान की शादी अब से 8 साल पहले हुई थी जिसके दो बेटे हैं एक बेटा पांच साल आतिफ दूसरा बेटा ढाई साल का है। बच्चों के सर से पिता का साया उठने के बाद फरमान की पत्नी का व परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। फिलहाल सम्भल पुलिस ने इस मामले की पहले ही तैयारी लेकर पिकअप गाड़ी को पड़कर थाने में खड़ा कर दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल घर उचित कार्रवाई करने पीड़ित परिवार को आश्वासन दे रही है।मौत से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

### पांच दिन पूर्व पिकअप की टक्कर से हुआ था घायल

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ. सुहैल व उसकी पत्नी सुमायला झगड़ालु किस्म के लोग है। आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलोंच करते है और झूंठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देते रहते हैं। मैने अपने पुत्र व पुत्रवधू को बहुत समझाया मगर उक्त दोनों अपनी हरकतों से बाज नहीं आयै मजबूर होकर मैने अपने पुत्र मौ. सुहल व उसकी पत्नी सुमायला से सम्बंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके घर से निकाल दिया। अब वह दोनो अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**तसलीम पुत्र मौ. नूर**
नि. मौहल्ला कोटला सराय तरीन थाना हयात नगर तह. व जिला सम्भल।

★शाह टाइम्स★
खबरे छुपाता नही, छापता है।

# कटघर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ दो महिलाओं को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुरादाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना कटघर पुलिस ने दो महिलाओं को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 509 ग्राम चरस बरामद की है।जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मादक पदार्थों की रोकथाम व नशे के अवैध कारोबार में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कटघर पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान दो महिलाओं सुनीता पत्नी विजय सिंह निवासी बल्देवपुरी बसंत विहार, थाना कटघर, और पायल ठाकुर पत्नी भूरे निवासी सूर्यनगर लाइनपार, थाना मझोला को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी के दौरान दोनों के पास से कुल 509 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई।पुलिस ने दोनों महिलाओं को मौके से गिरफ्तार कर थाना कटघर लाया, जहां उनके खिलाफ एनडीपीएस



एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। थाना पुलिस के अनुसार, दोनों महिलाओं से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह चरस कहां से लाती थीं और किन लोगों को सप्लाई करती थीं।वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल का कहना है कि जनपद में नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की सतर्कता और निरंतर कार्रवाई से नशे के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बिना हेलमेट के मिल रहा पेट्रोल, नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रहीं धज्जियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो पेट्रोल के बैनर पोस्टर तो लगे हुए हैं मगर नो हेलमेट नो पेट्रोल के इस स्लोगन का पेट्रोल पंपों पर कितना पालन किया जा रहा है इसका उदाहरण जनपद के कांठ थाना क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पंप पर देखा जा सकता है।



थाना कांठ क्षेत्र में स्थित एक पेट्रोल पंप पर सड़क सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, थाना कांठ के पास स्थित इस पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट लगाए बाइक सवारों को बेखौफ तरीके से पेट्रोल दिया जा रहा है। जबकि शासन के सख्त निर्देश हैं कि बिना हेलमेट किसी भी दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल न दिया जाए। वहीं जिला प्रशासन भी नो हेलमेट नो पेट्रोल के इस स्लोगन को धरातल पर उतारने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल पंप संचालक पेट्रोल ना दें, मगर इसके बावजूद कई पेट्रोल पंप संचालक प्रशासन के इस आदेश का खुलेआम उल्लंघन करते दिख रहे हैं।वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस थाने के निकट होने के बावजूद पंप संचालक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इससे न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे पेट्रोल पंपों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि हेलमेट न पहनने वालों पर अंकुश लग सके और सड़क सुरक्षा को मजबूती मिले।

## एक नजर

### गौशाला में पशु आरोग्य मेले का हुआ आयोजन



**कांठ।** विकास खंड छजलैट के ग्राम रायपुर खुर्द में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया मेले का उद्घाटन विकास शर्मा जिला संयोजक गौ सेवा गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा गौ पूजन एवं फीता काटकर किया गया, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पशुपालन के संबंध में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है उनका किसान भरपूर फायदा उठाएं । मेला प्रभारी चिकित्सा अधिकारी छजलैट के द्वारा पशुओं में होने वाली बांझपन चिकित्सा के निवारण, कृमि नाशक दवा पान, टीकाकरण एवं पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों के रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, पशुधन प्रसार अधिकारी संजीव कुमार शर्मा के द्वारा सरकार के द्वारा गोवंश संरक्षण व बछिया वाले वर्गीकृत वीर्य के उपयोग से नस्ल सुधार के संबंध में विस्तार से बताया गया मेले में पशुधन प्रसार अधिकारी खूट खेड़ा, पशुधन प्रसार अधिकारी सिरसा ठाट, त्रिवेद कुमार, धर्मपाल सिंह पशु मित्र भुवनेश कुमार, केशव कुमार, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे। मेले में 240 पशुओं का पंजीकरण कर पशु चिकित्सा, ग्राम गर्भ परीक्षण, बधिया करण, टीकाकरण, कृमि नाशक दवा पान कराया गया।

### शादी के बाद अब पति के निवास स्थान के नजदीक हो सकेगा आंगनबाड़ी कार्यत्रियों का समायोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत कर्मचारी के लिए राहत की खबर है। अब आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपनी सहूलियत के केंद्र पर तैनाती पा सकेगी।नौकरी पाने के दौरान अविवाहित कर्मचारी अब पति के निवास और घर के नजदीकी केंद्र पर इनका समायोजन किया जाएगा। जनपद में 2770 आगनबाड़ी केंद्र हैं। प्रत्येक केंद्र पर कार्यकत्री और सहायिकाएं तैनात है। शादी के बाद सेवारत कर्मचारी सुविधाजनक केंद्र पाने के लिए लंबे समय से परेशान थीं। जिस समस्या के निदान के लिए शासन ने समायोजन की यह नियमावली जारी की है। जिसके बाद शासन से जारी समायोजन प्रक्रिया के पालन में विभाग जुट गया है।ऐसे लोगों से विभाग में प्रत्यावेदन की मांग की गई है। सहायिकाओं को भी इस सुविधा का लाभ मिलेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र राय का कहना है कि बाल विकास परियोजनाओं को पत्र जारी कर दिया गया है। जिसके तहत नियुक्त के समय बैचलर रही कार्यकत्रियों का समायोजन किया जाएगा।

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रियंका चौधरी सम्मानित




**कांठ( शाह टाइम्स )**अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर संविधान क्लब नई दिल्ली में एमवीएलए ग्लोबल राष्ट्रीय शिक्षक सामान समारोह 2025 आयोजित किया गया जिसमें पूरे भारत से विभिन्न प्रदेशो में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं प्रतिभाशाली 20 शिक्षकों को मेडल,प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गयासउत्तर प्रदेश से केवल दो शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिसमे विकास खंड छजलैट कांठ (मुरादाबाद) से प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर द्वितीय में कार्यरत सहायक अध्यापिका प्रियंका चौधरी शामिल हैस उनकी इस शानदार उपलब्धि पर आज उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर नीरज शर्मा, छजलैट ब्लॉक के अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही, आदि ने बधाई दी है।

### स्योंडारा कालेज की छात्रा दौड़ में रही प्रथम

**बिलारी।** आर पी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योंडारा की दो छात्राओं को जिला स्तर पर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय की प्रवक्ता डॉव अनुपम गुप्ता क्रीड़ा प्रभारी बालिका वर्ग, प्रधानाचार्य, प्रबंधक, अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इन बच्चियों ने ब्लॉक स्तरीय संकुल प्रतियोगिता में शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज में स्थान प्राप्त किया था उसके बाद आज जिला स्तर पर इनका चयन किया गया। जनपदीय शैक्षिक क्रीड़ा समारोह का एसएस इंटर कॉलेज मुरादाबाद में आज दूसरा दिन था।

# क्षेत्र पंचायत भगतपुर टांडा की बैठक 13 अक्तूबर को, विकास योजनाओं की प्रगति पर होगी चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** भगतपुर टांडा (मुरादाबाद) क्षेत्र पंचायत भगतपुरटांडा की अगली बैठक 13 अक्तूबर 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे विकास खंड भगतपुरटांडा के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता संतोष कुमार प्रमुख, क्षेत्र पंचायत भगतपुरटांडा करेंगे।

बैठक में समस्त सम्मानित सदस्यों से समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। बैठक का मुख्य एजेंडा निम्नलिखित रहेगा:गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि। राज्य और केन्द्रीय वित्तीय योजनाओं के तहत निर्माण कार्यों की प्रगति। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति। आवास प्लस सर्वे-2024 की प्रगति। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति। फैमिली आईडी बनवाने से संबंधित मुद्दों पर विचार। मनरेगा योजना की समीक्षा। समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा।

विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के शताब्दी पर्व से संबंधित गतिविधियों पर विचार। अन्य विषय, अध्यक्ष की अनुमति से। अमरसिंह खण्ड विकास अधिकारी, भगतपुरटांडा ने सभी संबंधित जिला और क्षेत्र पंचायत अधिकारियों, ग्राम पंचायत सचिवों और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को बैठक में आवश्यक तैयारी और उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। साथ ही स्थानीय समाचार पत्रों को बैठक की सूचना नि:शुल्क प्रकाशित करने का अनुरोध किया गया है।बैठक में पंचायत और विकास योजनाओं की समीक्षा के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और योजनाओं के क्रियान्वयन की गति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन की बैठक सम्पन्न

■ रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन (URKU) की बैठक रोडवेज स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। सम्पन्न हुई, जिसमें रेलवे कर्मचारियों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं और मांगों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में भारतीय मजदूर रेलवे संघ के राष्ट्रीय मंत्री अशोक शुक्ला ने कहा की अब हमारा कर्मचारी उत्पीड़न सहन नहीं करेगा लेकिन उसके लिए हम सबको मैदान पर आकर कार्य करना पड़ेगा संघर्ष करना पड़ेगा। डी आर यू सी सी सदस्य डॉक्टर पवन कुमार जैन ने कहा कि हमको कंफर्टेबल जॉन से बाहर निकलना पड़ेगा, किसी भी यूनियन को चलाने के लिए संघर्ष तो करना ही पड़ेगा। बैठक में मुख्य रूप से यह मुद्दे सामने आये कि अन्य यूनियनों से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है तथा यूनियन बैठक कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु कर्मचारियों को छुट्टियाँ स्वीकृत नहीं की जा रहीं। इस विषय पर अधिकारियों से चर्चा की आवश्यकता जताई गई। मंडल अध्यक्ष जयकुमार, मंडल कार्यकारी अध्यक्ष अजय कुमार, मंडल मंत्री शशिलेंद्र कुमार यादव, सहायक मंडल मंत्री सरमेंद्र कटारिया, बरेली शाखा मंत्री धर्मेन्द्र कुशवाह, लोको शाखा मंत्री अजय कुमार, भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अरुण गौड़, जिला कार्यकारी अध्यक्ष तरुण पाराशर, एम आर यूनियन के मनीष कुमार साहित्य सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आईएफटीएम में गुड टच और बैड टच पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार 'मिशन शक्ति फेज-5' अभियान के अंतर्गत फार्मेसी संकाय की ओर से "गुड टच और बैड टच" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक सुरक्षा, आत्मसम्मान, अनुि. चत व्यवहार की पहचान तथा सुरक्षा, संरक्षा, सम्मान स्वावलंबन और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत फार्मेसी एकेडमी की विभागाध्यक्षा डॉ. श्वेता वर्मा द्वारा अतिथियों के प्रति स्वागत भाषण से हुई। साथ ही उन्होंने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को छात्राओं के



सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। इस दौरान सी.एल. गुप्ता आई इंस्टीट्यूट की प्रशासक एवं पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट की संस्थापिका श्रीमती गरिमा सिंह मुख्य वक्ता एवं पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट की सदस्या श्रीमती कंचन अग्रवाल विशिष्ट वक्ता के रूप में रहीं। मुख्य वक्ता श्रीमती गरिमा सिंह ने अपने वक्तव्य में "गुड टच" और "बैड टच" के बीच अंतर को गहराई से समझने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा छात्राओं को किसी भी असहज परिस्थिति में अपने अभिभावकों या शिक्षकों से खुलकर बात करने की सलाह दी। वहीं श्रीमती कंचन अग्रवाल ने आत्म-सुरक्षा, आत्मविश्वास और जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को सजग एवं निर्भीक रहने की प्रेरणा दी।इस मौके पर स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेस की शिक्षिका डॉ. सुकीर्ति उपाध्याय ने कार्यक्रम के दौरान अति महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु मुख्य वक्ता श्रीमती गरिमा सिंह एवं विशिष्ट वक्ता श्रीमती कंचन अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि यह जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत प्रभावशाली और ज्ञानवर्धक रहा, जिसके माध्यम से निश्चित ही छात्राओं में सुरक्षा, आत्मसम्मान और संवाद की भावना को और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन फार्मेसी संकाय की शिक्षिका सुश्री रितिका सक्सेना ने किया। कार्यक्रम के दौरान फार्मेसी संकाय शिक्षिका डॉ. दीक्षा एवं श्रीमती स्वाति व अन्य कई शिक्षिकाओं समेत 50 से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# पराली से गन्ने में लगी आग, 06 बीघा गन्ना जला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेह गढ़ क्षेत्र के गांव रीठ व टोडकपुर के किसानों के खेत में खड़ी गन्ना की फसल में आग लग गई जिसमें छः बीघा गन्ना जल गया। सूचना पर थाना कुढफतेहगढ से उपनिरीक्षक आकाश यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बुधवार को दोपहर टोडकपुर के जंगल में एक धान के खेत में जल रही पराली की आग हवा से उड़कर पड़ोस में खेत में खड़ी गन्ना की फसल में पहुंच गई और एकदम आग खेत में फैल गई। आग की लपटें देख ग्रामीणों ने एकत्र होकर एक घंटे में आग पर काबू पाया तब तक बाबू पुत्र नत्थू निवासी रीठ तथा रिंकू पुत्र छत्रपाल निवासी टोडकपुर की छः बीघा गन्ना की फसल जल गई।

# जिला अस्पताल परिसर में स्थित प्राचीन बालाजी मंदिर पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी जिला अस्पताल परिसर स्थित प्राचीन बालाजी मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, चिकित्सकों, मरीजों के तीमारदारों सहित आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने बड़ी श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा, वहीं आयोजन स्थल पर भक्ति और सेवा का माहौल बना रहा।

प्राचीन बालाजी मंदिर के पुजारी महेश चंद्र ने बताया कि शारदीय नवरात्रों के पश्चात हर वर्ष पानी की टंकी के पास स्थित इस मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है, जिसमें अस्पताल परिसर में कार्यरत सभी कर्मचारी और स्थानीय श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। भंडारे में, पूड़ी-सब्जी,रायता और हलवा का प्रसाद वितरित किया गया।

लोगों ने प्रसाद ग्रहण करने के बाद भक्ति गीतों और जयकारों के साथ भगवान बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आयोजन में स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। श्रद्धालुओं ने कहा कि यह भंडारा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि अस्पताल में मानव सेवा और सामूहिक सद्भाव का भी संदेश देता है।

# मिशन शक्ति के तहत टीएमयू फिजियोथेरेपी की स्टुडेंट्स कॉल फॉर हेल्प को लेकर हुई अवेयर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस एवम् टीएमयू की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी की ओर से मिशन शक्ति 5.0 के तहत कॉल फॉर हेल्प जागरूकता कार्यक्रम में महिला सुरक्षा की सामूहिक प्रतिज्ञा ली गई। कार्यक्रम का मूल संदेश मदद बस एक कॉल की दूरी पर है, आपकी सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता रहा। समय पर मदद मांगना ही समझदारी है। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस मौके पर सर्कल अधिकारी- सीओ श्री राजेश कुमार बतौर मुख्य अतिथि, डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी की एचओडी एवम् मिशन शक्ति 5.0 की नोडल अधिकारी डॉ. शिवानी एम. कौल बतौर विशिष्ट अतिथि, पाकबड़ा के थाना प्रभारी- एसएचओ श्री योगेश मावी आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। सभी अतिथियों का पौधे देकर स्वागत किया गया। अंत में प्रतिभागियों ने पुलिस अधिकारियों से प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया। केस स्टडी अधिकारियों ने वास्तविक घटनाओं के उदाहरणों जरिए समय पर मदद मांगने के महत्व को विस्तार से बताया। सभी प्रतिभागियों को हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा उपायों की पुस्तिकाएं भी वितरित की गईं। मुख्य अतिथि सीओ श्री राजेश कुमार ने डिजिटल अरेस्ट और बचाव के उपाय पर बोलते हुए कहा, पुलिस कभी भी फोन/वीडियो कॉल से गिरफ्तार नहीं करती है। संदिग्ध कॉल की तुरंत रिपोर्ट करें। कभी भी दबाव में आकर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर न करें। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी साझा न करें। फिजियोथेरेपी की एचओडी एवम् मिशन शक्ति 5.0 की नोडल अधिकारी डॉ. शिवानी एम. कौल ने



कहा, यह कार्यक्रम केवल एक जागरूकता कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन की शुरुआत है। महिला सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहां प्रत्येक महिला सुरक्षित महसूस करे। निडर होकर अपने सपनों को साकार कर सके। पाकबड़ा थाना के एसएचओ श्री योगेश मावी ने महिला सुरक्षा के विभिन्न पहलू पर बोलते हुए कहा, महिलाएं अपना उत्पीड़न होने की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। डर या संकोच त्याग कर अपनी समस्या बेहिचक साझा करें। पुलिस की महिला अधिकारी संवेदनशीलता से उनकी समस्याएं सुनती हैं। महिला उत्पीड़न के प्रति समाज में सतर्कता बनाए रखें। महिला सुरक्षा टीम- एमएसटी श्रीमती चांद प्रभा ने हेल्पलाइन नंबरों- 1090- महिला हेल्पलाइन, 112- एकीकृत आपात कालीन सेवा, 181- महिला असहायता हेल्पलाइन, 1930- साइबर क्राइम हेल्पलाइन की विस्तार से जानकारी दी। एसआई श्रीमती स्वाति चौधरी ने कानूनी अधिकार और प्रावधान पर बोलते हुए कहा, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के विशेष प्रावधान पूर्ण गोपनीयता और सुरक्षा की गारंटी देता है। वक्ताओं ने कहा, किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। किसी को अपना ओटीपी न बताएं। स्क्रीनशॉट सबूत के रूप में संभाल कर रखें। शिकायत दर्ज कराने के लिए साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन का उपयोग करें। केवल सुरक्षित वेबसाइट्स- एचटीटीपीएस का उपयोग करें। सार्वजनिक वाई-फाई पर संवेदनशील लेनदेन से बचें। कार्यक्रम में एसआई सुकेश कुमार, एसआई श्री प्रशांत त्यागी के अलावा समन्वयक मिस शिप्रा गंगवार, मिस प्रिया शर्मा, हरीश शर्मा, रंजीत तिवारी के संग-संग बीपीटी, एमपीटी के छात्र-छात्राओं ने शिरकत की।

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र शाने आलम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में शाने आलम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **सुलेमान पुत्र जमील निवासी समाथल पाकबडा, जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मेरी पुत्री पूजा पत्नी रंजीत पुत्री ओमपाल सिंह निवासी संभल विवाह उपरांत गलत आचरण में पड़ गई है मेरी पत्नी व पुत्र की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। मैं पूजा के गलत व्यवहार से काफी परेशान हूं। इस कारण में पूजा को अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में मेरा पूजा के किसी भी कृत्यो/लेनदेन से कोई संबंध नहीं होगा।
**ओमपाल पुत्र पूरन सिंह निवासी प्रीतम नगर मंडी समिति के पीछे लाइनपार, थाना मझोला, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 187/2025
**तारीख पेशी:** 24.10.2025
**जगदीश बनाम लीलावती आदि।**
जगदीश उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र स्व. टीकाराम निवासी शिव मंदिर के पास, एकता कॉलोनी, लाईनपार, मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1. श्रीमती लीलावती उम्र करीब 36 वर्ष पत्नी नरेश कुमार पुत्री स्व. टीकाराम निवासी निकट एमडीए वॉटर टैंक, दुर्गानगर, लाईनपार, मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।
2. **जनता आम-विपक्षीगण।**
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा जगदीश हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा जगदीश मुसबफा टीकाराम अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 92,00,228/-रूपये हरगाह मुसम्मा जगदीश ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 24 मास 10 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।
दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

# बजरंग दल कार्यकर्ता शोभित की गोली मारकर हत्या के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कटघर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुराने विवाद के चलते बजरंग दल कार्यकर्ता शोभित की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।मामला थाना कटघर क्षेत्र का है, जहाँ दिनांक 29 सितंबर को बजरंग दल के कार्यकर्ता शोभित की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता घनश्याम, निवासी गुलाबबाड़ी चुंगी सूरजनगर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि उसके पुत्र शोभित की मोटरसाइकिल को कुछ आरोपियों ने जबरन रोक लिया था। इस दौरान उन्होंने वादी के पुत्र के साथ गाली-गलौज की और पुराने विवाद को लेकर जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच आरोपी अक्कू शर्मा ने अपने साथी अविनाश से फोन पर बात की, जिसके बाद अविनाश ने अक्कू शर्मा को आदेश दिया कि शोभित को गोली मार दो। आरोप के अनुसार, अक्कू शर्मा ने मौके पर ही शोभित की कनपटी पर गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

इस घटना के बाद थाना कटघर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए चार आरोपियों अक्कू उर्फ अनुकल्प शर्मा, जतिन उर्फ लाला, अविनाश और रोहित को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर चारों आरो. पियों को पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

अब इस मामले में कटघर थाना पुलिस ने एक और आरोपी हिमांशु यादव पुत्र सतवीर यादव निवासी ग्राम देहरी गांव थाना कटघर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# रोडवेज कर्मचारी संघ का क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर धरना आज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय मंत्री अरुण कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कल (आज) किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रांतीय नेतृत्व के द्वारा परिवहन निगम के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रबंध निदेशक महोदय परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ को आंदोलनात्मक नोटिस प्रेषित करते हुए समस्याओं का निराकरण करने का अनुरोध किया है, प्रेषित नोटिस में कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु द्वितीय चरण में 9 अक्टूबर को क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद पर समय 12 बजे से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम होना है, जिसमें उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ मुरादाबाद क्षेत्र के कार्मिक भारी संख्या में उपस्थित रहकर अपनी अपनी 12 सूत्रीय मांगों को मनवाने के लिए धरना प्रदर्शन कार्यक्रम करेंगे, यदि उसके उपरांत भी कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है, तो कार्मिक मजबूर होकर तृतीय चरण में 16 अक्टूबर को अपनी मांगों को मनवाने के लिए मुरादाबाद क्षेत्र से भारी संख्या में कार्मिक परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ में होने वाले धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के लिए प्रस्थान करेंगे।

## एक नजर

### बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

**कुंदरकी।** थाना कुंदरकी गेट के पास बुधवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जानकारी के अनुसार करुला पीर बाजार निवासी दानिश पुत्र मुन्नै अपनी पत्नी महिबश के साथ बाइक से करुला से कुंदरकी हरियाना की ओर आ रहे थे, तभी कुंदरकी थाना गेट के समीप एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में दानिश गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि पत्नी को भी चोटें आईं, राहगीरों की मदद से दोनों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से दानिश की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया, पुलिस जांच में जुटी है।

### हाईवे पर यादव समाज ने फरहान अख्तर की फिल्म को लेकर किया प्रदर्शन



**मूंढापांडे।** क्षेत्र के नेशनल हाईवे नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा पर यादव समाज ने इकट्ठा होकर फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर का नाम बदलकर 120 वीर अहीर करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है,जिपं सदस्य अजयबीर यादव ने कहा कि फिल्म में 1962 के युद्ध में यादव समाज के शहीदों के बलिदान को नजरअंदाज किया गया है, इसलिए टाइटल बदलना जरूरी है,यादव समाज के लोगों ने अभिनेता फरहान अख्तर की आने वाली फिल्म '120 बहादुर' के टाइटल को लेकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया, मूंढापांडे ब्लॉक प्रमुख डाक्टर नवदीप यादव ने कहा कि इस फिल्म का नाम बदलकर '120 वीर अहीर' किया जाए, ताकि 1962 के भारत-चीन युद्ध में यादव समाज की अहम भूमिका को सही तरीके से दर्शाया जा सके,यादव समाज के लोगों ने विरोध करते हुए कहा कि नहीं बदला फिल्म का नाम, तो होगा आंदोलन में प्रदर्शन कर रहे यादव समाज के सदस्यों ने सड़कों को जाम कर अपना विरोध जताया, उनका कहना है कि फिल्म निर्माताओं ने शहीद अहीर सैनिकों के बलिदान को नजरअंदाज किया है. प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर फिल्म का नाम नहीं बदला गया, तो आगे इससे बड़ा आंदोलन और बड़ा रूप ले सकता है।

### महिला सुरक्षा पुलिस टीम ने पूर्व माध्यमिक स्कूल में शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं के साथ की गोष्ठी



**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** महिला सुरक्षा टीम 13 द्वारा ग्राम असलेमपुर स्थित पूर्व माध्यमिक स्कूल मे शिक्षिकाओं छात्र छात्राओं के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी के दौरान छात्र शिक्षिकाओं व छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे- वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मात्र वंदना योजना, पीएम आवास योजना आदि तथा आपातकालीन हेल्पलाइन 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरित किये गए। टीम में उपनिरीक्षक ललित, महिला हेड कॉन्स्टेबल पूनम, कॉन्स्टेबल गौरव कुमार, कांस्टेबल रवि सैनी शामिल रहे।

### गर्भवती महिला के पेट मे घोंप दिया चाकू,गंभीर हालत मे हायर सेंटर रैफर

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर लेदा से एक बड़ा ही सनसनीखेज मामला सामने आया है,जहां एक सिरफिरे पति ने अपनी गर्भवती पत्नी के पेट मे चाकू घोंप दिया,महिला की हालत बिगड़ने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है,बताया जा रहा है कि उस दौरान महिला के गर्भ मे पल रहे बच्चे की मौत हो गई,जबकि महिला जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही है।

गर्भवती महिला का मायका जिला बिजनौर के रेहड़ का है,महिला के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपते हुए आरोपी पति सहित तीन लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।कोतवाली पुलिस ने महिला के पिता की तहरीर के आधार पर मामले मे जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में बायो ब्रेंज-10 विषय पर आयोजित हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की ओर से "बायो ब्रेंज-10" विषय पर एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के लगभग 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीएससी, माइक्रो बायोलॉजी, द्वितीय वर्ष की छात्रा श्रेया चौधरी प्रथम; बी.टेक, बायो टेक्नोलॉजी, द्वितीय वर्ष के छात्र सुमित शर्मा द्वितीय; एवं बी.एससी., माइक्रोबायोलॉजी, द्वितीय वर्ष की छात्रा सलोनी ने तृतीय स्थान पर रहीं, जिन्हें प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किए गए। आयोजित प्रतियोगिता के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ बायो टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. तंजील अहमद ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सभी प्रश्न बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और फूड टेक्नोलॉजी से संबंधित थे, जिनका उद्देश्य छात्र-छात्राओं की ज्ञान क्षमता, तर्कशक्ति और विषय की समझ का मूल्यांकन करना रहा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 60 मिनट में 50 प्रश्नों के उत्तर देने थे। इस मौके पर निदेशक डॉ. अहमद ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और प्रतिस्पर्धा की भावना को समृद्ध करते हैं। वहीं प्रतियोगिता के आयोजन सचिव एवं बायो टेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. स्वपन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और विषय की गहराई को समझने में अत्यंत सहायक होती हैं। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. उत्कर्ष त्यागी ने बताया कि "बायो ब्रेंज-10" प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को बायोटेक्नोलॉजी के नवीनतम ज्ञान से जोड़ना और उन्हें अनुसंधान की दिशा में प्रेरित करना है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. अंकित अग्रवाल, डॉ. मीतू सैनी, डॉ. पूजा शर्मा और डॉ. अंकित कुमार का विशेष योगदान रहा।

# मसेबी-रसूलपुर में आयोजित हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** कुंदरकी विधानसभा के रतनपुर कलां एवं कुंदरकी मंडल की पंचायत भवन जटपुरा एवं मसेवी रसूलपुर में आयोजित की गई। बैठक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सभी शक्ति केंद्र संयोजक एवं शक्ति केंद्र प्रभारी शामिल हुए। बैठक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि कि शक्ति केंद्र, मंडल और बूथ के बीच समन्वय जरूरी है। शक्ति केंद्र की सक्रियता से मंडल और बूथ स्वतः सक्रिय होंगे। उन्होंने बूथ के प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों से संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। युवाओं को संगठन में जिम्मेदारी देकर नए कार्यकर्ता तैयार करने की बात कही। भाजपा का मूल आधार कार्यकर्ता हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता ही पार्टी की असली शक्ति है और संगठन को गांव-गांव, घर-घर तक ले जाने में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वोटर पुनरीक्षण अभियान में जुट जाए और 18 वर्ष पूरी कर चुके युवाओं के वोट बनवाए। बूथ समिति के एक एक सदस्य को सत्यापित करें, क्रियाशील लोग ही समिति के रहें। सभी शक्ति केंद्र संयोजक और प्रभारीबैठक में उपस्थित शक्ति केंद्र संयोजकों और प्रभारियों ने एकजुट होकर संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रतनपुरकलां बबलू जाटव, मंडल अध्यक्ष कुंदरकी संजय कश्यप,बबलू सिंह जाटव, विजेंद्र चौधरी, ग्राम प्रधान सुधीर चौधरी सनी चौधरी, राजवीर सैनी, रामपाल पिंटू, समर सिंह, भजनलाल, रामनिवास, जाहिद, इरशाद, राकेश कश्यप, मुकेश ठाकुर, ज्योति वाल्मीकि, होशियार सैनी, गुड्डू सैनी, मनीष जाटव, मोनू कश्यप ,कृपाल राजपूत, सोनू ठाकुर, सुशील, अरविंद ठाकुर, अजीम , नुरुल, पप्पू राजपूत , बिजेंद्र चौधरी, मंसूर अली आदि उपस्थित रहे।

# मंडल और बूथ के बीच समन्वय जरुरी है: ठाकुर रामवीर सिंह

**मूंढापांडे।** बुधवार को भाजपा एवं दलपतपुर मंडल की बैठक महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना एवं आर्केडिया ग्रीन्स में आयोजित की गई। बैठक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सभी शक्ति केंद्र संयोजक एवं शक्ति केंद्र प्रभारी शामिल हुए। बैठक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र, मंडल और बूथ के बीच समन्वय जरूरी है। शक्ति केंद्र की सक्रियता से मंडल और बूथ स्वतः सक्रिय होंगे। उन्होंने विपक्ष के भ्रम और अफवाहों का जनसंवाद से मुकाबला करने की रणनीति बताई। बूथ के प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों से संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। युवाओं को संगठन में जिम्मेदारी देकर नए कार्यकर्ता तैयार करने की बात कही। भाजपा का मूल आधार कार्यकर्ता हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता ही पार्टी की असली शक्ति है और संगठन को गांव-गांव, घर-घर तक ले जाने में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज देश और राज्य में भाजपा के प्रति जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है, इसलिए हमें अपने व्यवहार, मेहनत और सेवा भाव से उस विश्वास को और मजबूत करना होगा। चुनावों को बगैर ध्यान में रखते हुए संगठित होकर सक्रिय रूप से जनता के बीच काम करने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित शक्ति केंद्र संयोजकों और प्रभारी ने एकजुट होकर संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दलपतपुर नीरज चंद्रा, मंडल अध्यक्ष मूंढापांडे महेंद्र सैनी, इंद्रपाल, खेमपाल सिंह, आयुष प्रताप, अंकित, एहसान अली, अनीस आदि उपस्थित रहे।

# सितंबर माह की सैलरी शिक्षकों के खाते में आज पहुंचने की उम्मीद

**कांठ( शाह टाइम्स )।** कांठ सउत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा के नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) से मिला और सितंबर माह की सैलरी के बारे में वार्ता की जिस पर लेखा अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रथमा बैंक अब उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के सभी खाता धारकों के आईएफएससी कोड परिवर्तित होने के कारण इस सैलरी में विलम्ब हुआ है, आई एफ एस सी कोड मैन्युअल फीड कर दिए गए हैं।सैलरी अव खातों में हस्तांतरित कर दी जाएगी।प्रतिनिधि मंडल में धर्मेन्द्र प्रताप सिंह,संजय सिंह, डॉ कपिल सिरोही, सुमित सिंह,सुख स्वरुप गुप्ता आदि शामिल थे।

# अवैध खनन नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित, तीन टीमें गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया वर्षा ऋतु की समाप्ति पर अक्टूबर माह से मिट्टी खनन एवं परिवहन की गतिविधियां प्रारम्भ हो जाती हैं इस दौरान कई बार अवैध खनन की शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं।

अवैध खनन पर पूर्ण एवं प्रभावी तरीके से रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनायी गयी है। उन्होंने बताया कि सभी प्रकार की खनन अनुमतियों के धारक अनुमति के क्रम में खनन प्रारम्भ करने से पूर्व अनुमति की एक प्रति संबंधित पुलिस चौकी, एक प्रति संबंधित थाना एवं एक प्रति तहसील स्थित खनन कन्ट्रोल रुम में जमा करेंगे। संबंधित पुलिस चौकी इंचार्ज,हल्का प्रभारी अनुमति से संबंधित ग्राम लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के साथ स्थलीय निरीक्षण कर अनुमति प्राप्त स्थान का जी.ओ. रिफरेन्स अपने पास सुरक्षित रखेंगे, संबंधित राजस्व निरीक्षक जी.ओ. रिफरेन्स फोटो की एक प्रति खनन नियंत्रण कक्ष में रक्षित खनन अनुमति के साथ चस्पा करेंगे। अवैध खनन पर प्रभावी रोकथाम के लिए थानावार राजस्व कर्मियों सहित टास्क फोर्स गठित की गई है। उपजिलाधिकारी बिलारी के साथ टीम सदस्य प्रभारी निरीक्षक थाना बिलारी, राजस्व निरीक्षक बिलारी व लेखपाल क्षेत्र बिलारी हैं। ऐसी अनुमतियों के धारक अपने ट्रैक्टर एवं ट्रालियों पर आवेदन की प्रतियों को चस्पा करेंगे। पुलि और प्रशासनिक अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि ऐसे अनुमति धारकों को परेशान न किया जाये। ये अनुमति धारक भी प्रातः 06 बजे से शाम 06 बजे तक ही खनन/परिवहन की गतिविधियां कर सकते है। अवैध खनन से संबंधित शिकायत के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी बिलारी मो0 नं0 9454416874, तहसीलदार बिलारी मो0 नं0 9454416876, क्षेत्राधिकारी पुलिस बिलारी मो0 नं0 9454401544, प्रभारी निरीक्षक थाना बिलारी मो0 नं0 9454404034, प्रभारी निरीक्षक थाना कुन्दरकी मो0 नं0 9454404045, प्रभारी निरीक्षक थाना मैनाठेर मो0 नं0 945440 4049, प्रभारी निरीक्षक थाना सोनकपुर मो0 नं0 9454404041 एवं प्रभारी निरीक्षक थाना पाकबड़ा मो0 नं0 945440 4054 पर अवगत कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अवैध खनन नियंत्रण कन्ट्रोल रुम के नम्बर 7452857328 पर रोस्टर के अनुसार कार्मिकों की तैनाती की गई है जिससे भी अवैध खनन की शिकायत की जा सकती है।


**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0859055, इंटरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0646979 का सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए हैं।
**विजयपाल सिहं पुत्र प्रीतम सिह ग्राम खिजरपुर, थाना शेरकोट जिला बिजनौर।**



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com



*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**खादी ग्रामोद्योग सेवा निकेतन**

[redacted]

**टेण्डर**

संस्था को पंजाब देशी रूई 12000.00 किलो की तथा उन 2200.00 किलो आवश्यकता हैं।

इच्छुक पार्टियां टेण्डर भरने का कष्ट करें। टेण्डर का प्रारूप संस्था से प्राप्त की जा सकती है। टेण्डर भरने की तिथि 24.10.2025 की शाम 5.00 बजे तक होगी।

**सचिव-कमल कुमार**
**मोबाईल नं0 9719928077**



**खादी निकेतन समिति रतुपुरा**

[redacted]

**टेण्डर**

संस्था को पंजाब देशी रूई 4670.00 किलो की तथा उन 3300.00 किलो आवश्यकता हैं।

इच्छुक पार्टियां टेण्डर भरने का कष्ट करें। टेण्डर का प्रारूप संस्था से प्राप्त की जा सकती है। टेण्डर भरने की तिथि 24.10.2025 की शाम 5.00 बजे तक होगी।

**सचिव-सचिन कुमार**
**मोबाईल नं0 9528097700**


# पकोड़ी खाने को लेकर ठेले वाले ने युवक को पीटा गंभीर रूप से घायल

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के गांव में ठेले से पकोड़ी लेने गए युवक को पकोड़ी बनाने वाले ने ही मारपीट कर घायल कर दिया,मनीष पुत्र राज. कुमार निवासी मुड़िया भायपुर थाना मूंढापांडे गांव में लगे ठेले से मंगलवार शाम के समय पकोड़ी लेने गया था,मनीष ने बताया कि जब वह ठेले के पास पकोड़ी लेने के लिए खड़ा था तो ठेले संचालक भोगराज ने कहा कि पकोड़ी ठेले से दूर जाकर खाना क्योंकि तुम्हें देखकर हमारी दुकानदारी नहीं होती है, पिता पुत्र के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर इंसाफ की गुहार लगाई है।


**ग्रामोद्योग विकास समिति भायपुर**

[redacted]

**टेण्डर**

संस्था को पंजाब देशी रूई 5335.00 किलो की तथा उन 3300.00 किलो आवश्यकता हैं।

इच्छुक पार्टियां टेण्डर भरने का कष्ट करें। टेण्डर का प्रारूप संस्था से प्राप्त की जा सकती है। टेण्डर भरने की तिथि 24.10.2025 की शाम 5.00 बजे तक होगी।

**सचिव-गौरव कुमार**
**मोबाईल नं0 9012475509**


# कंपोजिट विद्यालय सोनकपुर में कन्या जन्मोत्सव का केक काटकर किया गया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मिशन शक्ति के तहत कंपोजिट विद्यालय सोनकपुर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया। बच्चियों को उपहार और मिठाई वितरित की गई।

इस दौरान महिला कल्याण सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचा. लित जन कल्याणकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), वन स्टॉप सेंटर तथा चाइल्डलाइन की कार्य प्रणाली और उनसे मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी विस्तृत रूप से जानक. ारी दी गई। हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन 181 और आपातकालीन सेवा 112 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि कैसे इस नंबरों के द्वारा सहायता ले सकती हैं। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से मना. `सामाजिक परामर्शदाता तनीषा दिवाकर, केस वर्कर युक्ति पांडे, अंशु चतुर्वेदी होमगार्ड, अध्यापक, अध्यापिका ,छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# करवा चौथ के त्योहार को लेकर बाजारों मे महिलाओं ने जमकर की खरीददारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बुधवार को नगर के मैन बाजार में करवा चौथ पर्व को लेकर बाजार में काफी भीड़ दिखायी दी। बाजार में महिलाओं ने जमकर की खरीदारी जैसे सौंदर्य प्रसाधन, ज्वेलरी, कपड़ों और सिंगार का सामान दुकानों पर सुबह से ही सभी बाजार भीड़ भाड़ का माहौल रहा,तो वहीं सभी दुकानदारों में सामान की बिक्री को लेकर उत्साह का माहोल देखने को मिला।

कल शुक्रवार 10 अक्टूबर को करवा चौथ का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस त्योहार पर सुहागिन महिलाएं अपने पति के लिए निर्जल उपवास रखती है इसके साथ ही महिलाएं शाम को सोलह श्रृंगार करती हैं। पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर शाम को चांद के दर्शन करने के बाद पूजा अर्चना कर है ओर अपने पति की लंबी आयु ओर सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। महिलाओं अपने सौंदर्य प्रसाधन,जैसे ज्वेलरी, कपड़ा, चूड़ी, बिछुए, बिंदी, कंगन आदि सामान की जमकर खरीदारी करती है। इसके साथ ही करवा चौथ पूजन से संबंधित मिट्टी का करवा, कैलेंडर आदि भी खरीद ती है सबसे ज्यादा भीड़ कस्बे के मैन बाजार और मीना बाजार में दिखाई दी। जहां महिलाओं ने अपने जरूरतमंद समान की खरीदारी की। नगर के मैन बाजार में ई-रिक्शाओं और मोटर साइकिल के आवागमन से जाम की स्थिति बनी रही। जिससे बाजार खरीदारी करने आई महिलाएं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सभी बाजारों में यह खरीदारी का सिलसिला आगे दो दिन भी ऐसे ही चलता रहेगा। बाजारों खरीदार महिलाओं का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के कारण ई रिक्शा और अन्य वाहनों के आवागमन से पूरे दिन जाम की स्थिति बाजारो में बनी रही।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 185-DRM-MB-25-26 Date- 23.09.2025 | 191-DRM-MB-25-26 Date- 23.09.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of infrastructural facilities at new goods shed at Seohara Station. | Upgradation/Modernization of infrastructure at new goods shed at Aghwanpur Station. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 04.11.2025 | 04.11.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 4,87,46,181.80 | 4,98,66,794.52 |
| धरोहर राशि | 3,93,700.00 | 3,99,300.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 10 माह | 10 माह |
| बिटिंग आरंभ तिथि | 21.10.2025 | 21.10.2025 |

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक: 07.10.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3099/25

# चार दिन से लापता अधेड़ का मिला शव

## जली हुई अवस्था में शव देख लोगों में दहशत, मौके पर पहुंचे सीओ ने की जांच

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** रविवार सुबह लापता हुए अधेड़ का शव बुधवार सुबह तहसील रोड़ स्थित रजवाहें की पटरी पर स्थित निर्माणाधीन मकान में जली हुई हालत में पड़ा हुआ मिला।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है, पुलिस मामले की जानकारी में जुटी हुई है। सरधना नगर के गोमतीनगर मोहल्ला निवासी जमील पुत्र हफीज उम्र करीब 40 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। जो रविवार सुबह घर से टहलने के लिए कहकर निकला था, लेकिन शाम तक घर नही पहुंच सका था। जमील के पुत्र नौशाद ने इस मामले में थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन 3 दिन तक जमील का कोई सुराग हाथ नही लग सका था। बुधवार सुबह तहसील रोड स्थित रजवाहें के पास निर्माणधीन मकान में एक शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली, मौके पर पहुंचे सीओ आशुतोष कुमार व थाना प्रभारी अखिलेश मिश्र मय फोर्स के साथ छानबीन में जुट गए। शव पूरी तरह से जली हुई अवस्था में पड़ा हुआ था, जो देखने में हत्या के बाद जलाने का मामला नजर आ रहा था। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जमील की शिनाख्त उसकी चप्पलों व कपड़ों से की। परिजनों का कहना था कि जमील की हत्या करने के बाद शव की शिनाखत मिटाने के लिए चेहरा जलाया गया। पुलिस ने शव का पंचमाना भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया, पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गई है देर शाम एसपी देहात अभिजीत कुमार ने घटनास्थल को दौरा करते हुए मामले की जानकारी जुटाई। जमील का शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस संबंध में सीओ आशुतोष कुमार का कहना है कि शव बुरी तरह से सड़ी हुई थी, जिसके बारे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## भावनपुर पुलिस ने तमंचे के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** थाना भावनपुर क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अभियान के दौरान ग्राम पचपेडा से ज्ञानपुर जाने वाले मार्ग पर एक युवक को अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए युवक की पहचान महताब पुत्र मूसा निवासी ग्राम पचपेडा, के रूप में हुई है, पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किया है। अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## एक दिन की सीओ बनी परी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को थाना सदर बाजार के प्रांगण स्थित सीओ क्षेत्राधिकारी कार्यालय में सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज सदर मेरठ की 12वीं कक्षा की छात्रा परी को एक दिन की सीओ क्षेत्राधिकारी के पद पर नियुक्ति किया गया।

जिसमें फरियादियों की सुनवाई को क्षेत्राधिकारी बनी परी ने सुनवाई की एवं समस्या का समाधान करने को कहा। इस मौके पर स्कूल की ओर से सीमा आचार्य एवं भावना सिंह शिक्षिकायें मौजूद रही। परी ने बताया कि सीओ बनने पर उन्हे बहुत खुशी मिली है और उन्होंने जनता की समस्या भी सुनीं इससे उन्हे पता चला है कि अधिकारी जो सीट पर बैठकर लोगों की समस्या सुनते है उन पर बड़ी जिम्मेदारी रहती है।

# 15 अक्टूबर को सरधना के वार्ड 15 में होगा उप चुनाव

## कई प्रत्याशी मैदान में, वर्तमान सभासद की पत्नी सलमा सितारा के नाम का दिखा शोर

**चेयरमैन बनने का ख्वाब देखने वाले अब मेंबरी में उतरे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर पालिका परिषद सरधना से वार्ड नंबर 15 में हो रहें उपचुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में हैं यहां पर एक प्रत्याशी ऐसे भी हैं जो सरधना नगर पालिका के अध्यक्ष बनने का ख्वाब देखते रहे, लेकिन उन्हें मायूसी हाथ लगी और मायूसी इतनी हाथ लगी कि अब वह एक वार्ड मेंबर का चुनाव लड़ने पर मजबूर हो गए है। यहां पर तीन प्रत्याशियों में से एक प्रत्याशी सलमा सितारा है जिसके नाम का शोर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि वार्ड नंबर 15 जोगियान में सभासद के आकस्मिक निधन के बाद सीट खाली हो गई थी। जिस पर उपचुनाव के लिए 15 अक्टूबर को वोट डाली जानी है। इस सीट पर वार्ड नंबर 13 से वर्तमान सभासद शहजाद सितारा की पत्नी सलमा सितारा, पूर्व सभासद तराबुदीन अंसारी की पत्नी सायरा व मंजू सैनी चुनाव मैदान में है। इस सीट पर करीब 2200 मतदाता है, जो चुनाव में वोट डालेंगे। वार्ड नंबर 15 का बुधवार को शाह टाइम्स की टीम ने राम तलैया मंदिर के तिराहे पर पहुंचकर जनता संवाद किया- जहां पर मतदाताओं ने अपनी पसंद और वार्ड में चुनाव लड़ रहे हैं प्रत्याशियों की हकीकत को बयां किया और कौन जीतेगा इसको लेकर भी अपनी बात रखी। वार्ड के कुछ लोगों का दावा कि सलमा सितारा के पति ने दूसरे वार्ड में भी भरपूर कार्य किए है। अन्य प्रत्याशी वादें करके जीत जातें है, लेकिन चुनाव बाद गायब हो जाते है, लोगों के दावे से सलमा सितारा की जीत एक तरफा नजर आ रही है।

### चेयरमैन बनने वाले सभासद पद पर उतर आएं

उपचुनाव मैदान में उतरे तराबुदीन अंसारी पूर्व में 2006 से लेकर 2012 तक वार्ड सभासद रह चुके है, और 2012 में खुद चेयरमैन प्रत्याशी के लिए चुनाव लड़े थे, मगर 700 वोटों तक ही सीमित रह रहें थे। 2023 के चुनाव में भी उन्होंने अपने भतीजे आफताब अंसारी को चुनाव लड़वाया, लेकिन बिरादरी का समर्थन मिलने के बाद भी 4200 वोट पर आकर टिक गए। वार्ड वासियों का कहना है कि जो शख्स घर में चेयरमैनी आने का ख्वाब देख रहा है, और सिर्फ सभासद बनने की जुगत में लगा है। इससे यह साबित होता है उनका नगर में ग्राफ गिरा चुका है। और वह नगर में अपना रूतबा कायम करने की जुगत में लगे हैं। हालात यह है कि उपचुनाव में उनकी हालाल खस्ता नजर आ रही, बताया गया है इस वार्ड में 'सीधा मुकाबला सलमा सितारा-मंजू सैनी के बीच देखने को मिल सकता है।

## डिजिटल भुगतान वॉल्यूम एफवाई 25 में 35 प्रतिशत बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहरी भारत में डिजिटल भुगतान वॉल्यूम एफवाई25 में 35 प्रतिशत वृद्धि हुई, जिसका नेतृत्व महिलाओं, युवा पेशेवरों और छोटे शहरों के उपभोक्ताओं ने किया है, जो डिजिटल भुगतान के नए तरीकों को अपना रहे हैं। यह जानकारी आज केरनी इंडिया और अमेजन पे द्वारा जारी हाऊ अर्बन इंडिया पे 2025 रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट इस पर प्रकाश डालती है कि आकांक्षी खरीदार अब डिजिटल लेनदेन को विभिन्न खर्च श्रेणियों में फैला रहे हैं, जहां डिजिटल तरीकों को अब केवल उच्च मूल्य वाले खरीद जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स और परिधान के लिए ही नहीं बल्कि नियमित श्रेणियों जैसे उपयोगिता बिल के लिए भी प्राथमिकता दी जा रही है।

## राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान जोरों पर

**सदस्यता प्रभारी रणबीर दहिया ने क्षेत्र में घूमकर कई गांवों का किया भ्रमण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवालखास।** मेरठ के सिवाल खास क्षेत्र में राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान जोरों पर है। सिवालखास सदस्यता प्रभारी रणबीर दहिया ने गांव डालमपुर व जिटोला व लोहरगढ़ में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान गांव-गांव घूम कर रणबीर दहिया ने नए सदस्य बनाएं और लोकदल को मजबूत बनाने की अपील की। ग्राम जाटोली में प्रधान मंगल सैनी के निवास पर एक मीटिंग आयोजित थी जिसकी अध्यक्षता डॉ. देवेंद्र गौतम ने की। वहीं ग्राम लोहरगढ़ में भी एक मीटिंग आयोजित हुई जिसमें रणबीर ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल सभी वर्ग की



पार्टी है और सभी वर्ग को साथ लेकर चल रही है। सदस्यता अभियान में डॉ. सुशील कुमार प्रदेश महासचिव, सचिन चौधरी आदि मौजूद रहे।

## भीषण जाम खुलवाने सड़क पर उतरे सीओ मवाना

### रोजाना की तरह बुधवार को मवाना में मेन रोड पर लगा रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** आए दिन जाम से जूझता मवाना। रोजाना की तरह बुधवार दोपहर मेन रोड पर भीषण जाम लगा और पुलिसकर्मी नदारद मिले। जाम खुलवाने को सीओ मवाना पंकज लवानिया को कमान संभालनी पड़ी। सीओ ने इंस्पेक्टर मवाना की फोन पर ही क्लास लगा दी। सीओ द्वारा जाम खुलवाने के बाद यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला। बुधवार दोपहर नगर की मेन रोड पर भीषण जाम लग गया। वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई और बाइक सवारों को भी निकलने की जगह नहीं मिली। थाना मवाना से लेकर पुलिस चौकी बस स्टैंड तक जाम की स्थिति बन गई। सीओ मवाना पंकज लवानिया भी जाम में फंस गए तो उन्होंने जाम खुलवाने के लिए खुद ही कमान संभाल ली। उन्होंने इंस्पेक्टर मवाना को फोन कर कहा कि पुलिसकर्मी कहां हैं, यहां सड़क पर भयंकर जाम लगा है। सीओ मवाना काफी देर सड़क पर डटे रहे और वाहनों को पास कराया। उसके बाद थाने से पुलिसकर्मी दौड़े और जाम खुलवाया। उसके बाद शाम तक यातायात व्यवस्था सही रही। सीओ मवाना ने कहा कि जाम की समस्या से निपटने के लिए अतिक्रमण को हटाया जाएगा।




## न्यूरो और स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाएं शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को न्यूरो और स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इन ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर एवं हेड डॉ. गौरव बंसल ने किया। डॉ. गौरव प्रत्येक महीने के दूसरे और चौथे बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मैक्स मेडसेंटर में मरीजों की प्राथमिक कंसल्टेशन और फॉलोअप के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. गौरव बंसल ने कहा कि हमारा उद्देश्य मरीजों को मिनिमली इनवेसिव और हाई प्रिसिशन सर्जिकल तकनीकों के माध्यम से सुरक्षित और प्रभावी इलाज प्रदान करना है, जिससे उनकी रिकवरी तेज और परिणाम बेहतर हों।

# सब एरिया के PUPSA ऑफिसर मेस में मनाया गया वायुसेना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सब एरिया के तत्वावधान में PUPSA ऑफिसर मेस में वायुसेना दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मेजर जनरल सुमित राणा, जनरल ऑफिसर कमांडिग, सब एरिया तथा मेजर जनरल, लक्ष्मीकांत मदरेवार, कमांडेंट आरवीसी सेंटर एंड कॉलेज ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और सभी सेवारत एवं भूतपूर्व वायु योद्धाओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आयोजन वायुसेना के पूर्व सैनिकों के परिवारों द्वारा किया गया।



जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता तथा भारतीय वायुसेना की वीरता और सामर्थ्य पर आधारित एक प्रेरणादायक फिल्म प्रदर्शित की गई। इस आयोजन का समन्वय विंग कमांडर राजीव लोचन, स्क्वाड्रन लीडर अनिल गुप्ता एवं स्क्वाड्रन लीडर क्षितिज कुमार द्वारा किया गया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाने में विशेष भूमिका निभाई। भूतपूर्व सैनिक समुदाय का प्रतिनिधित्व कैप्टन (आई.एन) राकेश शुक्ला (से.नि), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, मेरठ ने किया। उन्होंने सभी वेटरन्स की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब वायु योद्धा समुदाय ने सब एरिया में वायुसेना दिवस का आयोजन किया जो सेवारत एवं भूतपूर्व सैनिकों के बीच अटूट बंधन और पारस्परिक सम्मान का प्रतीक है।

## सर्विलांस सेल ने 217 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर लोगों को सौंपे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसएसपी डॉ. विपिन ताडा के निर्देश पर नागरिकों के खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये गये है। सर्विलांस सेल ने कुल 217 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन ट्रेस कर तथा अन्य जनपदों से बरामद किये गये, जिन्हें एसएसपी ने बुधवार को उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को प्रदान किये। अपने खोये हुए मोबाईल फोन को प्राप्त कर नागरिकों द्वारा एसएसपी, पुलिस अधीक्षक अपराध व सर्विलांस सेल एवं जनपदीय पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। 217 मोबाइल फोन कि कीमत लगभग 38 लाख रूपये बताई जा रही है।

## किठौर से बसों में सवार होकर रैली के लिए रवाना हुए कार्यकर्ता

**कांशीराम परिनिर्वाण दिवस: बसपा लखनऊ में करेगी शक्ति प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम का 19वां परिनिर्वाण दिवस गुरुवार, 9 अक्टूबर को लखनऊ में मनाया जाएगा। इस अवसर पर बसपा कांशीराम स्मारक स्थल पर एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिसमें लाखों की संख्या में कार्यकर्ताओं के जुटने की उम्मीद है।

पार्टी इस आयोजन के माध्यम से अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने की तैयारी में है। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब बसपा, जो उत्तर प्रदेश सहित देश की राजनीति में हाशिए पर मानी जा रही थी, एक बार फिर सक्रिय होने की कोशिश कर रही है। इस दिन बसपा सुप्रीमो मायावती लंबे समय बाद एक बड़े सार्वजनिक मंच से अपनी सक्रिय वापसी का संदेश देंगी। साथ ही, पार्टी के युवा चेहरे आकाश आनंद की भी री-लॉन्चिंग की जाएगी। पार्टी का लक्ष्य इस भीड़ के सहारे मिशन-2027 का बिगुल बजाना है। इसी क्रम में, विभिन्न जनपदों से पार्टी पदाधिकारी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को बसों में सवार होकर लखनऊ रैली के लिए रवाना कर रहे हैं। मेरठ जनपद के कस्बा किठौर से बसपा के वरिष्ठ नेता मुनकाद अली के पुत्र और चेयरमैन सलमान मुनकाद ने भी कार्यकर्ताओं से भरी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सलमान मुनकाद ने बताया कि कार्यकर्ता 8 अक्टूबर से ही लखनऊ के रमाबाई मैदान में पहुंचना शुरू कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कार्यकर्ता जाम में न फंसें और समय पर रैली में शामिल हो सकें।




## वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा सूरजकुंड वाल्मीकि बस्ती से निकाली गई। जिसका उद्घाटन नगर आयुक्त सौरभ गंग. वार ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि महापौर हरिकांत अहलूवा. लिया ने पूजा अर्चना की। शोभा यात्रा में कैंट विधायक अमित अग्रवाल, भाजपा नेता कमलदत्त शर्मा, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी मौजूद रहे। यात्रा को सफल बनाने में कैलाश चंदोला, रोहित बालाजी, सुरेंद्र ढींगिया, शिव कुमार नाज, देवानंद चौधरी, भारती, संदीप वेद, अनिल जीनवाल, विजेंद्र लोहरे आदि लोगों का मुख्य योगदान रहा।

### विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति

# निजीकरण की प्रक्रिया हुई तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** निजीकरण की प्रक्रिया तेज होते देख संघर्ष समिति ने नियामक आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर वार्ता हेतु समय देने की मांग की। संघर्ष समिति का पक्ष सुने बिना आरएफपी डॉक्यूमेंट पर निर्णय लिया गया तो नियामक आयोग मुख्यालय पर मौन विरोध प्रदर्शन होगा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने निजीकरण की प्रक्रिया तेज होते देख विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार को एक पत्र भेजकर मांग की है कि वह पावर कारपोरेशन द्वारा दिये गए आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों पर पावर कॉरपोरेशन का जवाब सुनने के पहले विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश को अपना पक्ष रखने के लिए समय दें। संघर्ष समिति ने पत्र में चेता. वनी दी है कि यदि विद्युत नियामक आयोग से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भी संघर्ष समिति के प्रति. निधि मंडल को समय न दिया तो विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उ.प्र के आह्वान पर सैकड़ों बिजली कर्मी विद्युत नियामक आयोग के मुख्यालय पर मौन प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी नियामक आयोग के अध्यक्ष की होगी।

पत्र में कहा गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से यह विदित हुआ है कि विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष ने ऊर्जा मंत्री, प्रमुख सचिव ऊर्जा और पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम केआरएफपी डॉक्यूमेंट पर नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों के संबंध में अलग से चर्चा की है। चर्चा यह भी है कि इस बैठक में यह तय हो गया है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा आपत्तियों पर दिए जाने वाले जवाब पर विद्युत नियामक आयोग ने अपनी सहमति दे दी है जिसके बाद निजीकरण का रास्ता प्रशस्त हो जाएगा। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि यदि यह सही है तो यह बहुत ही गंभीर बात है कि सरकार, प्रबंधन और विद्युत नियामक आयोग के बीच निजीकरण को लेकर मिलीभगत हो गई है। यह केवल निजी घरानों के हाथ बेचने की साजिश है।

## परीक्षा के संबंध में दिए गए निर्देशों का किया जाए अक्षरशः अनुपालन: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) तथा सहायक वन संरक्षकध्क्षेत्रीय अधिकारी वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 के लिए लगाये गये सैक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केन्द्र व्यवस्थापक के साथ बैठक आहूत गई। जिला. धिकारी ने परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु सभी सैक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देशित करते हुये कहा कि परीक्षा से संबंधित समस्त तैयारी समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापको को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रो में पीने का पानी, प्रकाश, जेनरेटर का बैकअप आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।



जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्देशिका का अच्छी प्रकार से अध्ययन कर अक्षरश: शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करे। परीक्षा कक्ष में लगे सभी इंवीजिलेटर को ठीक से प्रशिक्षण दिया जाये। परीक्षा की संवेदनशीलता, सुचिता और पारदर्शिता को बनाये रखते हुये परीक्षा को सकुशल संपन्न कराये। किसी भी स्तर पर परीक्षा के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर सभी कर्मी आईकार्ड के साथ रहेंगे।

एसएसपी विपिन ताडा ने ड्यूटी में लगे सभी पुलिस अधिकारियो को परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अंदर वाहन न खड़ा हो। परीक्षा से पूर्व व परीक्षा के उपरान्त जाम की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस विशेष सर्तकता बरते। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी अवांछित व्यक्ति परीक्षा केन्द्र पर न रहे। उन्होंने बताया कि जनपद में सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) तथा सहायक वन संरक्षकध्क्षेत्रीय अधिकारी वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 12 अक्टूबर 2025 को दो पालियों में संपन्न कराई जायेगी। प्रथम पाली की परीक्षा 09.30 बजे से 11.30 तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 02.30 बजे से 04.30 बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्रो व कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा निष्पक्ष व निर्विवादित रूप से सम्पन्न होनी चाहिए। परीक्षा के दौरान मोबाइल, कैलकुलेटर, हाथ घडी, ब्लूटूथ डिवाईस जैसी प्रतिबंधित वस्तुओ पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। उन्होने निर्देशित किया कि तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से परीक्षा समाप्ति तक उपस्थित रहकर नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा आयोग के दिशा-निर्देशानुसार संपन्न करायेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह एसपी देहात अभिजीत कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, सैक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने निर्माणाधीन कार्य को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मुख्य विकास अधिकारी ने अटल आवासीय विद्यालय पीपली का औचक निरीक्षण किया। इस बीच आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी अटल आवासीय विद्यालय में पहुंची। उन्होंने सबसे पहले कंस्ट्रक्शन कार्य देखें जो अधूरे पाए गए तो उन्हें जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए। अटल आवासीय विद्यालय में ग्राउंड पूरा तैयार नहीं था, निर्देश देकर कहा कि जल्द ही इस कार्य को पूरा किया जाए। अनेकों जगह पाइपलाइन लीक हो रही थी लिहाजा उसको देखकर जल्द ही ठीक करने के निर्देश दिए। बाथरूम को भी चेक किया गया। जहां पानी लीकेज की समस्या थी उसे दूर करने को कहा गया। इसके अलावा वह गर्ल्स और बॉयस के हॉस्टल में भी पहुंची जहां उन्होंने रहने और सोने आदि की व्यवस्था को दिखा। इसके बाद वह क्लास रूम में पहुंची। जहां छात्राओं से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और उनसे सवाल जवाब भी किया। साथ ही एसडीएम विनय कुमार सिंह को निर्देश देकर कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हर सप्ताह यहां पर छात्राओं का चेकअप भी करें। इसके अलावा आवश्यक रूप से आयरन की टेबलेट भी उन्हें वितरित करें। वह मेस में पहुंची और खाने को चेक किया, कच्चा खाना जैसे दूध, पनीर आदि को चेक किया गया। इसके अलावा मेस में बन रहे खाना जैसे दाल चावल सब्जी को चेक करके देखा गया। एसडीएम बिलारी को निर्देश देकर कहा कि यहां पर सिक्योरिटी के तौर पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाए ताकि सिक्योरिटी दुरुस्त रहे। आवश्यक दिशा निर्देश देकर कहा कि समय-समय पर कॉलेज में पहुंचकर बच्चों का स्वास्थ्य आदि भी जाने और उनकी समस्याओं को भी जाने, क्लास रूम में बच्चों की पढ़ाई की स्थिति को देखा बच्चों से सवाल जवाब भी किए। उन्होंने जवाब भी दिया। इस मौके पर अटल आवास योजना के प्रिंसिपल ने उनका स्वागत किया और विद्यालय की बारीकियां भी बताई।



# सड़क निर्माण में चल रही ढील के चलते ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे लोग

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** आखिर जिसका डर था वही हो गया सड़क चौड़ीकरण में चल रही ढील के चलते सड़क किनारे खड़ा ट्रक पलट गया जिसमें एक रिक्शा दब गई, गनीमत रही की कोई गंभीर हादसा नहीं हो पाया लोगों ने सड़क चौड़ीकरण में तेजी लाए जाने की मांग की है। बतादे की सहसपुर से छजलैट तक सड़क के चौड़ीकरण का काम चल रहा है। कुछ दिन से इस काम में हुई ढील के कारण नगर में सड़क का चौड़ीकरण पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण कर रहे ठेकेदार की ढील के चलते जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं लोगों ने इस मामले की एसडीएम से शिकायत कर दुर्घटना की आशंका जताई थी और सड़क निर्माण जल्द कराए जाने की मांग की थी। उन्होंने विभाग को पत्र भी लिखा लेकिन इसके बावजूद भी सड़क निर्माण में तेजी नहीं आई रात को एक ट्रक सड़क किनारे खड़ा हुआ अचानक नीचे धंस गया और देखते ही देखते पलट गया बताया गया कि वहां खड़ी एक ई रिक्शा भी ट्रक की चपेट में आ गई गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई इसका पता लगते ही ठेकेदार ने सुबह ही थाने के सामने खुदे हुए एक बड़े गड्ढे को तो बंद करा दिया लेकिन निर्माण कार्य में कोई तेजी दिखाई नहीं दिखाई दी।



नगर के लोगों ने सड़क के चौड़ीकरण का काम कस्बे के अंदर तुरंत कराए जाने की मांग उठाई है।

# दीनदयाल नगर में खत्री चैरिटेबल फिजियोथेरेपी सेंटर का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** खत्री सभा रजि. मुरादाबाद द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय कदम उठाते हुए कांठ रोड स्थित दीनदयाल नगर फेस-2 में खत्री चैरिटेबल फिजियोथेरेपी सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया। यह सेंटर मुरादाबाद चौरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर तथा एशियन विवेकानंद सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से स्थापित किया गया है।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईपीसीएच के चेयरमैन डॉ. नीरज विनोद खन्ना, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह और पीएमएस स्कूल के फाइनेंस ट्रस्टी मनोज आहूजा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मुख्य अतिथि डॉ. नीरज विनोद खन्ना ने कहा कि खत्री सभा द्वारा समाजहित में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने का यह कदम अत्यंत सराहनीय है। जो नि:स्वार्थ सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम में खत्री सभा के संरक्षक योगेंद्र स्वरूप खन्ना, महासचिव कमल अरोड़ा, कोषाध्यक्ष दीपक कपूर, सह सचिव शरद कपूर समेत महानगर के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# स्वर्णकार समाज ने मनाया महाराज अजमीढ़ जी का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर के देहरी गांव स्थित प्रिंस सेलिब्रेशन में ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज द्वारा समाज के आदि पुरुष महाराज अजमीढ़ जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा-भाव से मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोग, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री के पी.आर.ओ. गंगा राम राजभर, जिलाध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि रवि चौधरी तथा जिला. उपाध्यक्ष आशु सिक्का उपस्थित रहे।कार्यक्रम में समाज की एकता, संगठन और शिक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष रवि चौधरी ने मंच से आग्रह किया कि मुरादाबाद नगर के एक प्रमुख चौराहे का नाम "महाराज अजमीढ़ जी" के नाम पर रखा जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ समाज के इतिहास और अपने आदि पुरुषों के योगदान से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज की पहचान और गौरव को नई ऊंचाई देगा।मेयर विनोद अग्रवाल से इस प्रस्ताव पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए संगठन की मजबूती, शिक्षा में अग्रणी भूमिका और सामाजिक एकजुटता आवश्यक है। सभी ने समाज के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।



## एक नजर

### यप स्टार परिवार हुआ सम्मानित

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** यप स्टार परिवार एवं यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब के सदस्यों एव संस्थापक अध्यक्षा नेहा मेहरोत्रा को वेव मॉल में आयोजित समान समारोह में उत्कर्ष सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रसर होने के लिए सम्मानित किया गया। संस्थापक अध्यक्षा नेहा मेहरोत्रा ने सम्मान प्राप्त करने के बाद ईश्वर को प्रणाम करते हुए आशीर्वाद मांगा और कहा कि ग्रुप ऐसे ही समाज सेवा में नए से नए परचम लहराया करे।नेहा मेहरोत्रा ने आयोजकों और क्लब सदस्यों का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया और कहा कि बिना टीम के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम यप मुरादाबाद का हिस्सा हैं।यह समारोह वेव मॉल में आयोजित किया गया था, जहां यप स्टार परिवार और यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब के सदस्यों को उत्कर्ष सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रसर रहने के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में नेहा मेहरोत्रा, संजना भटनागर, उमा प्रीति दिव्या, शालिनी, वीनू आहूजा, कविता, कीर्ति, राशि, शोभना, दीप्ति, चांदनी, अनामिका, अमृता, सोनिया, एकता, नीतू, मेघा, भावना, रविंदर, प्रियंका, मानसी, सिमरन, दीपाली, स्वाति, अपूर्वा, रूपम, स्नेहा आदि मौजूद रहे।

### ऑफलाइन स्थानांतरण सूची के आश्वासन पर शिक्षकों ने खत्म किया धरना

**चन्दौसी।** ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर गांधी पार्क में चल रहा प्रदेश के अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का धरना सोमवार को समाप्त हो गया। धरना खत्म होने के बाद शिक्षक अपने-अपने घर लौट गए। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें दीवाली के आसपास ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी होने का आश्वासन मिला है। प्रदेश भर के अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक पिछले कई दिनों से माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक के. के. बिश्नोई के हस्तक्षेप के बाद 1 अक्टूबर की शाम धरना गांधी पार्क में स्थानांतरित कर दिया गया था। इस दौरान राज्यमंत्री गुलाब देवी के एक बयान में शिक्षकों को विपक्ष के अराजक तत्व कहे जाने से नाराजगी फैल गई थी। इसके बाद शिक्षकों ने 7 अक्टूबर को महापंचायत बुलाने की घोषणा कर दी। स्थिति को संभालने के लिए 6 अक्टूबर को एसडीएम और सीओ ने शिक्षकों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की राज्यमंत्री से वार्ता कराई। वार्ता में मंत्री ने आश्वासन दिया कि दीवाली से चार दिन पहले या चार दिन बाद तक ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी कर दी जाएगी। इस आश्वासन के बाद शिक्षकों ने धरना समाप्त कर दिया। ऑफलाइन स्थानांतरण संघर्ष समिति के अध्यक्ष शुभेन्द्र शरण त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को वह अपने गांव नीबी गहरवार, मिर्जापुर पहुंचे और परिवार के साथ समय बिताया। उन्होंने कहा कि राज्यमंत्री के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया है, लेकिन यदि मांग पूरी नहीं होती है तो दीवाली के दस दिन बाद से पुन: धरना शुरू किया जाएगा।



### करवाचौथ पर महिलाओं के लिए भव्य प्रदर्शनी का आयोजन

**चन्दौसी।** करवाचौथ के अवसर पर नगर में मुरादाबाद की संस्था सांई प्रबंधन ड्रीम बाजार के सौजन्य से भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में महिलाओं के सौंदर्य प्रसाधन, कॉस्मेटिक उत्पादों और रेडीमेड वस्त्रों सहित विभिन्न आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिन्हें देखने और खरीदारी करने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस प्रदर्शनी में मुरादाबाद, बरेली, अमरोहा और बदायूं सहित कई जिलों के स्टॉल लगाए गए हैं। रेडीमेड सूट और साडिघ्यों के स्टॉल लगाने वाली हिमांशी वार्ष्णेय ने बताया कि प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में महिलाएं आकर खरीदारी कर रही हैं। सांई प्रबंधन संस्था की संचालक रचना गुप्ता ने बताया कि संस्था समय-समय पर विभिन्न शहरों में प्रदर्शनी लगाकर महिलाओं को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि करवाचौथ के मौके पर यह प्रदर्शनी महिलाओं के बीच उत्साह और खरीदारी का विशेष केंद्र बनी हुई है।



# एस.एम. इंटर कॉलेज में हुआ 12वां जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार को एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी में 12वें जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने दीप प्रज्वलित करके एवं ध्वजारोहण करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने की। आयोजन को सफल बनाने में संयोजक (बालक) दयाशंकर और संयोजिका (बालिका) अंजू गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला क्रीड़ा सचिव सचिन शर्मा और जिला क्रीड़ा सहसचिव संजीव कुमार भी कार्यक्रम में सक्रिय रहे। इस अवसर पर एस.एम. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, राजकीय इंटर कॉलेज बेरनी के प्रधानाचार्य, एफ.आर. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वसीमउद्दीन सहित कई अन्य प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे। अनुशासन समिति में योगेश बाबू, मंच संचालन में ए.के. सिंह, लेखा समिति के प्रभारी (बालक) मनोज कुमार, (बालिका वर्ग) गणेश सिंह, प्राथमिक चिकित्सा के प्रभारी नेमचंद और मीडिया समिति में मनोज कुमार प्रभारी एवं आकाश शर्मा ने कार्यक्रम को सुचारु रूप से संपन्न कराया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। श्री अक्रूर जी कन्या इंटर कॉलेज द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। रामप्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत से अतिथियों का अभिनंदन किया। हीरा देवी कन्या इंटर कॉलेज बहजोई ने मनमोहक देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया जिसके उपरांत श्रीसनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज चंदौसी द्वारा लोकनृत्य किया गया। बी.एम.जी. कन्या इंटर कॉलेज चंदौसी ने धार्मिक पृष्ठभूमि पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त अनिल कपूर, जिला बेसिक क्रीड़ा सचिव के नेतृत्व में छात्राओं ने शानदार पी.टी. का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद खेल प्रतियोगिताओं का दौर शुरू हुआ। इसमें मसाला दौड़ और 800 मीटर दौड़ (बालक एवं बालि. का) का आयोजन किया गया।दौड़ प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग 800 मीटर दौड़ (बालिका) में प्रथम स्थान स्वाति (संकुल सरस्वती उत्तर माध्यमिक विद्यालय बबराला), द्वितीय स्थान वंदना (संकुल किसान उपकारक इंटर कॉलेज भवालपुर), तृतीय स्थान शांति (संकुल सिपाही लाल इ. का. राजपुरा), 600 मीटर दौड़ सब जूनियर (बालिका) में प्रथम स्थानरू काजल (सरस्वती उत्तर माध्यमिक विद्यालय बबराला), द्वितीय स्थान संजना (किसान उपकारक इंटर कॉलेज भवालपुर), तृतीय स्थान राखी (जनता इंटर कॉलेज जुनवाई) ने प्राप्त किया।

समारोह में खिलाडिघ्यों के उत्साह और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को एक नई ऊर्जा प्रदान की। शेष प्रतियोगिताएं आज संपन्न कराई जाएगी।





## स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त बनाने को लेकर बैठक

**मुरादाबाद।** शहरी क्षेत्र में सक्रिय स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के आर्थिक रूप से सशक्ति करण के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान स्थानीय स्तर पर तैयार कराए गए उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करके हस्तशिल्पियों और कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के संबंध में शासन स्तर से निर्देश हैं। शहरी क्षेत्र में दिए, झालर, मोमबत्ती, अगरबत्ती आदि तैयार करने वाले स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न कार्यालय परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्टॉल स्थापित करने का अवसर दिया जाएगा ताकि यह समूह अपने उत्पादों की बिक्री कर सके तथा आर्थिक दृष्टिकोण से सशक्त बन सके। बैठक में एसडीएम सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ ही चिन्हित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भी मौजूद रहीं।

# एसएमएस में विज्ञान प्रदर्शनी और प्रतिभा मेले में एमएलसी ने बच्चों के मॉडल को सराहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** एसएमएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी व प्रतिभा मेले का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने सुंदर मॉडल भी बनाए।

इस मौके पर विधान परिषद सदस्य व भूतपूर्व खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री गोपाल अंजान ने बच्चों के मॉडल को देखा और उन्हें सराहा। बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाए थे। बुधवार को आयोजित प्रतिभा मेले में कक्षा 1 से 8 तथा कक्षा 12 के कॉमर्स के छात्राओं ने सुंदर मॉडल भी तैयार किए। कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में साइंस के अनेकों मॉडल बनाएं। प्रदर्शनी के दौरान बच्चों ने साइंस से संबंधित अनेकों मॉडल तैयार किए, जिसमें बच्चों ने किडनी मॉडल,आंख का मॉडल, इसरो चंद्रयान, वोल्कानो, सोलर पैनल, आदि के मॉडल तैयार किए। एमएलसी गोपाल अंजान ने बच्चों की प्रतिभा को देखा उसके बाद बेहतर मॉडल का चुनाव करके बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज, निदेशक डॉ अभिषेक भारद्वाज, प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह, उप प्रधानाचार्य रामचंद्र शर्मा के अलावा भारी तादाद में स्टाफ भी मौजूद रहा।

# मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने चलाया महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत मंगलवार को जनपद सम्भल में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों तथा महिला पुलिस कर्मियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चौपालों, स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस कर्मियों ने पम्पलेट वितरित कर विभिन्न सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि के बारे में बताया। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 इत्यादि की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य है महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक सुरक्षित, सशक्त और सम्मानजनक वातावरण का निर्माण करना ताकि वे आत्मविश्वास के साथ समाज में आगे बढ़ सकें।








# यह स्मार्ट तरीका नहीं

हालांकि राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने उनसे मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछी। श्रीमती अंगमो की यह मुलाकात उच्चतम न्यायालय के श्री वांगचुक की तत्काल रिहाई की मांग वाली उनकी याचिका पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन को नोटिस जारी करने के एक दिन बाद हुई। इस मुलाकात के दौरान उनके साथ वकील रीतम खरे भी थे, लेकिन इसी बीच जानकारों ने कहा कि सुशासन और लोकतंत्र का आधार यह है कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मसलों के हल के लिए पर्याप्त लचीलापन और साधन प्रदान करता है। शासन में ज्यादा स्वायत्तता की वैध मांग के रूप में शुरू हुई समस्या से निपटने का स्मार्ट तरीका यह नहीं है कि शांतिपूर्ण ढंग से असहमति दिखानेवालों की एहतियाती हिरासत की इजाजत देने वाले कानूनों का दुरुपयोग किया जाए, बल्कि यह है कि इसके निवारण का रास्ता खोजा जाए। इसका यह मतलब नहीं है कि लद्दाख में राज्य के दर्जे और छठवीं अनुसूची के लिए प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और आगजनी में संलिप्त रहे लोगों को कानून से बच निकलने दिया जाए। इसके बावजूद, इन प्रदर्शनों की प्रतिक्रिया में जलवायु एक्टिविस्ट और समाज सुधारक सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत गलत है। वांगचुक लद्दाख की वैध लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के निरंतर और शांतिपूर्ण पैरोकार रहे हैं। पूरे लेह और कारगिल जिलों, साथ ही तमाम धार्मिक, जातीय (एथनिक) और राजनीतिक पहचानों ने इन आकांक्षाओं के साथ जुड़ाव दिखाया है। लद्दाख की पर्यावरणीय और आजी. विका-संबंधी चिंताओं से निपटने की खातिर विधायिका के लिए सतत आंदोलन के साथ, उनके द्वारा अहिंसक असहमति का सहारा लेना, आजादी के आंदोलन के दौरान और उसके बाद स्थापित भारतीय राजनीति के ऐतिहासिक मिजाज के अनुरूप है। भारतीय राज्य की सुरक्षा को उत्पन्न खतरे का मुकाबला करने के लिए बने कानून का इस्तेमाल शांतिपूर्ण ढंग से असहम. ति जताने वाले व्यक्ति के खिलाफ करना, लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के लिए समस्याजनक असहिष्णुता को सामने लाता है। हालिया फैसलों में, सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि कानून और व्यवस्था के मसले और लोक व्यवस्था के लिए खतरे के बीच साफ-साफ अंतर किया जाना चाहिए। एनएसए लोक व्यवस्था के लिए है, जिसके दायरे में वो कृत्य आते हैं जो समुदाय की समरसता में खलल डालते हैं। ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे वांगचुक के एक्टिविज्म के इस मापदंड तक पहुंचने का पता चलता हो। ऐसा लगता है कि केंद्र अपने दिमाग का इस्तेमाल करने और यह दिखाने के लिए कि उनकी कार्रवाइयां ह्लोक व्यवस्था के लिए सचमुच खतरा थीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपेक्षित आवश्यक व्यक्तिपरक संतुष्टि तक पहुंचने में नाकाम रहा। केंद्र की प्रतिक्रिया ने साफ तौर पर, असहमति को राजद्रोह जैसे कृत्यों से जोड़ने की कोशिश की है। वांगचुक का मामला इकलौता नहीं है, अतीत में असहमति का गला घोंटने और सामान्य प्रक्रिया को दरकिनार करने के लिए इसी तरह के कानूनों का इस्तेमाल किया गया, जैसा कि भूतपूर्व जम्मू एवं कश्मीर के विशेष दर्जे के समापन के बाद कश्मीरी राजनीतिज्ञों की हिरासत के मामले में देखा गया।

## आजम खान समाजवादी पार्टी के दरख्त



2027 में सपा सरकार बनने जा रही है और पीडीए की आवाज बुलंद होगी, कोई कल्पना कर सकता है कि सुप्रीम कोर्ट में जज साहब के ऊपर जूता फेंका गया हो या जूता निकल गया हो, आज मैं आजम खान साहब का हाल जानने आया था, क्योंकि मैं जेल मिलने नहीं पहुंच पाया था और अब हम लगातार मिलते भी रहेंगे, आजम खान समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं, इनकी गहरी जड़ें हैं, आजम खान पर जितनी भी झूठे मुकदमे लगे हैं, वह सब सपा सरकार में वापस लिए जाएंगे, आजम खान यूनिवर्सिटी में अच्छा काम कर रहे हैं, जो यूनिवर्सिटी को बर्बाद कर रहे हैं, वह समाज में हर चीज को बर्बाद कर रहे हैं, 2027 में भारतीय जनता पार्टी को जनता हटाने जा रही है, 2027 में जनता आगे होगी भारतीय जनता पार्टी पीछे दिखाई देगी।

**अखिलेश यादव**
**सपा अध्यक्ष**

# जल संकट का विज्ञान और समाधानः रुड़की से उठी वैश्विक आहट

## जलवायु परिवर्तन के दौर में जल प्रबंधन ही मानवता की सबसे बड़ी परीक्षा बन गया है





**मौ. फहीम (तन्हा)**

पानी-धरती पर जीवन की पहली और सबसे स्थाई शर्त पर आज यही पानी हमारी सभ्यता के लिए सबसे गंभीर संकट बनता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और असंतुलित विकास ने वह परिस्थिति पैदा कर दी है जहां जल ही जीवन नहीं, संघर्ष का कारण भी बन चुका है। ऐसे दौर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जल विज्ञान संघकी बारहवीं वैज्ञानिक सभा केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि एक चेतावनी और अवसर, दोनों का प्रतीक है।

### ज्ञान का संगम और संवाद की आवश्यकता

इस वैश्विक सभा में 49 देशों के 627 वैज्ञानिक और नीति निर्माता एक मंच पर जुटे। 682 से अधिक शोध प्रस्तुतियां इस बात का प्रमाण हैं कि विज्ञान जल संकट को केवल 'प्रकृति की समस्या' नहीं, बल्कि 'मानव-निर्मित चुनौती' के रूप में समझने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन का यह कथन कि 'जल विज्ञान जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण की आधारशिला है' दरअसल इस सम्मेलन का सार है। आईआईटी रुड़की जैसे संस्थान जब वैज्ञानिक शोध को नीति और समाज से जोड़ते हैं, तब ज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह जनजीवन की दिशा बदलने की क्षमता रखता है।

### वैश्विक संकट, स्थानीय प्रभाव

संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम **World Water Development Report** के अनुसार, दुनिया की करीब 40 प्रतिशत आबादी जल तनाव (**Water Stress**) का सामना कर रही है।

2050 तक वैश्विक जल मांग में 20.30 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जबकि जल स्रोत सिकुड़ रहे हैं। भारत में ही प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 1951 में जहां 5177 घन मीटर थी, वह अब घटकर 1486 घन मीटर रह गई है। जो जल संकट के गंभीर स्तर का संकेत है।

हिमालई क्षेत्र-जहां से भारत की अधिकांश नदियां निकलती हैं, जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। ग्लेशियरों का पिघलना, असमान वर्षा और चरम मौसमी घटनाएं आने वाले दशकों में गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन के जल संतुलन को अस्थिर कर सकती हैं। ऐसे में रुड़की जैसे संस्थानों की भूमिका केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और मानवीय दोनों है।

### विज्ञान से नीति तकः सेतु की दरकार

यह सच है कि जलवायु परिवर्तन की चर्चा हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर होती है, लेकिन 'जल प्रबंधन' अक्सर उन विमर्शों में पीछे रह जाता है। विज्ञान बताता है कि जलवायु परिवर्तन का पहला और सबसे प्रत्यक्ष असर 'जल चक्र' पर पड़ता है। वर्षा के पैटर्न, भूजल पुनर्भरण, नदी प्रवाह और बाढ़-सूखे के चक्र में। ऐसे में आवश्यकता है कि वैज्ञानिक डेटा, स्थानीय अनुभव और नीति निर्णय एक-दूसरे के पूरक बनें।

आईआईटी रुड़की में हुई यह सभा इसी दिशा में उठाया गया कदम है। जहां जल वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और सामाजिक संगठनों ने मिलकर 'विज्ञान से व्यवहार तक' के मॉडल पर चर्चा की। यह वह सेतु है जो शोध को नीति में और नीति को जमीन पर उतारने में मदद करता है।

### भारत की भूमिकाः नेतृत्व और जिम्मेदारी

भारत अब केवल जलवायु परिवर्तन से प्रभावित देश नहीं रहाय वह एक 'जल नीति मॉडल' पेश करने की स्थिति में है। गंगा स्वच्छता अभियान, अटल भूजल योजना, अमृत मिशन और राष्ट्रीय जल मिशन जैसे कार्यक्रमों ने यह दिखाया है कि सरकारी इच्छाशक्ति और वैज्ञानिक सहयोग साथ मिलें तो परिवर्तन संभव है। परंतु इन योजनाओं की स्थिरता तभी सुनिश्चित होगी जब वे समुदाय-केंद्रित हों। जल का विज्ञान केवल पाइपलाइन या जलाशय नहीं, बल्कि मानव आचरण का विज्ञान भी है।

### भविष्य की दिशाः लचीलापन और साझेदारी

आईआईटी रुड़की में आयोजित यह सम्मेलन इस विश्वास को मजबूत करता है कि विज्ञान में सहयोग ही भविष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। जब 49 देशों के वैज्ञानिक एक साथ यह सोचते हैं कि पानी को बचाने के लिए कैसे विज्ञान, तकनीक और नीति एक-दूसरे के साथ कदमताल करें, तो यह केवल सम्मेलन नहीं, बल्कि वैश्विक उम्मीद की शुरुआत है।जैसा कि आईआईटी रुड़की के निद. शक प्रो. के.के. पंत ने कहाः यह सभा नए विचारों, दीर्घकालिक साझेदारियों और परिवर्तनकारी नवाच. ारों को प्रेरित करेगी। यह वाक्य उस दिशा की ओर इशारा करता है जहां 'जल नीति' और 'जल विज्ञान' एक-दूसरे के पर्याय बन जाएं।

### निष्कर्षः अब समय जल संरक्षण का ही नहीं बल्कि सभ्यता निर्माण का है

दुनिया में आने वाले वर्षों में युद्धों का कारण शायद विचारधारा नहीं, जल की उपलब्धता होगी। ऐसे में भारत जैसे देश, जिनके पास वैज्ञानिक संसाधन और सामाजिक दृष्टि दोनों हैं, उन्हें विश्व समुदाय के लिए 'जल शांति' के मॉडल प्रस्तुत करने होंगे। रुड़की से उठी यह आवाज दरअसल एक वैश्विक चेतावनी है कि, अब समय केवल जल संरक्षण का नहीं, बल्कि जल-संवेदनशील सभ्यता निर्माण का है।

# मन की बात बोल देने वाला यंत्र...

*इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी-यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है, लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे, शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति-बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया, ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है*



हम मन ही मन कई बातें सोचते हैं लेकिन वे किसी को सुनाई नहीं पड़ती। क्या हो यदि मन की इन बातों को बाहर सुना जा सके? और हाल ही में सेल पत्रिका में प्रकाशित एक शोध पत्र में इसी करिश्मे का उल्लेख किया गया है। इसमें शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क में लगाए गए इम्प्लांट्स और डैटा विश्लेषण की मदद से चार लोगों की मन की बातों से सम्बंधित तंत्रिका संकेतों को अलग करने की जुगाड़ जमाई है। ये चारों व्यक्ति गति सम्बंधी दिक्कतों से पीड़ित थे जो उनकी बोलने की क्षमता को बाधित कर रही थी। शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस स्थापित किया जो उनके मन की बातों को वाणी दे सकता है। आप देख ही सकते हैं कि इसकी अपनी समस्याएं हैं-यह तकनीक किसी व्यक्ति के ऐसे विचारों को भी मुखर कर सकती है जो वह मन में ही रखना चाहे।

दरअसल शोध पत्र में इस बात को समझने की को. शिश हुई है कि आंतरिक वाणी कैसे निर्मित होती है। पिछले कुछ दशकों में इंजीनियर्स ऐसे लोगों के लिए कंप्यूटर सिस्टम्स बनाने में सफल हुए हैं जो लकवाग्रस्त होने की वजह से बोल नहीं पाते। इन सिस्टम्स में यह क्षमता है कि वे मस्तिष्क में चल रही गतिविधियों से शब्द निर्मित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ महीने पहले कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक यंत्र प्रस्तुत किया था जो एमायोट्रॉफिक लेटरल स्क्लेरोसिस (एएलएस) से पीड़ित एक व्यक्ति के दिमाग के मोटर कॉर्टेक्स में लगे इलेक्ट्रोड्स के संकेतों से शब्दों का सटीक व त्वरित पुनर्निर्माण कर सकता था।

इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी-यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है। लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है।

हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे। शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति-बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया। ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है। शोधकर्ताओं ने दो स्थितियों के रिकॉर्डिंग की तुलना की-एक तब जब सहभागी शब्दों को जोर से बोलने का प्रयास कर रहे थे और दूसरी तब जब वे मन ही मन वे शब्द सोच रहे थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन दोनों स्थितियों (बोलने का प्रयास और मन में सोचना यानी अंदरुनी वाणी) में इसी क्षेत्र की तंत्रिकाएं सक्रिय हुईं। अंदरुनी वार्तालाप पर ध्यान केंद्रित करके कुंज व साथियों ने एक एल्गोरिद्म विकसित किया जो इन संकेतों को ध्वनि में बदल सकता था। अब बारी आई इस मॉडल को प्रशिक्षित करने की। टीम ने सहभागियों से कहा कि वे सवा लाख शब्दों की एक सूची के शब्दों को मन ही मन बोलें और उनकी तंत्रिका गतिविधि को रिकॉर्ड कर लिया। फिर सहभागियों से कहा गया कि वे उन शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कुछ पूरे-पूरे वाक्य बोलने की कल्पना करें। परिणाम यह रहा कि उनका मॉडल अंदरुनी वार्तालाप को तत्काल वाक्यों में बदल सका। इसमें गलती होने की दर 26 से 54 प्रतिशत रही जो आज तक के प्रयासों में सबसे बेहतर है। हालांकि गलती की दर काफी अधिक है, लेकिन यह अध्ययन मनोगत वार्तालाप की अच्छी छानबीन है। वैसे इस तरह के अध्ययनों के साथ एक समस्या निजता सम्बंधी भी है। कहीं ऐसा न हो कि वाणी-बाधित लोगों के सारे विचार खुलकर उजागर होने लगें। एक विचार तो यह है कि सारे मनोगत विचारों को नहीं बल्कि सिर्फ उन विचारों को एल्गोरिद्म तक पहुंचने दिया जाए, जिन्हें बोलने की कोशिश वह व्यक्ति कर रहा हो। दूसरा विचार है कि कोई ऐसा पासवर्ड हो जो वह व्यक्ति सोचे तभी विचारों को ध्वनि में तबदील किया जाए। एक व्यक्ति के मामले में यह पासवर्ड वाली व्यवस्था 99 प्रतिशत बार कारगर रही। मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस के विकास के साथ ऐसी व्यवस्थाएं निजता को सुरक्षित रखने के लिए अधिका. धिक जरूरी होती जा रही हैं।

*(स्रोत फीचर्स)*

# करवाचौथ पर हर्बल प्रसाधनों से दें अपने चेहरे को चांद सा निखार



**शहनाज हुसैन**

करवा चौथ सभी विवाहित महिलाओं के सौंदर्य से सीधे तौर से जुड़ा है। इस विशेष उत्सव पर सुहागन महिलाएं सज धज कर पति की आरती उतार कर उनकी मंगल कामना करते हुए सूर्योदय से चंदर्योदय तक ब्रत रख कर उनके लम्बे स्वास्थ्य जीवन की कामना करती हैं। करवा चौथ के पवित्र दिन सभी बिबाहित महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी, बिन्दी तथा पूरे श्रृंगार के साथ दिन भर अपने जीवन साथी की लम्बी उम्र तथा सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए निर्जल व्रत तथा पूजा करती हैं। इस तयौहार में महिलाएं पुरे उत्साह से संजने संबरने के बाद अपने पति के लम्बी उम्र तथा स्वस्थ्य के लिए पुरे बिधि बिधानों के साथ ब्रत और पूजा करती हैं।

इस पवित्र दिन महिलाएं गणेश ,मां गौरी तथा चन्द्रमा की पूजा करती हैं। इस दिन महिलाओं में सजने संवरने का बहूत क्रेज होता है कहा जाता है की इस दिन व्रत रखने से महिलाओं के सौन्दर्य में चांद जैसा निखार उभरता है। हालांकि आजकल महिलाओं में सजने संव. रने में ब्यूटी पार्लर और मॉल का प्रचलन शुरू हो गया है लेकिन अगर आप सचमुच सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो ब्यूटी पार्लर के महंगे सौन्दर्य प्रसाधनों की बजाय घरेलू हर्बल प्रसाधनों के उपयोग से आप हुसन की मलिका बन सकती हैं तथा आप दमकी दमकी नजर आएंगी चाहे मौसम का मिजाज कूछ भी हो। करवा चौथ से पहले हाथों तथा पावों की सुंदरता पर फोक्स करने के बाद मेहंदी लगाएं। मेहंदी लगाने के दो घंटे बाद नीम्बू और चीनी के मिश्रण से इसे हटा दें। आप अपनी त्वचा को साफ करके उस पर सनस्क्रीन तथा माइस्चराइजर का प्रयोग कीजिए तैलीय त्वचा के लिए



एस्ट्रीजन्ट लोशन का प्रयोग करने के बाद पाऊडर लगाऐ। तैलीय त्वचा के लिए ज्यादा पाऊडर का प्रयोग मत करें तथा चेहरे के तैलीय भागों पर ही ध्यान दे। पूरे चेहरे तथा गर्दन पर हल्की गीली स्पंज से पाऊडर का प्रयोग करें। इससे चेहरे का सौंदर्य लम्बे समय तक बना रहता है। दो चम्मच गेहूं चोकर, एक चम्मच बादाम तेल, दही, शहद और गुलाब जल का पेस्ट बना कर इसे चेहरे पर लगा कर 20 मिनट बाद धोने से चेहरे की सुन्दरता निखर जाती है तथा चेहरा खिला खिला रहता है। अगर आप फाउंडेशन का प्रयोग करना चाहती है तो केवल जल आधरित फांउडेशन का ही प्रयोग करें तथा हल्के कवरेज के लिए एक या दो बूंद पानी प्रयोग में ला सकती है। फांउंडेंशन जितना भी सम्भव है आपकी त्वचा के रंग से मेल जोल खाती होनी चाहिए तथा उसके बाद पाऊडर का उपयोग करें। चेहरे पर प्रकृति आभा के लिए अच्छी तरह ब्लैड करके गालों को ब्लशर से चमकाए। आंखों की सुन्दरता के लिए अपनी पलकों को पेंसिल या काजल से चमकाऐं। आंखों पर कोमल प्रभाव के लिए पलकों पर भूरी या स्लेटी आई शैडों का प्रयोग करें तथा इसके बाद मस्कारा का प्रयोग करें जिससे आंखों पर चमक आ जाएगी तथा मेकअप में भारीपन की दिखावट भी नहीं होगी। मस्कारा को एक भारी मुलम्मे की बजाय दो हल्की तहों में करना चाहिए। पहला कोट करने के बाद इसे सूखने दें तथा इसे कंघी या ब्रश कर लें। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराईए। इसके बाद दूसरा कोट कीजिए तथा पहली प्रक्रिया को दोहराईए। लिपस्टिक की सुन्दरता के लिए घने गहरे रंगों का उपयोग न करें क्योंकि चमकीली लाईट में यह ज्यादा गहरे दिखाई देते हैं जिससे आपकी आभा पर विपरित

*इस पवित्र दिन महिलाएं गणेश ,मां गौरी तथा चन्द्रमा की पूजा करती हैं, इस दिन महिलाओं में सजने संवरने का बहूत क्रेज होता है कहा जाता है की इस दिन व्रत रखने से महिलाओं के सौन्दर्य में चांद जैसा निखार उभरता है।*

असर दिखाई देता है। सौंदर्य पर चार चांद लगाने के लिए गुलाबी, ताम्रवर्णी, कांस्यवर्णी रंगों का प्रयोग करें। नारंगी रंग या नारंगी शेड का प्रयोग फैशन का नया प्रचलन है। विकल्प के तौर पर आप हल्के बैंगनी तथा गुलाबी रंगों का प्रयोग भी कर सकतीं है लेकिन यह सभी रंग अत्याध्कि चमकीले नहीं होने चाहिए।

बिन्दी करवा चौथ के सौन्दर्य का अभिन्न अंग मानी जाती है। अपनी पोशाक से मिलती जुलतें रंग की सजावटी बिन्दी का प्रयोग करें। छोटे चमकीले रत्नों से जडित बिन्दी काफी आर्कषक लगती है। अपने सौन्दर्य में इत्रा लगाना कभी न भूलें क्योंकि यह सोने पर सुहागें का काम करता है उचित जीवनशैली अपनाने से चहेरे पर चमक तथा उत्साह की झलक मिलती है। तेजस्वी आभा के लिए उचित पोषाहार, व्यायाम पर्याप्त नींद, तथा विश्राम अत्यन्त आवश्यक है। त्यौहार से पहले हल्का व्यायाम तथा पैदल चलने की आदत डालनी चाहिए। पैदल चलना शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थ्य दोनों के लिए अत्यन्त लाभकारी साबित होता है। मन की शान्ति तथा स्वास्थ्य के लिए लम्बी गहरी सांसे सबसे ज्यादा लाभप्रद मानी जाती है। करवाचौथ के त्यौहार के दिन नई दुल्हनें तथा युवा महिलाएं दुल्हनों जैसी पोशाक पहनना पसन्द करती है जिससे उन्हें दुल्हन जैसा अहसास प्रदान होने का दुबारा अवसर मिलता है। आज के दौर में परम्पारिक लाल रंग के साथ-साथ गहरा गुलाबी रंग, हल्का गुलाबी रंग, हल्का नीला रंग, फिरोजी नीला रंग, हल्का बैंगनी रंग, स्ट्राबैरी, कांस्य, जामुनी रंग भी काफी आकर्षक तथा लोकप्रिय माने जाते है। युवा महिलाओं में दो रंगों का मिश्रण भी काफी लोकप्रिय माना जाता है।

ड्रैस के तौर पर लैहंगा चोली काफी लोकप्रिय हैं या महिलाएं घने अलंकृत कुर्ते के साथ सलवार-कुर्ते का प्रयोग भी कर सकती है। साड़ी के परम्पारिक तरीके से पहनने की बजाय इस तरीके से पहनना चाहिए ताकि सजावटी चोली तथा सघन आंचल की खूबसूरती साफ तौर पर झलकती रहे। सिली हुई साड़ियों का नया ट्रैंड चल पड़ा है जिसे आच्छादित नहीं करना पड़ता। करवाचौथ में विवाह की तरह विभिन्न आर्कषक पौशाकें पहनी जा सकती है। इस त्यौहार में जरदोजी, जाली क्रेप तथा पतली रेशमी कपड़े वाली पौशाकों को उपयोग में लाया जा सकता है। इस त्यौहार में हीरे सहित सफेद या रंगीन रत्नों से जडित आभूषण प्रयोग में लाए जाते हैं। परम्परा पौशाक में आभूषण भी परम्परागत आकर्षक दिखाई देने चाहिए।

### रूसी तेल खरीद पर बोले ट्रम्प के व्यापार सलाहकार

# भारत अपने फैसले खुद लेता है, हम निर्देश नहीं दे सकते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और राष्ट्रपति ट्रम्प के व्यापार सलाहकार जैमीसन ग्रीर ने कहा कि भारत अपने फैसले खुद लेता और अमेरिका दूसरे देशों को यह निर्देश नहीं दे रहा है कि वे किसके साथ संबंध रखें।

न्यूयार्क के इकोनामिक क्लब द्वारा आयोजित एक बातचीत के दौरान ग्रीर ने कहा कि भारत ने हमेशा इतना रूसी तेल नहीं खरीदा है। रूस के साथ उनके हमेशा मजबूत संबंध रहे हैं, लेकिन पिछले दो या तीन वर्षों में उन्होंने न केवल उपभोग के लिए, बल्कि रिफाइनिंग और बेचने के लिए भी रूस से कम कीमत पर तेल खरीदना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा खरीद में विविधता लाने लगा है। जैमीसन ग्रीर ने कहा कि ऐसा नहीं है कि रूसी तेल भारतीय अर्थव्यवस्था का कोई आधार है। हमारा मानना है कि वे अपनी तेल खरीद में विविधता ला सकते हैं और उन्हें ऐसा करना चाहिए। सच कहूं तो, मैं पहले से ही देख सकता हूं कि उन्होंने अपनी तेल खरीद में विविधता लानी शुरू कर दी है। मुझे लगता है कि वे इसे समझते हैं।

ग्रीर ने आगे कहा कि जाहिर है कि वे (भारत) एक संप्रभु देश हैं। वे अपने फैसलों को नियंत्रित करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ भी शामिल है। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि रूसी तेल खरीदकर चीन और भारत यूक्रेन युद्ध को फंड किया जा रहा है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ के असर के बारे में पूछे जाने पर ग्रीर ने कहा कि भारत पर ए शुल्क कुछ हफ्तों से लागू हैं। जैमीसन ग्रीर ने कहा, श्भारत एक ऐसा देश है, जिससे हम 40 अरब अमेरिकी डॉलर का सामान ज्यादा खरीदते हैं। इसलिए उनका अमेरिका के साथ पहले से ही एक बेहतरीन समझौता है। जितना हम उन्हें बेचते हैं, वे उससे कहीं ज्यादा बेचते हैं। ऐसे में भारत व्यवहारिक रुख अपना रहा है।श ग्रीर ने जोर देकर कहा कि ट्रम्प रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि व्लादिमीर पुतिन पर जितना हो सके उतना दबाव पड़े। हमने अपने यूरोपीय सहयोगियों से भी बात की है, जिनमें से कुछ आज भी रूसी तेल खरीद रहे हैं, जो कि एक अजीब बात है। इसलिए हम इस बारे में सिर्फ भारतीयों से ही बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि हमने चीनियों से भी बात की है। हमें बस इस युद्ध को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, और अगर युद्ध समाप्त हो जाता है, तो स्थिरता आएगी, तो आप रूसी तेल के बारे में फिर से बातचीत कर सकते हैं।

## गूगल को झटका, सुप्रीम कोर्ट का पुराना आदेश बरकरार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक साल पुराने उस आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसके तहत गूगल को अपने एंड्राइड एप स्टोर में बड़े बदलाव करने थे। इससे कंपनी को शीघ्र ही प्ले स्टोर में सुधार लागू करना होगा, जो अमेरिका में अधिकांश गैर-एपल स्मार्टफोन के लिए एंड्राइड एप्स का प्लेटफार्म है। आदेश का मकसद गूगल के प्ले स्टोर के विरुद्ध प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और उसे अवैध एकाधिकार से रोकना है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मतलब है कि गूगल को 22 अक्तूबर तक अपने प्ले स्टोर में उन एप्स के लिए बदलाव शुरू करना होगा जो उस एंड्राइड साफ्टवेयर पर चलते हैं। जज जेम्स डोनाटो ने कहा, गूगल द्वारा बनाई गई डिजिटल दीवारों ने कंपनी को अरबों का वार्षिक लाभ दिया। विशेषकर इन-एप लेनदेन पर 15-30 प्रतिशत शुल्क लेने की प्रणाली के जरिए गूगल ने अपने एकाधिकार का फायदा उठाया।

# हमारे मिलिट्री एक्शन से मोदी की लोकप्रियता घटी: पाक

**रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा: बिहार में चुनाव के कारण भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बिहार चुनाव की वजह से भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने यह बयान पाकिस्तानी न्यूज चौनल समा टीवी पर बुधवार को दिया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि मई में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई से मोदी की लोकप्रियता घटी है।

मोदी के समर्थक भी अब उनकी आलोचना कर रहे हैं। आसिफ ने संघर्ष के दौरान 6 भारतीय फाइटर जेट मार गिराने का दावा किया। आसिफ ने दावा किया कि पहले जो देश भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान न्यूट्रल रहते थे, वे अब हमारे खेमे में शामिल हो गए हैं और जो भारत का समर्थन कर रहे थे, वे अब चुप हैं। यह बात भारत को सालों तक परेशान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सिर्फ औरंगजेब के समय ही एकजुट था। इतिहास बताता है कि औरंगजेब की हुकूमत के अलावा भारत कभी पूरी तरह एकजुट नहीं रहा। पाकिस्तान अल्लाह के नाम पर बना है। हम घर में आपस में लड़ते हैं, लेकिन भारत से लड़ाई होने पर एक हो जाते हैं।

ख्वाजा आसिफ ने तीन दिन पहले भारत को धमकी देते हुए कहा था कि अब की बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया ग पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है। आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके। पाकिस्तान की तरफ से बीते कुछ दिनों से लगातार भड़काऊ बयानबाजी की जा रही है। दो दिन पहले पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता जनरल अहमद चौधरी ने कहा था कि भारत के खिलाफ संघर्ष में चीनी हथियारों ने मई में बेहतरीन काम किया था। उन्होंने कहा था कि हम हर तरह की तकनीक के लिए खुले हैं। चीनी तकनीक ने बहुत अच्छा काम किया। पाकिस्तान ने 7 भारतीय फाइटर जेट मार गिराए थे, जबकि भारत ने एक भी पाकिस्तानी विमान नहीं गिराया। स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुता. बिक, 2020 से 2024 तक पाकिस्तान के हथियारों का 81 प्रतिशत चीन से आया। पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा हथियार ग्राहक है।

## रूस की तरफ से जंग लड़ रहे भारतीय छात्र का सरेंडर

**कीव।** रूस की तरफ से जंग लड़ रहे 22 साल के एक भारतीय छात्र माजोती साहिल मोहम्मद हुसैन ने यूक्रेन के सामने सरेंडर कर दिया। माजोती गुजरात के मोरबी शहर का रहने वाला है। वो पढ़ाई करने रूस गया था।

कीव इंडिपेन्डेंट के मुता. बिक, यूक्रेन की 63वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड ने मंगलवार को वीडियो जारी कर बताया कि माजोती को ड्रग्स केस में 7 साल जेल हुई थी। जेल से बचने के लिए उसे रूसी सेना में शामिल होने का ऑफर मिला था। माजा. ेती ने वीडियो में कहा कि वह जेल नहीं जाना चाहता था, इसलिए उसने रूसी सेना का कान्ट्रैक्ट साइन कर लिया। उसे सिर्फ 16 दिन की ट्रेनिंग दी गई और 1 अक्टूबर को पहली बार युद्ध में भेजा गया। तीन दिन बाद अपने कमांडर से झगड़े के बाद उसने यूक्रेनी सेना के सामने सरेंडर कर दिया। छात्र ने बताया- मैंने हथियार डाल दिए और कहा कि मुझे लड़ना नहीं है, मुझे मदद चाहिए। उसने ए सभी बातें रूसी भाषा में कही। माजोती ने कहा कि वह रूस वापस नहीं जाना चाहता। उसने यह भी बताया कि उसे सेना में शामिल होने का पैसा देने का वादा किया गया था, लेकिन उसे कुछ नहीं मिला। यूक्रेन ने कई विदेशी सैनिकों को रूस के लिए लड़ते पकड़ा है।

# तालिबान के हमले में 11 पाक सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ( टीटीपी) के हमले में मंगलवार रात को 11 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। इसमें 2 अधिकारी और 9 सैनिक शामिल हैं। अफगानिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी सेना टीटीपी के खिलाफ ऑपरेशन चला रही थी।

इस दौरान दोनों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें टीटीपी के 19 लड़ाके भी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन ने आरोप लगाया कि हमलावरों को भारत का समर्थन मिल रहा है। सेना ने दावा किया कि वह इन्हें खत्म करने में जुटी है। पिछले कुछ महीनों से टीटीपी ने पाकिस्तान में सुरक्षा बलों पर हमले तेज कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिक टीटीपी के खिलाफ कुर्रम जिले में ऑपरेशन को अंजाम देने पहुंचे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर बम से हमला किया और फिर फायरिंग की। रायटर्स को भेजे गए एक बयान में पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उनके लड़ाकों ने काफिले को निशाना बनाया। पाकिस्तानी सेना ने अपने बयान में कहा कि उन्हें कुर्रम में इंडियन प्राक्सी संगठन फितना अल-ख्वारिज से जुड़े आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद ऑपरेशन चलाया गया। पाकिस्तानी सेना टीटीपी को फितना अल-ख्वारिज बुलाती है। यह एक अरबी शब्द है। फितना का मतलब 'उपद्रवी' और अल-ख्वारिज का मतलब 'चरमपंथ के रास्ते पर चले जाने वाले लोग' होते हैं। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। टीटीपी को पिछले बारह साल में पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है।

पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। हालांकि तालिबान दावा करता है कि वह टीटीपी का समर्थन नहीं करता।पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले का समर्थन किया। इससे नाराज होकर 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। टीटीपी ने कबायली इलाकों में शरिया कानून लागू किया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान में विदेशी सैनिकों पर हमले किए। टीटीपी ने यूनिवर्सिटीज, धार्मिक नेताओं और नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाया और यहां तक कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में भी हमले किए।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

